रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 09 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-108 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार सुबह एक संदिग्ध घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस स्टेशन रहमबल में पुलिस को सूचना मिली कि विभाग के वाहन में सोपोर से रियासी जिले के तलवाड़ा ट्रेनिंग सेंटर की ओर जा रहे दो पुलिसकर्मी गोलीबारी के कारण घायल हो गए हैं। बयान में कहा गया, 'शुरुआती जांच से पता चला है कि यह हत्या और उसके बाद आत्महत्या का मामला है।' इस बीच, पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी है।

### आंध्र के पलनाडु में कार के पेड़ से टकराने से चार की मौत

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में एक कार के पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि मृतकों में से एक तुल्लुरी सुरेश ने एक नई कार खरीदी थी। वह और उनके परिवार के सदस्य अपनी मन्नत पूरी करने के लिए तेलंगाना के कोंडागुट्टा अंजनेय स्वामी मंदिर गए थे। पूजा करने के बाद जब वे नेल्लोर जिले के कवाली मंडल में अपने पैतृक गांव सिरिपुरम वापस जा रहे थे, तो पिदुगुरल्ला मंडल के ब्राह्मणपल्ली गांव में उनकी कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई, जिससे तुल्लुरी सुरेश, टी वनिता, योगुलु और वेंकटेश्वरुलु की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को पिदुगुराल्ला के जीजीएच में भर्ती कराया गया। पलनाडु जिले के एसपी श्रीनिवास राव ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया।

### देहरादून पुलिस की हरिद्वार में बदमाशों से मुठभेड़

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जनपद पुलिस की मध्य रात्रि को हरिद्वार में बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि करीब 01.00 बजे रात्रि में जनपद पुलिस द्वारा रायवाला क्षेत्र मैं हुई चोरी की घटना के संदिग्ध बदमाश व संदिग्ध एक आई10 कार का रुड़की की ओर से हरिद्वार की तरफ पीछा किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि जनपद हरिद्वार के थाना बहादराबाद पुलिस को उक्त गाड़ी की चेकिंग व रोकने के लिए सूचना दी गई। सूचना पर शांतरशाह चौकी क्षेत्र अंतर्गत, आरोग्यम के पास बहादराबाद पुलिस ने चेकिंग को जब उक्त कार रोकने का प्रयास किया गया तो वह गाड़ी बड़ेरी की ओर भागी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को 549 करोड़ रूपए के निर्माण कार्यों की देंगे सौगात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को 549 करोड़ 26 लाख रूपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। चिरमिरी के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय चिरमिरी में निर्मित जिला चिकित्सालय को लोकार्पित करेंगे। राज्य शासन द्वारा चिरमिरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जिला चिकित्सालय के रूप में उन्नयन कर आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण किया गया है। यह जिला चिकित्सालय 100 बिस्तरीय है। यहां शासन द्वारा 8 विशेषज्ञ चित्सिकों तथा 10 मेडिकल आफिसरों एवं पर्याप्त संख्या में पैरा मेडिकल टीम पदस्थ की गई है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि एवं सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक रेणुका सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, महापौर चिरमिरी कंचन जायसवावल सहित



अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 31 करोड़ 43 लाख 46 हजार रूपए की लागत से निर्मित 141 कार्यों का लोकार्पण तथा 517 करोड़ 82 लाख 81 हजार रूपए की लागत से निर्मित होने वाले 306 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री साय इस मौके पर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 4002 हितग्राहियों को सामग्री एवं राशि का वितरण करेंगे। लाभान्वितों में किसान, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, दिव्यांगजन, मछुआरे, वनाधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही आदि शामिल हैं।

## सीएम आज सरगुजा जिले को देंगे 495 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा जिले को 495 करोड़ 23 लाख की लागत वाले विकास कार्यों की सौगात देंगे, जिसमें 154 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत से निर्मित 145 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 340 करोड़ 76 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले 1047 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। कार्यक्रम में वित्त एवं प्रभारी मंत्री सरगुजा ओ.पी. चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, अध्यक्ष राज्य युवा आयोग विश्व विजय सिंह तोमर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर सरगुजा जिले में मुख्यमंत्री अन्नकोष योजना का भी शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरगुजा में शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ को बेहतर बनाना है, ताकि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लोकार्पित किए जाने वाले कार्यों में मुख्य रूप से 132 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से निर्मित 10 सड़कें, 3 करोड़ 59 लाख की लागत से जल जीवन मिशन के तहत पांच ग्रामों में नल जल प्रदाय योजना तथा नगर निगम अम्बिकापुर में 3 करोड़ 52 लाख की लागत से निर्मित सर्व समाज मांगलिक भवन शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर अंबिकापुर में 123 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से 46 एमएलडी क्षमता के 3 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 55 करोड़ 45 लाख की लागत से बनने वाली 15 सड़कों, 55 करोड़ 5 लाख की लागत से 16 ग्राम पंचायतों में निर्मित होने वाले स्टॉप डेम, एनीकट, एवं नहर नवीनीकरण कार्य, विभिन्न गांवों में 28 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से 243 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण तथा नगरीय निकायों में 5 करोड़ 92 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड, नाली, सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

## किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक ओर दिल्ली कूच स्थगित कर दिया है। वहीं किसान आंदोलन के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पहले एक याचिका दाखिल की गई थी, इसमें शंभू बॉर्डर समेत सभी हाईवे को खोलने के निर्देश केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सुनवाई करेगा। याचिका में कहा गया है कि इस तरह हाईवे को अवरुद्ध करना लोगों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। साथ ही ये नेशनल हाईवे एक्ट और भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस के तहत भी अपराध है। ऐसे में हाईवे को रोकने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। याचिका में गुहार लगाई गई है कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को प्रदर्शनकारी किसानों को हाइवे से हटाने के निर्देश दे। शंभू बॉर्डर से किसानों को हटाने के संबंध में 7 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका में यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है कि आंदोलनकारी किसानों द्वारा सभी राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ट्रैक अवरुद्ध न किए जाएं और राज्य और केंद्र को आम जनता के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करना चाहिए। बता दें कि शंभू बॉर्डर से 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच के इरादे से आगे बढ़ा, लेकिन हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने दिल्ली के लिए पैदल मार्च स्थगित कर दिया। पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि कम से कम 8 किसान घायल हुए हैं और उनमें से एक को चंडीगढ़ के पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर) ले जाया गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमने 'जत्था' (101 किसानों का समूह) वापस बुला लिया है।

## इंडिया समूह का नेतृत्व करने में सक्षम हैं ममता : पवार

पायनियर संवाददाता < मुंबई
www.dailypioneer.com



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इंडिया समूह का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। पवार ने कोल्हापुर में शनिवार को पत्रकारों से कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी मंशा दिखाने का अधिकार है। इंडिया समूह के भीतर कई नेताओं ने भी बनर्जी के बयान का स्वागत किया है। राकांपा की नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि वह बनर्जी की अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाने की इच्छा से प्रसन्न हैं। इस पर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना के सांसद उदय सावंत ने कहा कि यह कांग्रेस का 'अपमान' है।

## मोदी ने की पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेटिकन में भारतीय कैथोलिक पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना की है। मोदी ने इसे भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात बताते हुए जॉर्ज जैकब कूवाकड के भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पादरी कूवाकड को वेटिकन में आयोजित एक समारोह में कार्डिनल की उपाधि प्रदान की गयी।

## बंगलादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में मुरादाबाद में सड़कों पर उतरा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता < मुरादाबाद
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में बंगलादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाकर दमन करने की घटनाओं के विरोध में सड़कों पर जन आक्रोश दिखाई दिया। बंगलादेश में चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं के मंदिर जलाने और देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को नष्ट किए जाने एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतर आए। हिन्दू धर्म रक्षा समिति के आह्वान पर हजारों की संख्या में आक्रोशित लोग सिविल लाइन्स स्थित अम्बेडकर पार्क में जुटे लोगों ने बंगलादेश पर कारगर दबाव बनाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर इस बारे में अविलम्ब कड़े कदम उठाने की मांग की।

## बीएसएफ ने सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को किया सशक्त : शाह

पायनियर संवाददाता < जोधपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों का अह्म योगदान है और छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही बीएसफने देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को मजबूत कर सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है। शाह जोधपुर में बीएसफ के 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। शाह ने कहा कि कहा कि एक दिसंबर 1965 से लेकर निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा कि छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा ज़रूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल 193 बटालियन तक पहुंच गया है। शाह ने कहा कि 2 लाख 70 हज़ार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें 1 महावीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं। शाह ने कहा कि कई साल तक सीमा सुरक्षा की हमारी नीति धुंधली सी थी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में सीमा प्रबंधन पर इंटीग्रेटेड अप्रोच के साथ एक सीमा एक बल की नीति को नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद और ज़्यादा सुस्पष्ट किया गया है। मोदी के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में मज़बूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, गांवों में कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और सीमा पर स्थित देश के प्रथम गांवों में रेल, रोड़, वाटर-वे और तकनीक की दृष्टि से अच्छी कनेक्टिविटी स्थापित करने का काम किया गया है। शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से कानूनी व्यापार और लोगों के बीच संपर्क को भी आगे बढ़ाया है।

## चीन मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा कराये सरकार : कांग्रेस

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में संसद में जो बयान दिया है, उसमें स्पष्टीकरण का मौका नहीं दिया गया है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। पार्टी ने कहा है कि चीन के साथ सीमा पर विवाद की जो स्थिति है, उसमें चीन की तरफ से किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। हाल के वर्षों में चीन के साथ हमारी आर्थिक निर्भरता बढ़ी है, इसलिए संसद में इस मुद्दे पर रणनीतिक और आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार को चर्चा करानी चाहिए और जो सवाल इस मुद्दे पर आए उन पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा, हमें विदेश मंत्री के बयान पर किसी भी तरह के स्पष्टीकरण की मांग नहीं रखने दी गई थी। संसद को चीन के साथ सीमा पर चुनौतियों से निपटने के सामूहिक संकल्प पर बात करने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2020 को चीन को लेकर बयान दिया था कि हमारी सीमा में 'ना कोई घुस आया है और न ही कोई घुसा हुआ है' यह बयान असत्य था जिससे भारत की स्थिति कमजोर हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने इस साल अक्टूबर में एक बयान में कहा था कि हम 2020 से पूर्व की स्थिति में वापस आना चाहते हैं और उसके बाद ही सैनिकों की वापसी, सीमा पर तनाव कम करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 'नॉर्मल मैनेजमेंट' की बात करेंगे। विदेश मंत्री ने संसद के इसी सत्र में बयान दिया है कि चीन के साथ हाल में हुई भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की 32वीं बैठक में हुई बातचीत 2020 की स्थिति का समाधान करने वाली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि चीन के साथ सीमा पर विवाद को लेकर विदेश मंत्री ने जो बयान दिया है।

## सीबीआई ने तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक को गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सीजीपीएससी घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पीएससी की परीक्षा कंट्रोलर रही राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर आरती वासनिक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। पीएससी घोटाले के समय आरती वासनिक परीक्षा नियंत्रक रही। पीएससी घोटाले के एफआईआर में आरती वासनिक का नाम है। दो दिन पहले सीबीआई टीम ने आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित घर पर छापा मारा था। जाहिर है, इससे पहले सीबीआई ने पीएससी से पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार किया था। पीएससी घोटाले में सीबीआई की ये दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है। आरती वासनिक छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा की 2008 बैच की अफसर है। उनकी गिरफ्तारी से हड़कंप मच गया है। पीएससी 2021 की परीक्षा में व्यापक धांधली हुई थी। पीएससी के चेयरमैन के नाते-रिश्तेदारों के अलावे बड़ी संख्या में पैसे लेकर भर्तियां की गई, ऐसा आरोप है।

## धामी ने कई योजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास

एजेंसी < रूद्रप्रयाग/देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्र रूद्रप्रयाग जनपद के विकासखंड अगस्त्यमुनि अंतर्गत, स्यालसौड़ में आयोजित कृषि, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेले में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस अवसर पर 47.43 करोड़ रुपए की 18 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 1.23 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में धामी ने घोषणा की कि चोपता के चांदधार एवं गैंठाणा बांगर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जाएगा। स्वांरीग्वास से कार्तिक स्वामी तक आठ किमी मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। अंधेरगढ़ी-तलसारी मोटर मार्ग के जैचोंरा से ऐटा पवननगर, थापली व कमसाल मोटर मार्ग के द्वितीय चरण के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्तिक स्वामी के कनकचौरी में कार पार्किंग का निर्माण कार्य किया जाएगा एवं चिनग्वाड़ मोटर मार्ग से पाबौ धनपुर मोटर मार्ग तक मिसिंग लिंक का निर्माण कार्य किया जाएगा। धामी ने उपस्थित जनसमुदाय का अभिनंदन करते हुए कहा कि विधान सभा केदारनाथ की जनता ने जिस तरह अपार समर्थन देकर आशा नौटियाल को विधानसभा में बतौर सदस्य निर्वाचित करने का कार्य किया है, उसी तरह राज्य सरकार द्वारा भी इस क्षेत्र के विकास के कार्यों को गति देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार चारधाम यात्रा को अनवरत चलाने का प्रयास कर रही है।

## दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही पर हमने एक रास्ता चुन लिया है

# भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता : धनखड़

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आधुनिक भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए कुछ लोगों को अपने ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता है। धनखड़ ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक आकलन कर रही है और इसे आकर्षक स्थान बता रही हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दस वर्ष में असाधारण समय देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति और अविश्वसनीय संस्थागत ढाँचा भारत को मिल रहा है। भारत की आवाज बुलंदी पर है। उन्होंने कहा, दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही पर हमने एक रास्ता चुन लिया है, वह रास्ता चुन लिया है। वह वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना का है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। विकसित भारत हमारे सामने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्ति में गीता का ज्ञान ध्यान रखना पड़ेगा। धनखड़ ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार 700 डालर तक पहुँच गया है। पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या दो करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा, आज भी भारत में कुछ अज्ञानी हैं। जिनको भारत के वास्तविक स्वरूप का नहीं पता है। उनको अपनी ज्ञानेंद्रियां खोलनी चाहिए, उनको देखना चाहिए कि आज का भारत वह भारत है जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे संस्थान उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लगातार निवेश बढ़ रहा है और नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया दंग रह गई है। कहते थे भारत के अंदर लोग शिक्षित नहीं है। आज के दिन जो आदमी कम शिक्षित व्यक्ति मोबाइल का उपयोग शिक्षित से ज़्यादा करता है। और यही कारण है, कि यदि अगर पर वक्त के हिसाब से इंटरनेट का उपभोग देखें तो हम चीन और जापान से भी आगे हैं। आज के दिन, हमारा लेन देन, पारदर्शिता से हो रहा है, बिजली के बिल के लिए लाइन की दरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज सार्थक संवाद की आवश्यकता है। मतभेद विवाद नहीं बनना चाहिए। मतभेद होंगे, लोगों का दिमाग अलग-अलग तरीके से चलेगा।

## दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने की साजिश भाजपा ने रची : सिसोदिया

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने का आरोप लगते हुए रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा फिर अपनी गंदी राजनीति पर उतारू हो गई है। 'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के एक पुराने ट्वीट को साझा करते हुए कहा, हरदीप पुरी का ट्वीट इस बात का सबूत है कि दिल्ली में रोहिंग्या को लाने और बसाने की साजिश भाजपा ने खुद रची। इन्हीं लोगों ने उन्हें ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा और सभी सुविधाएं देकर यहां बसाया। सामने से नफरत फैलाओ और पीछे से रोहिंग्या को बसाओ, यही है भाजपा की गंदी और धोखेबाज़ राजनीति। दिल्लीवालों को गुमराह करना बंद करो! आपकी दोहरी चालें अब नहीं चलेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, भाजपा वालों को अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने की इतनी जल्दी थी कि यह याद नहीं रहा कि रोहिंग्या को दिल्ली में कौन लाया, किसने बसाया, कहां बसाया! लेकिन सच्चाई की ख़ास बात है कि वो सामने आ ही जाती है। और आज दिल्लीवालों के सामने सच्चाई हरदीप पूरी के इस ट्वीट से आ गई है। 'आप'के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा,हरदीप पूरी का ट्वीट पढ़िए।



# मोहन यादव ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर शुरू किया अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि पल्स पोलियो के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। भारत पोलियो मुक्त देशों में से एक है परन्तु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। डॉ यादव, मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पल्स पोलियो के राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चें जुड़वा बहनें अर्निका और अनाया राय, कनिष्का, नियति, अर्थ और समर्थ को दवा पिलाई। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य संदीप यादव,



डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित गणमान्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की सार्थकता तभी है जब कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए। उच्चतम रिहायशी इलाकों से ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी और झुग्गी बस्तियों में भी पोलियो की दवा पिलाने के लिए मोबाइल टीमें घर-घर, गली-गली जाकर अपने लक्ष्य को पूरा करेंगी। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि सजग माता-पिता होने का परिचय दें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क पल्स पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत बरकरार की भावना से प्रदेश के 16 जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर विश्व स्तरीय विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा के प्रति प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। डॉ यादव ने कहा कि पोलियो लाइलाज बीमारी है, जो बच्चों में दिव्यांगता का प्रमुख कारण है। बच्चों को 'डबल सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए दो बूंद जिन्दगी की खुराक हर बार पिलाई जाना जरुरी है। पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत वर्ष 1995 से हुई थी, जिसका उद्देश्य भारत को सतत पोलियो मुक्त बनाए रखना है। परन्तु कुछ सीमावर्ती देशों में पोलियो के पॉजिटिव प्रकरण सामने आए है। इन्हें देखते हुए हमें पोलियो के विरुद्ध गंभीरता से लड़ना होगा। हमने अधिक संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर, योजनाबद्ध रूप से पल्स पोलियो अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इन्दौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा में अभियान का अतिरिक्त चरण आयोजित किया गया हैं।

# 'नर्मदापुरम कॉन्क्लेव' में 31 हजार आठ सौ करोड़ रुपयों के निवेश प्रस्ताव


पायनियर संवाददाता ➤ नर्मदापुरम / भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी के तट पर बसे नर्मदापुरम जिले में आज संपन्न 'रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' में निवेशकों की ओर से 31 हजार आठ करोड़ रुपयों के निवेश संबंधी प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कॉन्क्लेव के बाद नर्मदापुरम में मीडिया से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में एक वर्ष के दौरान प्रत्येक संभाग में उद्योग कॉन्क्लेव आयोजित की गयी और इसी क्रम में नर्मदापुरम में संपन्न कॉन्क्लेव छठवीं थी। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदेश में निवेश के प्रस्ताव आए हैं। नर्मदापुरम में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 31 हजार 800 करोड़ रुपए के प्रस्ताव मिले हैं। सिर्फ इंग्लैंड से आए एक निवेशक ने उत्साहपूर्वक पांच सौ करोड़ रुपए के निवेश की मंशा व्यक्त की है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना प्रमुख लक्ष्य है। इसके साथ ही प्रदेश की युवा शक्ति का उपयोग करना है। प्रदेश में सभी क्षेत्रों (सेक्टर्स) में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क को केंद्र सरकार ने स्वर्ण पदक प्रदान किया। प्रदेश में संभाग स्तर पर हुई कॉन्क्लेव सम्पूर्ण प्रदेश के विकास का कार्य कर रही हैं। निवेश वृद्धि से रोजगार के अवसर बढ़ाकर युवाओं, महिलाओं, किसानों का जीवन बदलने का कार्य हमारी प्राथमिकता है और इसमें अच्छी सफलता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ-2028 के आयोजन को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा। वास्तव में यह वैश्विक आयोजन है। लगभग 60 वर्ष बाद ऐसा होगा, जब पूरी तरह क्षिप्रा जल से श्रद्धालुओं द्वारा स्नान का पुण्य प्राप्त किया जाएगा। क्षिप्रा पूरी तरह गंदगी से मुक्त बने और प्रवाहित निर्मल जल सिंहस्थ के लिए उपलब्ध हो, इस दृष्टि से योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को यह सौभाग्य प्राप्त है कि यहां नर्मदा (रेवा) और सोन नदियों का भी उदगम है। कई पवित्र नदियों का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में साधु-संतों को स्थाई आश्रम और धर्मशाला आदि के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई है। उज्जैन उत्कर्ष की नगरी है। सिंहस्थ-2028 के लिए क्षिप्रा नदी में निर्मल जल प्रवाह सुनिश्चित किया जा रहा है। घाटों के विकास और अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में वह सभी उपलब्धियां हासिल करेगा, जो राज्य को देश में प्रथम स्थिति में ला सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र प्रगति के नए आयाम रच रहा है। स्वामी विवेकानंद की वह भविष्यवाणी साकार होती दिख रही है कि अगली सदी भारत की होगी। गत एक वर्ष के कार्यो की प्रमुख उपलब्धियों के सवाल के जवाब में डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वन,जल,खनिज,जन सम्पदा और बौद्धिक सम्पदा है। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और उल्लेखनीय कृषि उत्पादन के बाद अब आवश्यकता किसानों की दशा को पूरी तरह बदलने की है। इसके लिए कृषि आधारित उद्योगों की श्रंखला प्रारंभ होगी। अधोसंरचना मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। मेट्रो सिटी की कल्पना साकार की गई है। बड़े नगरों और जिला मुख्यालयों में 'गीता भवन' शुरू होंगे।

# हावड़ा ब्रिज की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटिश फर्म प्रस्तुत करेगी रिपोर्ट

एजेंसी ➤ कोलकाता
www.dailypioneer.com

हावड़ा ब्रिज की देखभाल के लिए अधिकृत बंदरगाह प्राधिकरण को जल्द ही एक व्यापक अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त करने की उम्मीद है, जिससे 81 वर्ष पुराने इस पुल की दीर्घकालिक टिकाऊपन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह पुल 300 से अधिक वर्ष पुराने इस शहर को दुनिया के बाकी हिस्सों से सतह परिवहन द्वारा जोड़ता है। हावड़ा ब्रिज का इंजीनियरिंग अद्भुत है, जो ब्रिटिश युग की एक महत्वपूर्ण विरासत है। यह पुल वर्ष 1943 में बनाया गया था और तब से यह शहर के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करने में मदद कर रहा है। पुल की देखभाल और रखरखाव के लिए, बंदरगाह प्राधिकरण नियमित रूप से इसकी स्थिति की निगरानी करता है और आवश्यक मरम्मत और रखरखाव कार्य करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पुल की सुरक्षा और टिकाऊपन बनी रहे, प्राधिकरण ने एक व्यापक स्वास्थ्य अध्ययन रिपोर्ट के लिए कहा है। श्यामा



प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, पूर्व में कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट, और भारतीय रेल मंत्रालय के अंतर्गत राइट्स ने मैसर्स रेंडेल (पूर्व में मैसर्स रेंडेल, पामर एंड ट्राइटन, यूके) को एक अध्ययन करने और उचित स्वास्थ्य और इसकी स्थायित्व को बनाए रखने के लिए एक व्यापक रिपोर्ट प्रदान करने के लिए काम पर रखा है जिससे इस तरह की वास्तुशिल्प भव्यता को संरक्षित किया जा सके। रेंडेल के विशेषज्ञ हावड़ा ब्रिज के पूरे खंड का निरीक्षण कर रहे हैं, जो 468 फुट लंबा है और कोलकाता शहर को पश्चिम में हावड़ा जिले के मुख्य रेलवे नेटवर्क से जोड़ता है। हावड़ा ब्रिज का निर्माण, जिसे अब रवीन्द्र सेतु कहा जाता है, नट और बोल्ट के बजाय रिवेट्स का उपयोग करके बनाया गया है। यह विशेषता इसे देश के दूसरे पुल से अलग बनाती है। देश की इस अद्भुत कृति को दो लोगों के रचनात्मक दिमागों द्वारा डिज़ाइन किया गया था, जिनमें से एक वाल्टन थे, जो एम/एस रेंडेल, पामर और ट्राइटन के सदस्य थे। इसके अलावा, ब्रैथवेट बर्न और जेसोप कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी ने पुल के निर्माण के पीछे की योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका निर्माण 1936 में शुरू हुआ था और 1942 में पूरा हुआ था। इसका उद्घाटन तीन फरवरी, 1943 को किया गया था। यह पुल न केवल एक इंजीनियरिंग अद्भुत है, बल्कि यह एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक भी है। मेसर्स रेंडेल, लंदन के विशेषज्ञ, माइकल जे किंग, सलाहकार और उमर नबील, ब्रिजेस टीम लीडर और सहायक तकनीकी निदेशक, मेसर्स राइट्स के प्रतिनिधि, मुख्य अभियंता, एसएमपी, कोलकाता के साथ एसएमपी अध्यक्ष रथेंद्र रमन के साथ सेतु के स्वास्थ्य परीक्षण की प्रगति पर चर्चा की। बैठक के दौरान, टीम ने चल रहे निरीक्षण से अपने निष्कर्षों को रेखांकित किया और पुल की संरचनात्मक स्थिति पर अंतर्दृष्टि साझा की। मेसर्स रेंडेल द्वारा की मूल्यांकन रिपोर्ट 2025 की पहली तिमाही तक प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के आधार पर, मेसर्स राइट्स पुल को मजबूत करने और इसकी दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक मरम्मत और पुनर्वास योजनाओं का भी प्रस्ताव देगा। बंदरगाह के प्रवक्ता संजय मुखर्जी ने कहा कि रेल मंत्रालय के तहत भारत सरकार के उपक्रम मेसर्स राइट्स ने फरवरी 2023 से परियोजना पर काम शुरू कर दिया है।

## अब शीतकाल में ऊखीमठ में होंगे बाबा केदार के दर्शन, शुरू हुई यात्रा

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा केदार के शीतकालीन प्रवास स्थल, ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने यहां शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ करते हुए, प्रशासन द्वारा यात्रा के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को शीतकालीन यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीतकालीन यात्रा के शुभारंभ से देवभूमि का तीर्थाटन व पर्यटन और भी सशक्त होगा। इससे न केवल, वर्षभर पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा, बल्कि यहां के अनेक पर्यटन स्थल भी प्रचलित होंगे। साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर विधायक आशा नौटियाल, भरत चौधरी, बदरी- केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, भी उपस्थित थे।

## तेलंगाना में अगले पांच दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान

**हैदराबाद।** तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले सात दिनों के दौरान राज्य के कुछ जिलों में सुबह के समय धुंध बने रहने का आसार है। इसी अवधि में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। तेलंगाना में 13 और 14 दिसंबर को शुष्क मौसम रहने का अनुमान है।

## हिसार में ट्रेन से कट कर युवक ने दी जान

**हिसार।** हरियाणा में हिसार के घोड़ा फार्म रोड से गुजरने वाली रेलवे लाइन पर एक युवक ने रेलगाड़ी की पटरी पर लेटकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गौतम (25) के रूप में हुई है जो सत्य नगर में रहता था। वह मजदूरी करता था। रेलवे पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेजा है। युवक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मोबाइल मेडिकल टीम करेगी टीबी मरीजों की जांच

**सिरसा।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिरसा जिला में अगले 100 दिन टी.बी. उन्मूलन के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान शिविर का शुभारंभ किया गया। स्थानीय सिविल अस्पताल के प्रांगण से सिविल सर्जन डा. महेन्द्र सिंह भादू ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखा कर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर पूर्व महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डा. सूरजभान कंबोज व उप सिविल सर्जन (टी.बी.) डा. प्रतीक भी मौजूद रहे। सिविल सर्जन डा. महेंद्र सिंह भादू ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जिले मे अगले 100 दिनों तक जिला अस्पताल की मोबाइल मेडिकल कल टीमों द्वारा टी.बी. के हॉट स्पॉट एरिया में व गांव-गांव जाकर आशंकित मरीजों की जांच की जाएगी। टीमों द्वारा मौके पर ही खून व बलगम जांच के सैंपल लेकर टी.बी. मरीजों की पहचान की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति में टी.बी. के लक्षण पाए जाते हैं तो उन्हें मुफ्त दवाइयां दी जाएगी। साथ ही उन्हें निक्षय पोषण योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह पौष्टिक आहार के लिए प्रदान किए जाएंगे ताकि 2025 तक टी.बी. उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## राजगंज में गृहिणी को जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप

**राजगंज।** पश्चिम बंगाल के राजगंज में गृहिणी को जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप ससुराल वालों के खिलाफ उठे है। इस घटना से राजगंज के आकारीगछ गांव में सनसनी फैल गई है। गृहिणी के परिजनों ने ससुरालवालों के खिलाफ राजगंज थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया है कि एक साल पहले संन्यासीकाटा ग्राम पंचायत अंतर्गत पश्चिम बालाबाड़ी गांव के मोहम्मद



इमरान की शादी राजगंज के बिन्नागुड़ी ग्राम पंचायत के आकारीगाछ गांव की साहेना बेगम से हुई थी। उनका चार महीने का बेटा भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग में साहेना को मानसिक और शारीरिक रूप से अत्याचार कर रहे थे। 13 नवंबर को अशांति अपने चरम पर पहुंच गई। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि साहेना को जहर दिया गया था। गंभीर हालत में उसे फूलबाड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बावजूद साहेना की हालत में सुधार नहीं होने पर उसे दो दिन पहले उसके पिता के घर पर लाया गया था। आखिरकार उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। वहीं घटना के बाद से ससुराल वाले फरार हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।

# किसानों का जत्था वापस लिया गया

एजेंसी ➤ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

पंजाब व हरियाणा की सीमा से सटे शंभू सीमा पर करीब चार घंटे पुलिस के साथ संघर्ष करने के बाद 'दिल्ली कूच' कर रहे किसानों का जत्था रविवार शाम वापस लिया गया। किसान मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंधेर ने मीडिया को बताया कि जत्था वापसी का निर्णय आज के लिए है और आंदोलन चलता रहेगा व अगला कदम चर्चा के बाद तय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस के आँसू गैस छोड़े जाने के कारण आठ-नौ किसान घायल हुए हैं और एक गंभीर घायल को पीजीआई भेजा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा पुलिस का किसानों पर फूलों की वर्षा करना एक धोखा था क्योंकि उसके दो मिनट बाद पुलिस ने फिर आँसू गैस छोड़ी। पंधेर ने कहा कि शुक्रवार के मुकाबले ज्यादा आँसू गैस दागी गई क्योंकि शनिवार को हवा का रुख उधर की तरफ था तो वह संभाल कर आँसू गैस दाग रहे थे, लेकिन हवा का रुख इधर की तरफ था इसलिए वह ज्यादा आँसू गैस दाग रहे थे। इससे पूर्व हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि बिना पहचान और अनुमति के किसानों को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। पुलिस ने दावा किया कि जो सूची उन्हें दी गई थी, जत्थे में आए किसान वो नहीं थे। किसान नेताओं ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि पुलिस को किसानों को आगे बढ़ने नहीं देना है इसलिए झूठ बोला जा रहा है और तरह तरह के बहाने बनाए जा रहे हैं। इससे पूर्व सुबह शंभू सीमा पर पंजाब पुलिस ने मीडियाकर्मियों को विरोध प्रदर्शन स्थल से दूर रोकने की कोशिश की। हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस से अनुरोध किया था कि मीडियाकर्मियों को विरोध प्रदर्शन स्थल से दूर रखा जाए क्योंकि उनकी वजह से हरियाणा पुलिस को शुक्रवार को कानून व्यवस्था संभालने में काफी दिक्कत हुई थी।

# किशन रेड्डी ने अयप्पा महापदी की पूजा की

एजेंसी ➤ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने अपने परिवार के साथ नारायणगुडा में केशव मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में अयप्पा महापदी की पूजा अर्चना की। इस भव्य समारोह में भगवान अयप्पा के प्रति श्रद्धा में ''अयप्पा शरणु घोष''का जाप करते हुए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ''पदी'' के नाम से जानी जाने वाली 18 पवित्र सीढ़ियों को जीवंत फूलों से सजाया गया था और रोशनी की गई थी जिससे एक दिव्य वातावरण बना। भक्तों ने भगवान मणिकंठ की स्तुति में भजन गाए जबकि भगवान हरिहरसुता के अभिषेक सहित अनुष्ठान बड़ी श्रद्धा के साथ किए गए। सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र और शहर



के अन्य हिस्सों से अयप्पा भक्त इस कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए। गुरु स्वामी ने अयप्पा माला पहनने के महत्व पर विस्तार से बताया तथा इस बात पर जोर दिया कि यह आध्यात्मिक और अनुशासित जीवनशैली को बढ़ावा देती है। रेड्डी और उनकी पत्नी द्वारा पिछले 24 वर्षों से आयोजित यह वार्षिक पाडी पूजा महोत्सव धार्मिक सद्भाव और आध्यात्मिक अनुशासन का प्रतीक है। अयप्पा दीक्षा अनुयायियों को जाति, धर्म और उम्र की बाधाओं से परे सभी को एक दिव्य अवतार के रूप में मानने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह एक अनुशासित जीवनशैली की भी वकालत करती है जो अच्छे स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देती है। सांसद रघुनंदन राव और डीके अरुणा तथा विधायक पायल शंकर, धनपाल सूर्यनारायण और राकेश रेड्डी सहित प्रमुख भाजपा नेताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पुजारी अथरेया के नेतृत्व में पूजा समारोह में जदला रमेश द्वारा प्रस्तुत भक्ति भजन और धुनों ने उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक रूप से उत्साहित कर दिया।

## प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन अध्यक्ष एवं पत्रकार विनय सिंह कुशवाहा का निधन

एजेंसी ➤ फर्रुखाबाद
www.dailypioneer.com

प्रिंट एव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पत्रकार विनय सिंह कुशवाहा का अचानक ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया। वह 48 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिंदी दैनिक अमृत विचार के ब्यूरो चीफ विनय सिंह कुशवाहा की शनिवार रात में अचानक तबीयत खराब हुई। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इसके बाद अचानक ब्लड प्रेशर कंट्रोल से बाहर होने पर रविवार को करीब 11:00 बजे कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक ब्रेन हेमरेज होने से का निधन हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पत्रकार एवं साहित्यकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय कुशवाहा का पार्थिव शव अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास कमालगंज शास्त्री नगर में लाया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने, पहुंचकर उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की और 2 मिनट का मौन रखकर, उनके परिवार को ढढास बधाते हुए स्वर्गीय विनयसिह कुशवाहा की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। सूत्रों के अनुसार स्व. कुशवाहा का अंतिम संस्कार गंगा घाट पर किया जाएगा। उनके परिवार में एक पुत्र विशाल उर्फ नीशू और पत्नी रजनी कुशवाहा हैं।

# निलंबित आबकारी अधिकारी के खिलाफ तीन माह में जांच पूरी करें : हाईकोर्ट

वार्ता ➤ नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने निलंबित जिला आबकारी अधिकारी पवन कुमार सिंह के खिलाफ तीन माह में जांच पूरी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कहा है कि यदि जांच तय समय में पूरी नहीं हुई तो निलंबन आदेश स्वतः निरस्त माना जायेगा। याचिकाकर्ता देहरादून में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर तैनात था। गत सात अप्रैल, 2017 को विभाग ने उसके खिलाफ निलंबन आदेश पारित कर दिया। साथ ही दूसरे अधिकारी



को उसकी जगह तैनाती दे दी। याचिकाकर्ता की ओर से निलंबन आदेश को वर्ष 2017 में ही उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी। इस प्रकरण की सुनवाई विगत पांच दिसंबर को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में हुई। आदेश की प्रति आज मिल पाई। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता पर गंभीर आरोप हैं। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने अभी तक जांच पूरी होने और याचिका निष्फल होने की बात कही। अंत में अदालत ने याचिका को निस्तारित करते हुए अपने आदेश में कहा कि सरकार याचिकाकर्ता के खिलाफ आदेश की प्रति प्राप्त होने के तीन महीने के अंदर जांच पूरी करे और यदि जांच तय समय में पूरी नहीं होती है तो निलंबन आदेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा। साथ ही अदालत ने जिले में तैनाती देने को भी कहा।

## सोमवार को नहीं लगेगा विज का जनता कैम्प

**अंबाला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पानीपत आगमन के कारण हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन



एवं श्रम मंत्री अनिल विज का साप्ताहिक जनता कैम्प इस सोमवार (नौ दिसंबर) को नहीं लगेगा। विज ने यह जानकारी रविवार को जारी बयान में दी। गौरतलब है कि विज हर सोमवार अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने के लिए जनता कैम्प लगाते हैं। विज के अनुसार सोमवार को बीमा सखी योजना की शुरुआत को लेकर पानीपत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आयोजित होने वाली रैली में व्यस्तता के कारण जनता कैंप रद्द किया गया है।

# बरातियों को लेकर लौट रही कार खायी में गिरी, एक की मौत, चार घायल

एजेंसी ➤ नाहन
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में बारात से लौट रही एक स्कॉर्पियो खाई में गिर गई, जिसके कारण चालक की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य युवक घायल हैं। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चला है। दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए चंडीगढ़ के पीजीआई भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि सिरमौर के शिलाई की यह घटना है। यहां पर एक बारात दुल्हन को लेकर लौट रही थी। बारात में एक स्कॉर्पियो भी शामिल थी, जो कि करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि शिलाई से यह बारात मस्तभोज के चयोग गांव गई थी। बारात वापस लौट रही थी कि शिल्ला गांव में शिम्बलधार के पास हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख़-पुकार मच गई और ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला गया। दो घायलों को उपचार के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां से बेहतर उपचार के लिए उन्हें चंडीगढ़ के पीजीआई में भेजा गया है। हादसे में मोहन नेगी नाम के युवक की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में भेजा गया है। हादसे में मारे गए मोहन नेगी तीन बहनों के इकलौते भाई थे। बताया जा रहा है वह काफी मजाकिया स्वभाव के थे। हादसे के दौरान वही गाड़ी चला रहे थे। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई

## सीधी जिले में रेत के खेल का मामला विधानसभा में उठाऊंगा : उमंग

**सीधी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सीधी जिले में रेत के खेल का मामला विधानसभा में उठाऊंगा ताकि रेत संविदाकार की सांठगांठ पर कार्रवाई हो सके। सिंघार ने रेत संविदाकार द्वारा निविदा के महीनों बाद भी सीधी में रेत खदानें संचालन नही किए जाने के सवाल पर मीडिया से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि निश्चित ही रेत संविदाकार द्वारा माइनिंग से सांठगांठ कर यह खेल किया जा रहा है जिससे खदानें संचालित न हो और चोरी छिपे रेत उत्खनन भी होता रहे। इससे जहां शासन को राजस्व क्षति होगी वहीं सड़क, भवन सहित सभी कामों पर असर पड़ेगा। निर्माण कार्य के लिए मंहगे दामों में लोगों को रेत खरीदने की मजबूरी बनी रहेगी।

# पायनियर हलचल...

## संसदीय ज्ञान का निचोड़




पिछले कुछ वर्षों में भारतीय जनता पार्टी चौकाने वाले निर्णय लेती रही है। इसी कड़ी में एक और चौकाने वाले निर्णय की सुगबुगी सुनाई दे रही है। राज्य भाजपा में अजय चन्द्राकर को संसदीय मामलों ज्ञाता माना जाता है। वहीं संसदीय मामलों के दूसरे बड़े जानकार सांसद बृजमोहन अग्रवाल हैं। लेकिन बृजमोहन अग्रवाल वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानाभा के सदस्य नहीं हैं। ऐसे में पार्टी संसदीय मामलों के जानकार अजय चंद्राकर को मंत्री न बनाकर विधानसभा उपाध्यक्ष बनाने की रणनीति पर विचार कर रही है। दरअसल इसके पीछे तर्क यह है कि चंद्राकर के उपाध्यक्ष बनने से वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को काफी सर्पोट मिलेगा। वहीं रायपुर दक्षिण से नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी को भी छत्तीसगढ़ विधासभा का उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। बहरहाल अब अजय चंद्राकर को विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया जाएगा या फिर सुनील सोनी पर मुहर लगने जा रही है, इसका खुलासा तो निकट भविष्य में ही हो सकेगा।

## जांच की आंच से बच पायेगे ?



राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है, आज से एक साल पहले राज्य में भूपेश बघेल की तूती बोलती थी। भूपेश के नाम पर अफसर ही नहीं, नेता भी थर्राने लगते थे। लेकिन राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है। भूपेश और उनके सचिवालय में काम करने वाले अफसर इसके जीते-जागते उदाहरण हैं। उनके सचिवालय में जिन अफसरों के नाम से लोग बंद कमरे में भी कुर्सियां छोड़ खड़े हो जाते थे, वह आज सलाखों के पीछे हैं। चाहे फिर वह मुख्यमंत्री के सचिव रहे टामन सिंह सोनवानी हों, अनिल टुटेजा हों या फिर उपसचिव रहीं सौम्या चौरसिया हों। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है, डॉ. रमन सिंह का भी मुख्यमंत्री पद जाने के बाद उनके प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह को राज्य छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया गया। सुबोध सिंह जैसे काबिल अफसर को एक साल तक डम्प करके रखा गया, जिसके बाद वह खुद राज्य से बाहर चले गए। ऐसे कई अफसरों की लंबी सूची है। खैर अफसरों के लिए अब यह आम धारणा बन चुकी है, इसलिए आगे उनके साथ ऐसा नहीं होगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता है। यह बात अलग है कि रमन सिंह और उनके टीम पर सिर्फ आरोप लगते रहे, लेकिन वह काजल की कोठली से बच निकले। लेकिन भूपेश और उनकी टीम भ्रष्टाचार पर चारों खाने चित हो गई। लेकिन क्या यह सिलसिला यहीं रुकने वाला है? क्या जांच की आंच से भूपेश बच जाएगें? ऐसे अनेकों सवाल इस समय उठ रहे हैं। वर्तमान में भूपेश के इर्द-गिर्द रहे लगभग सभी अफसर बुरी तरह घिर चुके हैं, ऐसे में भूपेश बच पायेंगें?

## राजनीतिक चतुराई



मुख्यमंत्री विष्णदेव साय आम तौर पर बेहद सरल और सहज हैं, लेकिन वह चतुर नहीं हैं यह कहना बिलकुल गलत है। जो नेता अपनी सहजता के बदौलत दो-दो बार राज्य भाजपा की कमान सम्भाल चुका हो, जो राजनेता केन्द्र सरकार में मंत्री रह चुका हो, जो नेता सांसद रह चुका हो, वह राजनीतिक रुप से चतुर न हो यह बात राजनीति में रुचि रखने वालों को हजम नहीं हो सकती। 13 दिसंबर को विष्णुदेव का एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उन्होंने बड़ी ही चतुराई से मोदी की गारंटी के ज्यादातर वादों को पूरा करने में कामयाबी हासिल की है। इसके साथ ही राजनीतिक रुप से अपने प्रतिद्वंदियों को भी किनारे लगाने में वह सफल हुए हैं। पुराने चेहरों में रामविचार नेताम, दयालदास बघेल और केदार कश्यप को उनके केबिनेट में जगह मिली है, जबकि बृजमोहन अग्रवाल को किनारे कर दिया गया है। अब जातिगत और क्षेत्रगत समीकरणों को देखते हुए आगे भी विष्णु केबिनेट में रिक्त 2 मंत्री पदों पर नए चेहरों को अवसर मिलने की प्रबल सम्भावना है। दरअसल पुराने चेहरों में बिलासपुर से अमर अग्रवाल को मंत्री बनाने का कयास लगाया जा रहा है। लेकिन वर्तमान में बिलासपुर सम्भाग से पहले ही अरुण साव, ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन विष्णु कैबिनेट के हिस्सा हैं। यही नहीं बिलासपुर सम्भाग से ही तोखन साहू को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाया गया है, ऐसे में बिलासपुर से अमर अग्रवाल को अवसर मिलेगा या नहीं फिलहाल इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता। इसके साथ ही सरगुजा सम्भाग से रेणुका सिंह के नामों पर जमकर कयास लगाये जा रहे हैं। जबकि सरगुजा सम्भाग से पहले ही लक्ष्मी रजवाड़े, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल और स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव केबिनेट में मौजूद हैं। वहीं रायपुर सम्भाग से टंकराम वर्मा और अजय चन्द्राकर एक ही समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं, ऐसे में अजय पर कितना विचार किया जाएगा यह तो आने वाले वक्त में ही स्पष्ट होगा। इसके साथ ही रमन खेमा राजेश मूणत को मंत्री बनाने का पक्षधर है, कहा जाता है कि इसके लिए रमन सिंह के निवास में हाल ही में बैठक भी हुई है, लेकिन मूणत को लेकर संगठन एकमत नहीं है। इतना ही नहीं बिना किसी राजनीतिक विवाद के आयोगों में भी निरंतर नियुक्तियां जारी है। गौसेवा आयोग, युवा आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, वक्फ बोर्ड के साथ-साथ कई प्राधिकरणों में भी खामोसी से नियुक्तियों की जा चुकी हैं। लेकिन अभी तक किसी भी ओर विरोध के स्वर सुनाई और दिखाई नहीं दे रहे। निश्चित ही ऐसा काम कोई चतुर राजनेता ही कर सकता है।

## दुआओं में याद रखना...

सत्ता परिवर्तन होने के बाद कुछ लोग सत्ता की चासनी के लिए नेताओं और मंत्रियों के पास चिपक ही जाते हैं, तो भला इस सरकार में न हो ऐसा भला कहां संभव है। दरअसल सत्ता परिवर्तन होने के बाद भाजपा कार्यालय में बैठे एक मीडिया प्रेमी नेता राज्य के उपमुख्यमंत्री के यहां चिपक गए। एक साल तक चिपके रहे, चासनी कहीं दिखी नहीं, मीडिया प्रेमी होने के कारण सीएम के विभाग में भी हाथ-पांव मारे वहां भी पहले से बुद्धजीवी मौजूद हैं। हतासा पर-हतासा, साहब भी कोई रिस्पांस न करते, मजबूरी में बॉस के पास शिकायत भी दर्ज कराई गई। तत्कालीन साहब ने बॉस को दो टूक कह दिया आप जैसा निर्देश दें- मैं इनकी सुनूं या उनकी ? फिर क्या वहां भी ठौर ठिकाना न बन पाया। इतना ही नहीं नेता जी एक धार्मिक मामले में भी कोर्ट-कचहरी पहुंच गए, जिसके कारण संगठन ने भी फटकार लगा दी। इन तामाम घटनाओं के बाद नेता जी कहते घूम रहे हैं कि अच्छा चलता हूं .....,दुआओं में याद रखना......।

## आईएएस अफसरों में पनप रहा विरोध







वैसे तो राज्य सरकार के पास इस समय काम करने वाले आईएएस अफसरों की भरमार है। यही नहीं हाल ही में दर्जनभर अफसरों का आईएएस आवार्ड भी हो गया है। ऐसे में राज्य सरकार के पास पर्याप्त आईएएस अफसर मौजूद हैं। उसके बाद भी कई महत्वपूर्ण विभागों में आईएफएस अफसरों की पदस्थापना की गई है, जिसको लेकर आईएएस विरादरी के अंदरखाने में दबे स्वर में विरोध पनपने लगा है। दरअसल छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के एमडी के रुप में आईएफएस विवेक आचार्य की पदस्थापना की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंण्डल में आईएफएस अरुण प्रसाद को सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही सीएसआईडीसी के एमडी के पद पर आईएफएस विश्वेश कुमार को पदस्त किया गया है। इसके अलावा भी अन्य जगह आईएफएस अफसरों की पदस्थाना को लेकर आईएएस विरादरी के बीच दबे स्वर में विरोध होनो शुरु हो गया है।

## आरोपों के घेरे में अफसर, फिर भी संविदा क्यों?


अफसरों को संविदा नियुक्ति उनके विशेष गुणों को ही देखकर दिया जाता है। लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक विवादित अफसर को संविदा नियुक्ति दे दी, जो सुशासन वाली विष्णु सरकार में भी चिपके हुए हैं। दरअसल पंजीयक एवं मुद्रांक विभाग में एक डीआईजी लेवल के अधिकारी की संविदा नियुक्ति की गई है, जिसके खिलाफ कई गंभीर अरोप लगाए गए हैं। मस्तूरी के एक अधिवक्ता ने वर्ष 2021 में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जिसकी जांच आतजक नहीं की गई, न ही सच जनता के सामने लाया गया। शिकायत पत्र में पंजीयक एवं मुद्रांक विभाग के इस अफसर के नक्सली गतिविधियों में भी संलिप्त होने की बात का जिक्र किया गया है। मोबाइल डीटेल्स के साथ-साथ अन्य जांच की मांग की गई थी, लेकिन उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया। हालांकि जिस सरकार ने संविदा नियुक्ति दी, उसी सरकार में जांच की उम्मीद कम ही होती है। लेकिन सुशासन वाली विष्णु सरकार की क्या मजबूरी है? जो ऐसे अफसरों की संविदा अवधि को बढ़ा दिया गया। वास्तव में यदि शिकायतकर्ता के आरोपों में दम है, तो केन्दीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों में यह कुठाराघात है। दरअसल केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अरबन नक्सल को समाप्त करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार के अफसर पर इस तरह के आरोपों की जांच किए बिना संविदा नियुक्ति देना कई सवाल खड़े करता है। इतना ही नहीं दुर्ग जिले में इनकी पदस्थापना रहते हुए काफी वित्तीय अनियमितताएं भी उजागर हुई हैं। इसके बावजूद संविदा प्रदान करना विभाग को कटघरे में खड़ा करता है।

## आईएएस अफसरों की पदोन्नति के संकेत, आईएफएस में हतासा ?

सीनियर आईएएस अफसरों की पदोन्नति को जल्द हरी झंडी मिल सकती है। पदोन्नति मिलते ही केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति में गए आईएएस गौरव द्विवेदी और मनिंदर कौर द्विवेदी एसीएस बन जाएंगे। दरअसल एसीएस के लिए दो ही नाम हैं। इसलिए गौरव और मनिंदर का एसीएस प्रमोट होना लगभग तय माना जा रहा है। इसके साथ ही रिक्त होने वाले प्रमुख सचिव के पद पर आईएएस सुबोध कुमार सिंह, निहारिका सिंह के साथ शहला निगार पदोन्नत हो सकते हैं। इसके लिए डीपीसी इसी माह हो सकती है। वहीं दूसरी ओर सीनियर आईएफएस अफसर 6 जुलाई को हुए केबिनेट के निर्णय के परिपालन की राह देखते-देखते हतासा के शिकार हो रहे हैं। एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा, प्रेम कुमार, अरुण पांडे, आलोक कटियार, और अनूप विश्वास को पीसीसीएफ के प्रमोशन के लिए 6 जुलाई की कैबिनेट में मुहर लगी। लेकिन प्रकरण का निराकरण आजतक नहीं हुआ। यहां तक प्रमोशन की राह देखते-देखते इनमें से एक आईएफएस अफसर अनूप विश्वास रिटायर हो चुके हैं, बांकी भी निराश और हतास हैं।

## और कितने अगहन?



विभिन्न मानवीय कारणों से लगातार राज्य में जंगली जानवरों की मौत हो रही है। इसी क्रम में अगहन ने भी अपनी जान गवां दी। मीडिया में लगातार अगहन के स्वस्थ होने की खबरें छपती रहीं, लेकिन डाक्टरों द्वारा अगहन को भी नहीं बचाया जा सका। दरअसल विभाग के अफसरों द्वारा हाथी का नाम अगहन रखा गया था। बीते माह वन्यजीवों की मौत को लेकर हाईकोर्ट ने भी विभाग को कटघरे में खड़ा किया था। विधानसभा में भी 17 चौसिंगाओं की मौत का मामला खूब गूंजा, लेकिन कार्रवाई शून्य है। वन्यप्राणियों की मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। जिम्मेदार दोषियों पर पर्दा डालने में जुटे हैं। दरअसल बजट सत्र के दौरान विधानसभा में जंगल सफारी में हुए 17 चौसिंगाओं का मामला गूंजा था। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जंगल सफारी के डॉक्टर राकेश वर्मा की लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। उसके बावजूद विभाग के बड़े अफसरों के संरक्षण में कार्रवाई नहीं की गई। चौसिंगा मामले में जंगल सफारी में एक-एक करके लासें गिरती रही, डॉक्टर बिना छुट्टी के गोवा घूमते रहे। उसके बाद राज्य के दो बड़े नेता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास की मांग और आश्वासन पर भी कार्रवाई नहीं की गई। यह पूरा घटनाक्रम विभाग के द्वारा वन्य प्राणियों के प्रति व्यवहार को उजागर करता है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा उत्पादन का विस्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों में वर्ष 2010-11 से हरित विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए कार्यालय एवं स्टेशन भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा हैं।

**सौर ऊर्जा संयंत्रों की विशेषताएं :** सौर ऊर्जा संयंत्र तत्काल उपयोग के लिए ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं, इसे बैटरी में संग्रहीत किया जा सकता है, या अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड में वापस भेजा जा सकता है। सोलर पैनल फोटोवोल्टिक प्रभाव का उपयोग करके प्रकाश को विद्युत धारा में परिवर्तित करते हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा उत्पादन का विकासक्रम :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 2010-11 में केवल 5 किलोवाट के संयंत्र से शुरुआत की थी। वर्तमान में अब तक, 5451 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र कार्यालय एवं स्टेशन भवनों की छतों पर स्थापित किए जा चुके हैं। ये संयंत्र प्रतिमाह लगभग 3.8 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे 10.1 लाख की बचत हो रही है। इसके अलावा, हर महीने 315.2 टन कार्बन डाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई है।

**सौर पैनलों की सफाई के लिए नवाचार :** सौर पैनलों के कुशल प्रदर्शन के लिए नियमित सफाई आवश्यक है। इस उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़ोन ने यंत्रीकृत सफाई प्रणाली विकसित की है।

**स्थापना कार्य स्वीकृत :** बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों में 7776 किलोवाट सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए 34.6 करोड़ की लागत से कार्य स्वीकृत किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्थापित किए गए सौर ऊर्जा संयंत्र 139 कार्यालय भवनों की छत पर। 2280 आवासीय क्वार्टरों की छत पर। 175 प्लेटफॉर्म शेल्टर/स्टेशन भवनों पर।

**अपेक्षित परिणाम :** प्रतिमाह लगभग 5.4 लाख यूनिट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन। 14.40 लाख की बचत। 449.5 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का उद्देश्य अधिक से अधिक उपलब्ध स्थानो का उपयोग कर सौर ऊर्जा का उत्पादन को बढ़ावा देकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना है।

## केंद्र सरकार से प्रमुख मांग को लेकर के दिल्ली के जंतर मंतर में विशाल धरना का आयोजन



**कोण्डागांव।** राज गावड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में शिवसेना दिल्ली के जंतर मंतर में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे जिसमे लगभग 20 राज्यों के राज्य प्रमुख शिवसैनिक से लेकर महाराष्ट्र के कई बड़े दिग्गज नेता विधायक सांसद मंत्री सहित शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शामिल होंगे। केंद्र सरकार से प्रमुख मांग को लेकर के दिल्ली के जंतर मंतर में विशाल धरना का आयोजन होगा जिसमे देश को हिंदू राष्ट्र की मांग देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। देश में समान नागरिक सहिता यूसीसी देश में नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 सीएए एनआरसी को पूरे देश लागू किया जाए। जनसंख्या नियंत्रण 2 बच्चो से ऊपर उसे परिवार का आधार कार्ड बैंक अकाउंट प्राइवेट एवं सरकारी नौकरी राशन गैस सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित किया जाए। सरकारी सुविधाओं का लाभ न दिया जाए प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण को पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। धर्मांतरण प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्र से लेकर के शहरों में भी दिखवाई दे रहा है, और पूरे देश में रोहनिया बांग्लादेशी मुसलमान का घुसपैठ लगातार जारी है उसे तत्काल रोका जाए। इस आशय का कानून पास किया जाए साथ ही भारत में रहने वाले 10 लाख बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा जाए और बांग्लादेश में जिन हिंदुओ के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है। वे डेढ़ लाख हिंदुओं को भारत लाया जाए। धार्मिक स्थल अधिनियम लागू किया जाए जिसमें किसी भी धर्मस्थल बनाने की अनुमति जिलाधीश के निहित करते हुए जनसंख्या के अनुसार किया जाए बोलने के स्वतंत्रता के नाम पर हिंदू धर्म एवं हिंदू नेताओं के ऊपर लगातार सोशल मीडिया से लेकर के सभी जगह अभद्र टिप्पणी करने वालो के ऊपर कारवाही हेतु कानून लाया जाए। प्रदेश में हो रहे गौ तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए एवं गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए। इन सभी मांगों को लेकर के देश के सभी शिवसैनिक 17 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे साथ ही बस्तर संभाग के सभी शिव सैनिक शामिल होंगे।

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुरूप होगा भ्रमण : डॉ. यादव

### प्रदेश भर के सक्रिय स्काउटर गाइडर निकले हाईक पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ द्वारा स्काउटर गाइडर के लिए 8 दिवसीय हाईक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें उनके द्वारा अनेक शैक्षणिक और प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन करेंगे। हाईक टीम को भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व मार्गदर्शक मुरली शर्मा के द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सचिव कैलाश सोनी व एसओसी स्काउट विजय यादव के नेतृत्व में होगा एवं हाईक प्रभारी शांतनु कुर्रे जिला प्रशिक्षण आयुक्त (डीटीसी) मनेन्द्रगढ़ के मार्गदर्शन में संचालित होगा। बता दें कि भारत स्काउट गाइड द्वारा प्रतिवर्ष राज्य के स्काउटर गाइडर को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हाईक का आयोजन किया जाता है। जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त प्रशिक्षित स्काउटर /गाइडर को शामिल कराया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी राज्य स्तरीय हाईक का आयोजन किया गया है जिसमें हाइकर्स अमृतसर, जलियावाला बाग, स्वर्ण मंदिर, अटारी बाघा बॉर्डर, मनाली, क्लब हाउस, वशिष्ठ मंदिर, अटल टनल, सोलांगवेली, ट्रैकिंग राफ्टिंग, चंडीगढ़ लेख रॉक गार्डन व दिल्ली सहित आदि स्थानों का शैक्षणिक व प्राकृतिक भ्रमण कर उनके विशेषताओं के बारीकियों को अध्ययन करेंगे।

**छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुरूप होगा हाईक**

इस हाईक कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाते हुए स्काउट गाइड राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा हमारी टीम हाईक में अनेक शैक्षणिक व प्राकृतिक स्थलों का अध्ययन करेंगे जिसमें हाइकर्स छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर एवं वेशभूषा का झलक उजागर हो सके इसका ध्यान रखेंगे। इस कार्यक्रम में हाइकर्स राष्ट्र के प्रति सम्मान, सद्भावना, आत्मीयता, भाईचारे के साथ ही साथ देश के प्रति सेवा की भाव का विकास करेंगे। राज्य स्तरीय हाईक के प्रभारी शांतनु कुर्रे जिला प्रशिक्षण आयुक्त (डीटीसी) मनेन्द्रगढ़ है जिनके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की टीम हाईक भ्रमण करेंगे। इस कार्यक्रम के द्वय मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रुव व मीना भारद्वाज ने बताया राज्य स्तरीय हाईक कार्यक्रम से स्काउटर गाइडर रिफ्रेश होते हैं व हाईक से वापस आकर राज्य के गतिविधियों में स्काउट गाइड पर कार्य करते हुए अनेक गतिविधियों में शामिल कराते हैं। इस हाईक कार्यक्रम में राज्य मुख्यालय की सहित छत्तीसगढ़ के 110 स्काउटर/ गाइडर सम्मिलित है।

## निक्षय-निरामय के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया रवाना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के तहत प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में कोरबा के ढोढीपारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय की सरकार में जनता की हित और बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में घर-घर पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए यह पहल की गई है। टीबी से रोकथाम के लिए जरूरी है कि बीमारी की पहचान समय रहते हो जाय। इसके लिए जरूरी है कि किसी भी तरह से परेशानी होने पर तत्काल स्वास्थ की जांच जरुर कराएं। मंत्री देवांगन ने कहा कि 2025 तक देश को बीमारी से मुक्त करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने की दिशा में यह 100 दिवसीय निक्षय अभियान एक सकारात्मक पहल है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए इसे जन-आंदोलन बनाना जरूरी है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों, और सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों से अपील की कि वे इस 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान का हिस्सा बनकर टी.बी. मरीजों की मदद करें और उन्हें बताए कि अब टी.बी. लाइलाज बीमारी नहीं है, इसका इलाज संभव है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पार्षद घनसाय साहू, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, पुनीराम साहू, राजेश साहू, हारबाई यादव, सीएमएचओ डॉ. एस एन केशरी, डीपीएम पद्माकर शिंदे समेत अधिक संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।

## लैंप्स भानुप्रतापपुर के नव नियुक्त अध्यक्ष का किया गया स्वागत

**भानुप्रतापपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित समिति लैंप्स भानुप्रतापपुर के नव नियुक्त अध्यक्ष सहगुराम कांगे पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्हें भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सभी मार्केटिंग सोसाइटी (लेम्पसो )में अध्यक्षों की नियुक्ति शासन के आदेश अनुसार किया जा रहा है इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर लैंप्स के अध्यक्ष पद के लिए सहगुराम कांगे को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 07 दिसंबर को उन्हें ऑफिस कार्यालय मे बुलाकर विधिवत पदभार ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमप्रकाश शिवहरे अनुसूचित जनजाति मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी गेंद लाल चक्रधारी रामबाबू कोर्राम जगत यदु धन सिंह बड़ई जोहर पटेल रामकुमार कोला चंद्रशेखर यदु सनत यदु रावटे जनपद सदस्य जिवराखन सलाम शाखा प्रबंधक बी एल सिन्हा लेखपाल आर आर वर्मा विक्रेता राजू वर्मा ऑपरेटर अनिल आरदे ऑपरेटर सोमेशवरी यादव आदि कार्यकर्ता थे।

## पोस्टमार्टम के एवज में 5 हजार रुपए लेने की शिकायत पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका शोरी ने किया छिंदगढ़ अस्पताल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लाक के अंतर्गत गाँव कनकापाल मे एक महिला की मृत्यु होने के बाद उसके पोस्टमार्टम के लिए उसे छिंदगढ़ स्वास्थ केंद्र में शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे लाया गया,जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनसे पैसे मांगे जाने पर मृत आदिवासी महिला के गरीब परिजनों के पास इतनी राशि नहीं होने पर उन्होंने इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी से की बात जिसकी जानकारी मिलते ही दीपिका ने डॉक्टर से बात कर बिना कोई शुल्क लिए पोस्टमार्टम करने की बात कही इसके पश्चात अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शाम को पोस्टमार्टम किया गया, वही ज़ब इस बात की जानकारी मिलने पर महिला आयोग सदस्य ने जानकारी एकत्रित करना प्रारंभ किया, तो पता चला कि छिंदगढ़ अस्पताल में यह पोस्टमार्टम करने के बाद पैसा लेने वाला काम वर्षों से चला आ रहा हैं, हमेशा प्यून को देने के नाम से मृतक के घर वालों से पैसे लिया करते है, दीपिका ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए,तत्काल प्यून की मांग के लिए आवेदन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को देने की बात कही, वही निरीक्षण में आने के बाद खंड चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करने के बाद भी वो निजी कार्यो का हवाला देते हुए उपस्थित नही हुए जिस पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका ने नाराजगी जाहिर की, और कहा ग्रामीण अंचल में जंहा ग्रामीणों के दुःख के समय उनके परिजनों से पैसे लिए जा रहे है ऐसे समय मे बीएमओ से उसकी जानकारी लेने का प्रयास किया गया, ऐसे बड़े मुद्दे को भी हल्के में लेना बीएमओ की बड़ी लापरवाही है, अगर उनकी जानकारी में ये सब हो रहा है तो निश्चित ही यह गलत हो रहा है, इस बात को लेकर मैं कलेक्टर से चर्चा करूंगी और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करूंगी।

**मरीजों एवं उनके परिजनों से की बात** – दीपिका ने अस्पताल निरीक्षण के वक्त अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बात की व उनकी समस्या एवं अस्पताल प्रबंधन के आचार व्यवहार के संबंध में पूछताछ की। निरिक्षण के उपरान्त दीपिका ने कहा की अस्पताल में साफ-सफाई अच्छी है मरीजों का भोजन भी सही है परन्तु पोस्टमार्टम में हों रही पैसों की मांग सबसे गलत है व आज ज़ब मैं यहां आई हूं व बीएमओ को इसकी जानकारी है वो छिंदगढ़ में उपस्थित है इसके बाद भी उनकी अनुपस्थिति उनके कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है मै निश्चित तौर पर इसकी शिकायत करूंगी जिससे आगे हमारे आदिवासी जनता का शोषण न हों पाए ।

# जिले में 100 दिवसीय निक्षय निरामय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ

## अगले 23 मार्च तक घर-घर ढूंढे जाएंगे टीबी,कुष्ठ के लक्षण वाले मरीज तथा होगा बुजर्गों की सेहत का परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 100 दिवसीय निक्षय निरामय पहचान एवं उपचार अभियान की शुरुआत बलौदाबाजार भाटापारा में भी की गई। इस हेतु स्थानीय जिला चिकित्सालय प्रांगण से निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखा कर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल जी ने रवाना किया। आज सात दिसम्बर से शुरू हुआ यह अभियान 23 मार्च 2025 तक ज़ारी रहेगा। अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में रंगोली के ज़रिए अभियान को प्रदर्शित किया गया साथ ही एक निजी नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने टीबी रोग पर नुक्कड़ नाटक किया तथा स्टाफ को शपथ भी दिलाई गई। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि,उक्त अभियान अंतर्गत घरों में उच्च जोखिम समूहों जैसे शराब तथा तम्बाकू का सेवन करने वाले,शुगर या अन्य कोई बीमारी वाले,पुराने टीबी मरीज तथा उनसे संपर्क वाले ,कुपोषित व्यक्ति तथा



साठ वर्ष से अधिक के लोगों की पहचान कर आगे की जांच और उपचार की व्यवस्था की जाएगी। इसमें निक्षय शिविर भी लगाए जाएंगे जिसमें उक्त बाबत स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस हेतु माइंस, क्रशर, उद्योगों में कार्य कर रहे लोगों पर विशेष ध्यान भी दिया जाएगा। चार चरणों का यह अभियान सात दिसम्बर से शुरू होकर 23 मार्च 2025 तक चलेगा। जिले में अभियान की तैयारी हेतु सर्वे दल को प्रशिक्षित किया गया है। अभियान की सफलता हेतु जन सामान्य का सहयोग प्राप्त करने बाबत, ग्रामों में दीवारों पर नारे लेखन, परिचर्चा तथा लघु बैठकें की जा रही हैं जो इस अभियान के दौरान ज़ारी रहेंगी। अभियान में निर्देशानुसार चिकित्सा स्टाफ जैसे,आरएचओ ,सीएचओ सुपरवाइजर, डॉक्टर, प्रबंधकों, सलाहकारों आदि को विविध स्तरों पर जिम्मेदारी दी गई है तथा इसके लिए कंट्रोल रूम बना कर प्रति दिन की गतिविधियों की रिपोर्टिंग होगी एवं प्रगति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु सर्वे के दौरान अधिकतम लोगों तक पहुंचने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस हेतु अन्य संबधित विभागों जैसे पंचायत, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, उद्योग, समाज कल्याण को भी समन्वय बना कर इस कार्य में सहयोग हेतु कहा है। उन्होंने जिले के लोगों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है की लोगों की सहभागिता से ही स्वस्थ बालौदाबाज़ार तथा स्वस्थ छत्तीसगढ़ का निर्माण हो सकता है। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, जिला अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा, लेखा प्रबंधक अश्वनी सिन्हा, डीपीसी आलोक दुबे, खोगेश्वर पटेल, डॉ प्रियंका चंदेल, यशवंत पटेल, प्रीति कश्यप, मोनिका यादव सहित अस्पताल के स्टाफ उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली(उत्तरप्रदेश)के लिए स्वयंसेवक ख्याति साहू का चयन, प्रदेश का बढ़ाएगा मान



पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा ज़िला धमतरी मे संचालित हो रही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक कु. ख्याति साहू पिता कामता प्रसाद साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली (उत्तरप्रदेश)के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा किया गया है। कु ख्याति साहू महाविद्यालय मे एम ए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा है।यह शिविर 05 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है जिसमें छत्तीसगढ राज्य सहित अन्य 10 राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे हैं।सभी राज्यों के स्वयंसेवक द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्रदेश के कला संस्कृति से परिचय करा रहे है।साथ ही विभिन्न सत्रों में बौद्धिक परिचर्चा में अभिव्यक्ति कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व क्षमता का गुण सीख रहे हैं।छत्तीसगढ़ से 4 बालक और 4 बालिका की टीम कार्यक्रम अधिकारी मती सुनीता चंसोरिया के नेतृत्व में अपने प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। स्वयंसेवक कु. ख्याति के चयन पर प्राचार्य डॉ.संजय शर्मा, डॉ.एल आर डोंगरे,डॉ. कविता वैष्णव,डॉ.अविनाश आर निचत, आनंद सोनी, दिनेश कुमार नाग, रामकिशोर यादव, मती शकुंतला कोसरिया, हरविंदर सिंह कुर्रे, लोकेंद्र सुधाकर, अनुनय टोप्पो, जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, समस्त व्याख्याता, समस्त कर्मचारी तथा समस्त स्वयंसेवक द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवम् शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल एस गजपाल,जिला संगठक निरंजन कुमार ने भी स्वयंसेवक कु ख्याति साहू को जिला धमतरी से चयनित होने पर प्रसन्नता शुभकामनाएं दिए।

# राम-जानकी से मांगा मंगल जीवन का आशीष

## गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान के विवाह महोत्सव में गूंजे मंगल गीत, शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सनातन धर्म में विवाह पंचमी का विशेष महत्व है। श्रीराम कथा में वर्णित है कि अयोध्या से बारात जनकपुरी ले जाई गई थी। इसमें दूल्हा के स्वरूप में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुहन के अलावा अन्य बारातियों मे वशिष्ठ, विस्वामित्र व समूचे अयोध्या के नागरिक शामिल हुए थे। बारात की इसी परंपरा को निभाते हुए नगर के मानस संघ द्वारा अगहन शुक्ल पक्ष की पंचमी पर शुक्रवार को गांधी चौक स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में विवाह पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाई गई। मानस संघ द्वारा आयोजित विवाह में ढोल बाजे, रंगीन लाइट तथा फटाखों व बाजे-गाजे के साथ शाम 7 बजे श्रीराम की बारात खुले वाहन को फूल, छत्र आदि से सजाकर निकाली गई जो बजरंग चौक से होते हुए सदर रोड, नेहरू चौक, गांधी चौक से होते हुए रात 10.00 बजे वापस रामजनकी मंदिर पहुंची।

### भाटापारा के विन्दु सतसंगमण्डल ने दी शानदार भजनों की प्रस्तुति

बारात के दौरान भगवान श्रीराम तथा माता जानकी के रूप में तैयार बच्चों का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान भाटापारा के विन्दु सतसंग मण्डल द्वारा दीपक केसरवानी, मोहन लाल केसरवानी, बाके केसरवानी के मार्गदर्शन में बारातियों के रूप में शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गयी। रामजी की निकली सवारी,,,,, रघुपति राघव राजाराम के गायन और हरे राम हरे राम के धुन ने लोगो को नृत्य करने के लिए विवश कर दिया बारात में सैकड़ों की संख्या में नगरवासी नाचते-गाते जा रहे थे। इस मौके पर भगवान राम और सीता के विवाह समारोह में मंगल गीत गूंजे। मानस मंदिर वापस आकर हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार बारातियों के जोरदार स्वागत के बाद जलपान का रिवाज पूरा किया गया। इस विवाह समारोह में महिलाओं ने मंगल सामग्री अर्पित कर सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशिष भी मांगा। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक प्रमुख जग्गू केशरवानी, विजय केसरवानी दिलीप भट्टर, राजू केशरवानी, डीपी श्रीवास्तव, सूरज सोनी, शिवशंकर सोनी, वेदप्रकाश अवस्थी, विनय गुप्ता, आदित्य सोनी, अनिल सोनी, अभिषेक तिवारी, सालिन साहू, आलोक अग्रवाल ने बताया कि इसी दिन भगवान राम का माता सीता के साथ विवाह हुआ था। इस दिन भगवान का दर्शन करने और विवाह सम्पन्न कराने से भक्त ों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है उनका जीवन भी मंगलमय बनता है। इसी कामना के साथ सुबह भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर पूजन किया गया इसके बाद कपूर आरती की गई। देर शाम भजन संध्या हुई, भजन संध्या के बाद आरती हुई और प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं में सुमन केसरवानी रीता केसरवानी आरती सोनी कल्पना पवार पूर्व पार्षद रत्ना सोनी साधना सोनी बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थीं

# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के नव नियुक्त अध्यक्षों को विधायक अजय चंद्राकर ने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com



समस्त वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के नव नियुक्त अध्यक्षों को मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व सहकारिता नेता स्व प्रवीण चंद्राकर के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्यात सभी मनोनीत अध्यक्षों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई इसके पश्चात स्वागत भाषण सहकारी समिति भाटा गांव के पूर्व अध्यक्ष निर्मल चंद्राकर ने स्वागत भाषण का पठन किया। वृहत्ताकार कृषि साख समिति मर्यादित कुरुद से प्रभात बैस, भाठागांव से आदर्श चंद्राकर, गाडाडीह से चैन सिंह साहू, कोडेबोड़ बुधारू राम साहू, चर्रा से रामकुमार साहू एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, सेमरा बी से पंकज सिंहा, बगौद से कुलेश्वर चंद्राकर, भखारा से राम स्वरूप साहू, मडेली से नवीन गांधी, कोसमर्रा से छत्रपाल बैस, अंवरी से कामता साहू, दर्रा से नरेंद्र ध्रुवंशी, बगदेही से निराला साहू, थूहा से टेमन बंजारे, सिवनीकला से चंद्र प्रकाश साहू, कुहकुहा से थानेश्वर साहू, मंदरौद से खूबलाल साहू, कातलबोड़ से विकास साहू, मौरीकला से घनश्याम साहू, कचना से अलख राम साहू, रामपुर से सतीश जैन, गुदगुदा से टूमेन्द्र साहू, जी जामगांव से ढाल चंद्र साहू, गातापार से नंद कुमार साहू, दरबा जीवन साहू, करगा से हेमंत साहू, चिंवरी से राम खिलावन साहू, कोकडी से दिलीप चक्रधारी, जुगदेही से भोला राम साहू, मेघा से संतोष सोनी , चंदना डारेंद्र साहू, भेंडरी हेमंत साहू, करेली बड़ी से गोपाल राम साहू, कुंडेल से राम आसरू साहू, खिसोरा से राजेश कुमार साहू आदि सहकारी समिति के नव नियुक्त अध्यक्षों ने गोपनीयता एवं पद की शपथ दिलाई। कुरुद विधानसभा क्षेत्र की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति संस्था के अध्यक्ष को शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने सहकारी आंदोलन को सुरक्षित और मजबूत हाथों में रखने का संकल्प लिया। उन्होंने लोगों से बड़ा सोचने और बड़ा करने की अपील की और समाज के सहयोग से किसी भी चुनौती का सामना करने का विश्वास व्यक्त किया। चंद्राकर ने कुरुद क्षेत्र में सहकारिता के नाम पर पूर्व में साजिश किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने के लिए फर्जी समितियों का गठन किया गया था और कांग्रेस के एक नेता ने भय का उपयोग करते हुए सहकारी चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत कुरुद के मतदाता सूची में झूठे नाम जोड़कर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया गया। चंद्राकर ने मोदी सरकार की सराहना की जो किसानों की आय को दोगुना करने के लिए गंभीर है और कहा कि सहकारिता मंत्रालय के नए गठन से सहकारिता और किसानी क्षेत्रों को सशक्त किया जा रहा है। सहकारिता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाये। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, नारायण गिरी गोस्वामी, भीमदेव साहू, वीरेंद्र साहू, ज्योति चंद्राकर, गौकरण साहू, पुष्पलता देवांगन, श्याम साहू, भानु चंद्राकर, कृष्णकांत साहू, दीपक बैस, मालक राम साहू, लोकेश्वर सिन्हा, भूपेंद्र चंद्राकर, विकास चंद्राकर, विक्रम बंजारे, बैंक प्रबंधक टीकेंद्र कुमार बैस सहित बड़ी संख्या में कृषक गण, सहकारी समिति के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार व्यक्त जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंहा ने किया।

# उच्च प्राथमिक शाला परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर के स्काउट गाइड ने शाला परिसर को स्वच्छ रखने हेतु जे आर डहरिया विकास खंड शिक्षा अधिकारी के सफल निर्देशन एवम् पूर्णानंद मिश्रा बी आर सी सी बसना के कुशल मार्गदर्शन में ए एल टी स्काउट लीडर गिरीश कुमार पाढ़ी के सहयोग से स्कूल के सभी स्काउट एवम् गाइड छात्र छात्राओं ने सेनिटेशन प्रमोटर लाग बुक दक्षता प्राप्ति करने हेतु शाला परिसर को स्वच्छ रखने का बीड़ा उठाया है। जिसमे स्काउट भाइयों द्वारा वाश एरिया एवम् पानी पीने हेतु बनाए गए ड्रिंकिंग बेसिन एरिया की रंगाई पोताई किया गया। सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छ जल पीने एवम पानी पीने की जगह को साफ सुथरा रखने हेतु संकल्पित किया गया। साथ ही स्कूल परिसर को साफ एवम् स्वच्छ रखने को संकल्पित हुए। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक स्मारूलाल चौहान प्रभारी प्रधान पाठक,निलेश चौरसिया,चित्रा पटेल के अलावा स्कूल समन्वयक संतलाल पटेल ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत सभी बच्चों को विभिन्न प्रकार के कला कौशल एवम् दक्षता प्राप्त कर अपने कला कौशल में वृद्धि करते रहने बच्चों को प्रोत्साहित किए।स्काउट प्रभारी गिरिश कुमार पाढ़ी ने स्काउटिंग के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के दक्षताओं को प्राप्त करने हेतु बच्चों को सतत प्रयासरत रहने की सीख दी।साथ स्काउटिंग गतिविधि में बढ़चढ़ कर सम्मिलित रहकर आगे बढ़ने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया।

# बीजेपी सरकार की वादा खिलाफी को लेकर युवा कांग्रेस ने घेरा तहसील कार्यालय

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर आज युवा पदाधिकारियों ने धान समर्थन मूल्य में वादाखिलाफी करने धान खरीदी केंद्र में बदहाल अव्यवस्था सहित नशा एवं बढ़ते अपराध के अलावा प्रदेश के छोटे बड़े उद्योग में स्थानीय यूवाओ के रोजगार की व्यवस्था करने की मांग को लेकर आज तहसील कार्यालय का घेराव किया गया जिसमें प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल जिला उपाध्यक्ष दुर्गाचरण ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र माझी युवा अध्यक्ष भविष्य प्रधान प्रदेश सचिव उमेश डोंगरे नवीन सेन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे इस बीच जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि भाजपा आम लोगो से लुभावनी वादा करके तो सत्ता में काबिज हो गई लेकिन प्रदेशवासियों से किए वादा निभाने में आज असफ्ल है मिश्रा ने आगे यह भी कहा कि जिन किसानो को एकमुश्त समर्थन मूल्य की राशि देने का घोषणा करने वाले एक साथ पैसा नहीं दे पा रहे है इसी तरह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी भी सरकार के खिलाफ आरोपों की बौछार लगाते कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की एक साल में कई बड़े बड़े लुट पाठ हत्या आगजनी जैसे मामलों उजागर हुआ मतलब भाजपा ने शांति का टापू कहे जाने वाले राज्य को गुंडा प्रदेश बना दिया है इससे बड़ा दुर्भाग्य किया होगा माझी ने कहा कि लोग आज घर से निकलने के लिए भी घबराते है इस हद तक प्रदेश में चाकूबाजी हो रहा है कुछ इस तरह युवा कांग्रेस अध्यक्ष भविष्य प्रधान ने भी कहा प्रधान ने मीडिया से चर्चा में बताया कि प्रदेश सरकार ना युवाओं के लिए रोजगार मुहैया करा रही है और ना छोटे बड़े उद्योग से युवा को जोड़ने की पहल कर रही हैं सिर्फ नशे की ओर धकेलने का काम कर रही है।

# करनापाली में भारतीय भाषा उत्सव 4 से 11 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली में भारतीय भाषा उत्सव 4 से 11 दिसंबर 2024 तक मनाया जा रहा है । प्रत्येक दिवस बच्चों द्वारा भाषा विकास हेतु अनेक कार्यक्रम रखे जा रहे हैं । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा विशेषकर बच्चों की घर की भाषा में सीखने एवं बहुभाषा शिक्षण पर जोर दिया गया है। नागरिकों में एकता की भावना एवं संस्कृति को संरक्षित करने हेतु भाषा के महत्व के संबंध में जागरूकता लाना है तथा स्कूली स्तर से ही बच्चों में भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृद्ध साहित्य में रुचि एवं आदर की भावना विकसित करना है साथ ही साथ बहुभाषा को प्रोत्साहित करते हुए भारतीय भाषाओं में शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देना तथा भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम प्रदर्शित कर उसके उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली में प्रति दिवस एफ एल एन किट के माध्यम से सब्जियों एवं फलों के नाम को विभिन्न भारतीय भाषाओं जैसे हिंदी छत्तीसगढ़ी उड़िया संस्कृत आदि में सिखाया जा रहा है साथ ही साथ अपने मातृभाषा में कहानी पठन गीत पठन कविता पठन आदि के कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। बच्चों की रुचि बढ़ाने हेतु पपेट शो के माध्यम से श्लोक एवं नीति के दोहे अर्थ सहित बच्चों के द्वारा लिए जा रहे हैं सरकार द्वारा विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करवाने से बच्चों में बहुभाषिता के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के समृद्ध साहित्य के प्रति रुचि बढ़ रही है। शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली विकासखंड बसना जिला महासमुंद में भाषा उत्सव के आयोजन पर प्रधान पाठक डॉक्टर गिरधारी साहू ने खुशी व्यक्त की है एवं बच्चों से अधिक से अधिक भाग लेकर बहुमुखी बनने हेतु आग्रह किया है साथ ही साथ शिक्षक डॉ वीरेंद्र कर ने भी बच्चों को भारतीय भाषाओं को सिखाने हेतु अनेक उपक्रमों के प्रयोग पर बल दिया है। शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों पर जो बच्चों के बहुमुखी विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है एवं शिक्षा नीति 2020 के वृहद उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक है इसे देखकर विकासखंड बसना के बीईओ जेआर डहरिया, बसना बीआरसी डॉ पूर्णानंद मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्री प्रसाद जोल्हे, लोकेश्वर कंवर ने प्रसन्नता व्यक्त की है साथ ही साथ सभी पालक बंधुओं ने भी अपने बच्चों के विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख डॉ वीरेंद्र कुमार कर ने दी।

# टीवी पोलियो निमोनिया खांसी के पूर्ण टीकाकरण करने में स्वास्थ विभाग असफल, लक्ष्य का 50 प्रतिशत पूरा नहीं



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पूर्ण टीकाकरण कर जीवन भर की कई गंभीर बीमारी और संक्रमण से बच्चों को सुरक्षित रखने में स्वास्थ विभाग असफल दिखाई पड़ रहा है तभी बीते 6 माह में राज्य से मिले लक्ष्य का 50% पूरा नहीं कर पाए है जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले में शिशु कल्याण कार्यक्रम के तहत 13 हजार 185 पूर्ण टीकाकरण करने राज्य कार्यालय से लक्ष्य प्राप्त है लेकिन विभाग ने अप्रैल से लेकर अक्टूबर तक सिर्फ 6 हजार 865 पूर्ण टीकाकरण बमुश्किल किया है मतलब 42% हुआ है इसी तरह बीसीजी के लिए भी 13 हजार 185 का लक्ष्य मिला और विभाग मात्र 5 हजार 433 ही कर पाए हैं और यह आंकड़ा के हिसाब से 41% ही टीकाकरण पूरा किया जा सका है और बचत शिशु ऊपर वाले के भरोसे हैं तभी स्वस्थ अमला टीकाकरण को लेकर मुस्तैद नहीं है यही वजह है कि आंकड़ा थम सा गया है जबकि टीकाकरण की डोज पहले से अधिक प्रभावी रूप से काम करते हजारों लाखों बच्चों को संक्रमण और जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद साबित हुआ है फिर भी स्वास्थ विभाग गंभीर नहीं हैं जबकि अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया बच्चों के जीवन को मुसीबत में डाल सकता है जिससे राज्य स्तर के अधिकारी के साथ जनप्रतिनिधि भी अवगत हैं फिर भी स्वास्थ संस्थान में टीकाकरण के लिए किसी प्रकार जोर नहीं दिया जा रहा है जबकि मैनपुर छुरा गरियाबंद जैसे ट्रेबल ब्लॉक को प्राथमिकता देते शत प्रतिशत टीकाकरण करने की पहल होनी चाहिए क्योंकि घने जंगलों के बीच भोले भाले कमार भुजिया आदिवासी परिवार काफी संख्या मे निवासरत है हालांकि देवभोग फिंगेश्वर में टीकाकरण अभियान में तेजी लाने की दरकार है।

### इस उम्र में इस बीमारी के बचाव के लिए टीका

स्वास्थ कर्मचारियों के अनुसार टीवी के बचाव के लिए शून्य से लेकर एक साल तक के शिशु और डेढ़ महीना ढाई महीना साढ़े तीन माह के बच्चों को पेंटा का टीका लगाया जाता है ताकि निमोनिया काली खांसी टिटनेस पोलियों की बीमारी जैसे जानलेवा बीमारी से टीकाकरण अतिआवश्यक है इसी तरह 9 माह के बच्चों को खसरा रुबेला से बचाने के लिए ए मार्क का पहला टीका और दूसरा डेढ़ साल में लगाने की बात बताते हैं इसके अलावा जन्म के 24 घंटा से 1 साल के भीतर बीसीजी यानी बैसिलस कैलमेट-गुएरिन का टीकाकरण अनिवार्य है ताकि टीवी पोलियो निमोनिया जैसे बीमारी और संक्रमण से बचाया जा सके मगर उक्त बीमारी एवं संक्रमण से शिशुओं को बचाने के लिए स्वास्थ विभाग गंभीर नहीं हैं।

### टीकाकरण में तेजी लाने स्वास्थ सचिव को कमान संभाले की दरकार

जिला भर में किए गए टीकाकरण के आंकड़ा को देख सीएचएमओ के नेतृत्व में शत प्रतिशत टीकाकरण कराने की उम्मीद करना बेईमानी होगी ऐसे में स्वास्थ विभाग के सचिव से जनप्रतिनिधि और आम लोगों को काफी उम्मीद है मतलब स्वास्थ सचिव के कमान संभालते अपनी निगरानी रखते मॉनिटरिंग करने से शायद टीकाकरण का यह आंकड़ा परिवर्तन हो जाए क्योंकि सीएचएमओ की कथित मुस्तैदी और पांच विकासखंड में बीएमओ सहित सैकडो स्टाफकी पदस्थापना होने के बावजूद विकासखंडों में शत प्रतिशत टीकाकरण नहीं हो पाया है ऐसे में शिशुओं को टीवी पोलियो निमोनिया काली खांसी जैसे बीमारी और संक्रमण से किस तरह बचाया जा सकता है क्योंकि वर्तमान में जिला स्वास्थ अमला टीकाकरण को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है ऐसे में समय सीमा पर पूर्ण टीकाकरण की कल्पना कैसे किया जा सकता है।

### 41 शिशु और 3 मातृ मृत्यु

सबसे ज्यादा चिंता का विषय तो यह की बच्चों के मृत्यु दर लगातार बढ़ रहा है सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक पूरे जिला भर में अप्रैल माह से लेकर अक्टूबर तक 41 शिशु और 3 मातृ मृत्यु हो चुकी हैं हालांकि यह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है लेकिन ऐसे कई बच्चे है जिनकी मृत्यु की भनक तक नहीं हो पाती अब चाहे निजी अस्पताल हो या फिर सरकारी।

# दुर्ग शहर को 148 लाख की लागत से इंडोर तरणताल की सौगात

## विकास कार्यों को दुर्ग शहर में गति मिली : गजेन्द्र यादव

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com




**जिले के युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका**

दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में शहर में स्थित सीटी क्लब के प्रांगण में 148 लाख की लागत से तरणताल निर्माण के लिए आज भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि जिस प्रकार बेडमिंटन का मैदान तैयार किया जा रहा है, उसी प्रकार तरणताल का निर्माण भी हो। उन्होंने विधायक बनने के बाद जो सपना देखा था उसको पूरा करने में कलेक्टर चौधरी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिला को वैभवशाली बनाने हरसंभव कोशिश करूंगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की रेकिंग में दुर्ग जिला प्रथम स्थान पर रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए जिला अस्पताल में 9 करोड़ की लागत से 150 बिस्तरों का वार्ड तैयार किया जा रहा है। जिले को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए बेंगलुरू के आईटी पार्क की तरह भिलाई में भी आईटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। जिससे जिले के छात्र-छात्राओं को पढ़ने तथा रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई न हो सके। उन्होंने जिले को सुव्यविस्थत करने के लिए जैसे पटेल चौक, राजेन्द्र प्रसाद चौक तथा अन्य क्षेत्रों का सौन्दर्यीकरण करने के लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के विकास कार्यों को नया आयाम देने के साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए कलेक्टर का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता के सुझाव के आधार पर विधायक श्री यादव ने शहर का विकास करने हमेशा तत्पर रहे है। जिले के विकास के लिए व्यक्तिगत जागरूकता होना अनिवार्य है। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए विधायक के माध्यम से शहर को तरण ताल की सौगात मिली है, इससे जिले के युवाओं को सुविधा मिलेगी। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि शहर की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। जिले के युवा पीढ़ी को खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का कार्य अनुभवी खिलाड़ियों का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि तरणताल का निर्माण करने के उपरांत उसका संचालन भी सुव्यवस्थित सुचारू रूप से होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद राजकुमार नारायणी, दुर्ग नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण यंत्री जे.के. मेश्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

# दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विभिन्न कार्यो के लिए 57.48 लाख रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 10 कार्यो के लिए 57 लाख 48 हजार 5 रूपए स्वीकृत किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) में उड़िया बस्ती सार्वजनिक भवन के पास कलामंच में छत ढलाई निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) में सार्वजनिक मंच में डोमशेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 981 रूपए, ग्राम पंचायत उमरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य दिनेश कुमार सिन्हा घर से भावेन्द्र कुमार सिन्हा घर तक चन्द्रनगर के लिए 2 लाख 99 हजार 771 रूपए, ग्राम पंचायत चिरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रहलाद निषाद घर से सेतु साहू घर तक के लिए 7 लाख 99 हजार 510 रूपए, ग्राम पंचायत भानपुरी में वार्ड-04 सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भानपुरी में सीसी रोड निर्माण कार्य कमलनारायण साहू घर से बुधे दिल्लीवार के घर तक के लिए 3 लाख 99 हजार 755 रूपए, ग्राम पंचायत हनोदा वार्ड 11 एवं 14 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 39 हजार 546 रूपए, ग्राम पंचायत हनोदा वार्ड 20 में सीसी रोड निर्माण कार्य डोमन चंद्राकर घर से मनीषा घर तक के लिए 6 लाख 09 हजार 626 रूपए, ग्राम पंचायत हनोदा में सीसी रोड निर्माण कार्य मेन रोड से अस्पताल रोड तक के लिए 2 लाख 99 हजार 816 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आवास निर्माण के पूरे कार्यो की मॉनिटरिंग करेंगे आवास मित्र : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में आवास मित्रों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में वृहद आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु नव नियुक्त आवास मित्रों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आवास मित्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सबसे बड़ी तथा महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के लिए आवास तक की सुविधा दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रोत्साहन करते हुए कलेक्टर ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण में 7381 आवास निर्माण किया जाना है। उसमें प्रमुख भूमिका नव नियुक्त आवास मित्रों की रहेगी। उन्होंने लक्ष्य को साझा करते हुए नव नियुक्त आवास मित्रों को ईमानदारी व दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने को कहा। साथ ही माह मार्च 2025 तक आवास को पूर्ण कराने का लक्ष्य साझा किया गया। कलेक्टर ने आवास निर्माण की अनुदान राशि समय-सीमा में दिए जाने एवं जियों टेगिंग भी समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। हितग्राहियों को जॉब कार्ड के साथ मजदूरी भुगतान समय पर किए जाने की बात कही। आवास निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्री का व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराना जाना सुनिश्चित करें, ताकि आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाया जा सके। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर योजना के क्रियान्वयन, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहयोग की दृष्टि से 52 हितग्राहियों का आवास मित्रों का चयन किया गया है, जिसमें दुर्ग 07, धमधा 27, पाटन 18 अभ्यर्थी शामिल है। आवास मित्रों को प्रधानमंत्री आवास समय सीमा में पूर्ण कराने व 90 दिवस का मनरेगा मजदूरी राशि को हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने में सहयोग प्रदान करना है। सीईओ श्री दुबे ने बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत दुर्ग में 952, धमधा में 4686, पाटन में 2343 का लक्ष्य रखा गया है। अल्ट्राटेक सीमेंट, एसीसी सीमेंट, जे.के.लक्ष्मी सीमेंट द्वारा आवास निर्माण के लिए उन्हें रियायती दर पर सीमेंट उपलब्ध कराया जाएगा। नव नियुक्त आवास मित्रों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर आवास निर्माण को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु तकनीकी ज्ञान भी प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान नव नियुक्त आवास मित्र, अल्ट्राटेक, एसीसी सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधि सहित जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज से 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन


पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

13 दिसम्बर 2024 को राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी विभागों द्वारा 09 से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं/आगामी कार्ययोजनाओं/विजन के संबंध में प्रस्तावित गतिविधियों के संचालन/क्रियान्वयन की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध कराने विभागवार दायित्व सौपे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को प्रस्तावित गतिविधि- एक साल की उपलब्धियों पर क्वीज, सुशासन पर पेंटिंग/ पोस्टर प्रतियोगिता/ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टकार्ड लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) रंगोली प्रतियोगिता (बालिका वर्ग)। उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग को- जिला मुख्यालय पर सायकल रैली, सुशासन पर संगोष्ठी (प्रत्येक महाविद्यालय में), वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक (एनसीसी/एनएसएस)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को-अमृत सरोवरों पर ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत वृक्षारोपण, सभी ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा, बिहान की दीदियों द्वारा सुशासन का संकल्प चक्र, विकासखण्ड मुख्यालयों पर सुशासन रंगोली, सुशासन चौपाल का आयोजन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को-ब्लड डोनेशन केम्प (रेड क्रॉस के सहयोग से), मितानीन सम्मलेन, प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, चिकित्सा महाविद्यालयों में संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन। संयुक्त संचालक सहकारी संस्थाएं दुर्ग को- प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में किसान सम्मान कार्यक्रम। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को- प्रत्येक हॉस्टल में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज, जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम, नाचा दलों के माध्यम से एक साल की उपलब्धि पर आधारित कार्यक्रम। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को- महतारी वंदन के लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान, आंगनबाड़ी में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता। उप संचालक कृषि विभाग को- कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का सम्मान, उन्नत कृषकों का सम्मान, कृषक संगोष्ठी। उप संचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग को- दिव्यांग कलाकारों/ खिलाड़ियों/ प्रतिभाओं का सम्मान, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, वृद्धाश्रमों में कार्यक्रम। पुलिस अधीक्षक को- शहीदों के परिजनों का सम्मान, नगर सेना के जवानों द्वारा सार्वजनिक स्थल पर श्रमदान। सहायक श्रमायुक्त श्रम विभाग दुर्ग को- श्रमिक सम्मेलन, श्रमिकों का सम्मान। आयुक्त, नगर निगम दुर्ग/भिलाई/ रिसाली/चरोदा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कुम्हारी/ अहिवारा/जामुल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पचायत अमलेवर/ धमधा/ पाटन/उतई को सफाई वाहनों से जिंगल्स का प्रसारण, सफाई पखवाड़ा का आयोजन, स्वच्छता दीदीयों का सम्मलेन, सम्मान मनोरंजन/खेलकूद कार्यक्रम, सभी नगरीय क्षेत्रों में आकर्षक सेल्फी जोन तैयार करना। वनमण्डलाधिकारी, वनमंडल दुर्ग को- वन सुरक्षा समितियों का सम्मेलन, वृक्षारोपण। उप संचालक पशुचिकित्सा एवं सेवायें दुर्ग को- गौ-पूजन कार्यक्रम। नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा दुर्ग, नोडल अधिकारी तकनीकी शिक्षा दुर्ग सहायक संचालक कौशल विकास दुर्ग को- सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, आई.आई.टी. आदि में सुशासन पर वाद-विवाद संगोष्ठी का आयोजन, आई.टी.आई. , व्ही.टी.पी. व लाईवलीहुड कॉलेजों में सुशासन पर कार्यक्रमों का आयोजन। जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल दुर्ग को- सफाई अभियान हेतु श्रमदान, संगोष्ठी। आयुक्त नगर निगम दुर्ग/भिलाई/चरोदा को- सभी होटल एवं प्रमुख पर्यटन स्थलों में सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को दर्शित करने वाले होल्डिंग्स, बैनर आदि का प्रदर्शन, प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सेल्फी जोन तैयार करना आदि शामिल किये गये हैं।

# दुर्ग नगर विधानसभा में सामुदायिक भवन में कक्ष निर्माण के लिए 53.96 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग नगर विधानसभा के पांच कार्यो के लिए 53 लाख 96 हजार 423 रूपए स्वीकृत किया गया है। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक-10 विजय नगर मनोकामना मंदिर के पास सहस्त्रबाहू मार्ग स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 99 हाजर 641 रूपए, वार्ड क्रमांक-16 जयंती नगर सिकोला बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 899 रूपए और वार्ड क्रमांक-16 जयंती नगर सिकोला बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन में रसोई/स्टोर कक्ष निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक-40 कसारीडीह न्यास आश्रम सामुदायिक भवन में भूतल एवं प्रथम तल में रसोई व शौचालय कक्ष निर्माण कार्य के लिए 23 लाख 96 हजार 883 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# प्रगतिशील कृषक धनेश रबी फसल की तैयारी में



**दुर्ग।** जिले के प्रगतिशील कृषक के रूप में अपने पहचान बनाकर पुरस्कृत होने वाले कृषक धनेन्द्र कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आय अर्जित कर रबी फसल की तैयारी में लग गया है। धान की उन्नत एवं वैज्ञानिक तरीके से खेती कर प्रति हेक्टेयर अधिक उत्पादन लेने वाले जिले के धमधा विकासखण्ड के ग्राम घोंठा निवासी कृषक धनेश पटेल पहले अपने 1.01 हेक्टेयर रकबा के कृषि भूमि में 48 क्विंटल धान की पैदावारी ले रहे थे। इसमें उसे एक लाख 25 हजार रूपए तक की आमदनी हुई थी। इस बार कतार बोनी और रोपाई पद्धति से धान की बोनी से उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है। इस साल उन्होंने 52.40 क्विंटल धान की पैदावारी के साथ एक लाख 62 हजार 440 रूपए की आय अर्जित किया है। साथ ही साढ़े 33 हजार अतिरिक्त आमदनी अर्जित की है। कृषक धनेश ने बताया कि सरकार की कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए की दर से खरीदी ने अतिरिक्त आमदनी के लिए प्रभावित किया है। समर्थन मूल्य में धान बिक्री पश्चात् प्राप्त आमदनी से घर की माली हालत में सुधार के साथ ही अब रबी फसल की खेती के लिए उन्नत बीज, खाद एवं दवाई की व्यवस्था कर रहे हैं। किसानों की हित में सरकार की योजना का प्रगतिशील कृषक धनेश पटेल ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# हवाई अड्डों पर विश्वस्तरीय सुरक्षा तय करने सीआइएसएफ ने गुणवत्ता नियंत्रण इकाई बनाई

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने भारत भर के 68 हवाई अड्डों पर तैनात विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) की स्थापना करके विमानन सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आईक्यूसीयू विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा जारी राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सुरक्षा गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम-2024 (एनसीएएसक्यूसीपी) और विमान (सुरक्षा) नियम-2023 के अनुपालन में है। यह आईक्यूसीयू विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र (एएससीसी) का हिस्सा है जिसे बीते साल 22 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुभारंभ किया गया। इसके उन्नत घटक जैसे कि घटना प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान और डेटा केंद्र, केंद्रीकृत संचार नियंत्रण केंद्र, आईक्यूसीयू के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जिससे मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके और भारतीय हवाई अड्डों की समग्र सुरक्षा स्थिति को बढ़ाया जा सके। यह प्रणाली क्षेत्रीय संपर्क योजना (यूडीएएन) के अंतर्गत आने वाले हवाई अड्डों को भी कवर कर रही है। आईक्यूसीयू का नेतृत्व एक वरिष्ठ सीआईएसएफ अधिकारी और प्रमाणित विमानन सुरक्षा (एवीएसईसी) प्रशिक्षकों, राष्ट्रीय लेखा परीक्षकों और अनुभवी कर्मियों की एक टीम द्वारा की जा रही है। जो निम्नलिखित में सहायक हो रहे हैं। प्रक्रियाओं का मानकीकरण, मानकीकृत प्रशिक्षण और मूल्यांकन विधियों के माध्यम से सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता सुनिश्चित करना। इसके अलावा तकनीकी उन्नति के तहत क्षेत्र परीक्षणों और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने की सिफारिश करना। आंतरिक लेखापरीक्षा के तहत सुरक्षा परिचालनों का मूल्यांकन करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के लिए आईसीएओ, बीसीएएस दिशानिर्देशों के आधार पर आंतरिक निरीक्षण और लेखापरीक्षा आयोजित करना। वहीं गुणवत्ता नियंत्रण निगरानी के तहत स्थापित मानकों को पूरा करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकाल की निगरानी, समीक्षा, अद्यतन करना, अनुपालन, प्रौद्योगिकी प्रभावशीलता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करना है। फीडबैक विश्लेषण अन्तरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन (आईसीएओ), बीसीएएस और एनसीएएसक्यूसीपी मानकों के अनुसार एएसजी से फीडबैक एकत्रित करना और उसका विश्लेषण करना, ताकि कमियों की पहचान की जा सके और प्रदर्शन में सुधार लाया जा सके। सीआईएसएफ सुरक्षा कार्यो की प्रभावशीलता को बढ़ाने, जोखिमों को कम करने तथा एक मजबूत और लचीली विमानन सुरक्षा प्रणाली बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिव्यांग बच्चों ने खूब मटकी फोड़ी, जमकर लगाई दौड़ और कल्पना में भरे रंग

## जीई फाउंडेशन का दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' सफलतापूर्वक आयोजित

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com




सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' में सुबह से शाम तक रौनक रही। विभिन्न जिलों से आए 300 से ज्यादा विशेष बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने न सिर्फ मटकी फोड़ी और दौड़ लगाई बल्कि ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी अपनी कल्पना को रंग भर कर अतिथियों को हैरान कर दिया। शासकीय-अशासकीय समस्त संस्थानों से आए अतिथियों ने न सिर्फ इन बच्चों की जम कर तारीफ की बल्कि आयोजक जीई फाउंडेशन की पहल को भी अनुकरणीय बताया। भिलाई निवास के सामने स्थित मैदान में रविवार की सुबह उपस्थित अतिथियों ने प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाकर 'उड़ान' का औपचारिक शुभारंभ किया। आयोजन में विभिन्न संस्थानों से आए विशेष बच्चों के लिए अलग-अलग तमाम व्यवस्थाएं की गई थी। यहां बच्चों ने ड्राइंग एवं पेंटिंग में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान सुबह से शाम तक दिव्यांग बच्चों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें इन बच्चों ने शारीरिक अक्षमता को पीछे छोड़ते हुए मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में पहुंचे भिलाई स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि समाज से विशेष बच्चों को एक मंच पर लाना और उन्हें अवसर देने जीई फाउंडेशन का कार्य अतुलनीय है। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. रवींद्रनाथ एम. ने कहा कि विशेष बच्चों के प्रति जीई फाउंडेशन अपनी जवाबदारी बखूबी निभा रहा है, यह हम सबके लिए प्रेरणास्पद है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उपमहानिरीक्षक बी एस पंते ने इन विशेष बच्चों को लड्डू खिला कर मुंह मीठा करवाया और पूरे आयोजन को अनुकरणीय बताया। सेंट थॉमस मिशन के राजू फादर ने कहा कि जीई फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के प्रति अपनी सेवाओं से समाज को यह एहसास भी कराया है कि इन विशेष बच्चों को लेकर उन सभी की भी जिम्मेदारी बनती है। वहीं युवा नेता मनीष पांडेय ने कहा कि यहां दिव्यांग बच्चों के लिए जो काम जीई फाऊंडेशन कर रहा है उसका संदेश अब पूरे देश मे जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक प्रखर पांडेय ने प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते हुए आयोजन की सराहना की। इस दौरान बच्चों के साथ आए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा बी एस एफ के कमांडेंट मनीष सिन्हा, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के मुख्य महाप्रबंधक पी के सिंह, नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्त और एसएमएस-3 के महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई, संजय मिश्रा, जावेद खान, के वी विनोद, मनीष टावरी, सुरेश कुमार, श्रेयस कुमार, प्रकाश देशमुख, मृदुला शुक्ला, सुभागा सुरेश, ज्योति पिल्लई, हेमा कुलकर्णी, देवनारायण, स्वाति पंडवार, स्वाति बारीक, विशाखा मंगुडे और योगिता साहू की सहभागिता रही। वहीं सेंट थॉमस कॉलेज और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के स्टूडेंट ने भी विशेष सहयोग दिया। समूचे समारोह का संचालन सत्यवान नायक ने किया।

### इन संस्थानों की रही भागीदारी

उड़ान 2024 में मुख्य रूप से जिन संस्थानों ने भागीदारी दी, उनमें प्रयास स्कूल सुपेला, ब्राइट स्कूल दुर्ग, प्रगति स्कूल भिलाई, नवजीवन स्कूल भिलाई स्नेह संपदा स्कूल भिलाई, मानवता स्कूल भिलाई नयनदीप नेत्रहीन विद्यालय भिलाई, दिव्य ज्योति स्कूल भिलाई, गुरुकुल स्कूल भिलाई, आकांक्षा स्कूल रायपुर, सार्थक स्कूल धमतरी, अभिलाषा स्कूल राजनांदगांव और समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग शामिल हैं।

# प्लेसमेंट केम्प का आयोजन 11 दिसम्बर को, बीमा सखी केवल महिलाओं के लिए

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर दुर्ग में 11 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक एलआईसी ऑफइंडिया कुम्हारी शाखा द्वारा बीमा सखी (केवल महिलाओं के लिए) 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनका कार्यस्थल भिलाई-दुर्ग है। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास तथा आयु 21-45 वर्ष की आवश्यक है। इसी प्रकार पालीबाण्ड इंश्युलेंशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्यूजीनस डेव्हलपमेंट ऑफिसर के लिए 10, जुनियर एकाउण्टेंट 10, कम्प्यूटर ऑपरेटर 10, फिल्ड स्पेशीलिस्ट 20 और मेंटनेंस इंचार्ज के लिए 6 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनका कार्यस्थल भिलाई होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता ब्युजीनस डेव्हलपमेंट ऑफिसर के लिए एमबीए (फाइनेंस/मार्केटिंग/सेल) अनुभवी को प्राथमिकता, एकाउण्टेंट बी.काम. प्लस कम्प्यूटर टेली नॉलेज, कम्प्यूटर ऑफिसर के लिए बीसीए/ बीबीए/ बीएससी (कम्प्यूटर नॉलेज), फिल्ड स्पेशीलिस्ट के लिए आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन/फीटर/कोपा/डीजल मैकेनिक) अनुभवी को प्राथमिकता और मेंटनेंस इंजार्च के लिए बीई/बी टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सभी दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ कार्यालयीन समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में उपस्थित हो सकते हैं।



# इम्तियाज अली की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे फहद फासिल

पुष्पा 2 स्टार फहद फासिल बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इम्तियाज अली ने अपनी अगली फिल्म के लिए फहद फासिल को साइन किया है। फहद इस आने वाली फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। इम्तियाज अली ना केवल फिल्म का निर्देशन करेंगे बल्कि इसके निर्माता भी होंगे। फिल्म का निर्माण कथित तौर पर अगले साल की शुरुआत में शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद फासिल इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के साथ ही वह इम्तियाज अली के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी सफर शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो उनके पसंदीदा बॉलीवुड निर्देशकों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद इस प्रोजेक्ट पर महीनों से चर्चा कर रहे थे और हाल ही में इसे अंतिम रूप दिया गया है। इस आगामी फिल्म में उनके साथ भूल भुलैया 3 अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की जोड़ी काफी रोमांचक नजर आ रही है। इम्तियाज प्रेम कहानियों में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं और यह उनकी कहानियों की सूची में सबसे अलग होने का वादा करती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और 2025 की पहली तिमाही में इसका निर्माण शुरू होने वाला है। इम्तियाज अली अपने बैनर विंडो सीट फिल्म्स के तहत फिल्म का निर्माण करेंगे। यह फिल्म इम्तियाज के साथ फहद का पहला सहयोग और बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म होगी, जबकि तृप्ति ने इससे पहले लैला मजनू में अभिनय किया था, जिसे फिल्म निर्माता ने लिखा था।

इस बीच, फहद फासिल जल्द ही पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ मुकाबला करते नजर आएंगे। कोच्चि में पुष्पा 2- द रूल के प्री-रिलीज इवेंट में, अल्लू अर्जुन ने अपने सह-कलाकारों, विशेष रूप से फहद फासिल की प्रशंसा करते हुए कहा, मेरी सभी फिल्मों में पहली बार, मैंने सबसे अच्छे मलयालम अभिनेताओं में से एक, हमारे फाफा के साथ काम किया है। मैं वास्तव में आज उसे देखने से चूक गया। मैं वास्तव में चाहता हूं कि हम दोनों आज केरल में एक साथ यहां खड़े होते। यह एक प्रतिष्ठित बात होती। मेरे भाई, धन्यवाद! काश हम यहां एक साथ होते। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।



# आलिया भट्ट से तुलना को लेकर बोलीं शालिनी पांडे

महाराज फेम अभिनेत्री शालिनी पांडे ने आलिया भट्ट के साथ के लुक और आवाज को लेकर हुई तुलना के बारे में बताया। शालिनी ने माना कि वह तुलनाओं से चिढ़ जाती थीं और चाहती थीं कि लोग उन्हें वह जैसी हैं उसी रूप में देखें, लेकिन अब उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है।

## आवाज और लुक को लेकर बोलीं शालिनी

बातचीत में शालिनी पांडे ने अनन्या पांडे, अदिति राव हैदरी, तृप्ति डिमरी के साथ बात की। उन्होंने बातचीत में कहा कि लोग उन्हें आलिया की आवाज और लुक को लेकर चर्चा करते रहे। इस दौरान उन्हें चिढ़ होती थी। शालिनी पांडे ने कहा, पहले वह तुलनाओं से थोड़ी चिढ़ जाती थीं क्योंकि वह चाहती थीं कि लोग उन्हें उनके वास्तविक रूप में देखें, न कि किसी तुलना के लिए। उन्होंने कहा, पहले, मैं थोड़ी चिढ़ जाती थी, इसलिए नहीं कि मुझे आलिया पसंद है, बल्कि इसलिए कि जब आपकी तुलना किसी से की जाती है, तो आप ऐसा सोचते हैं, नहीं, मैं अपनी हूं, इसलिए मैं ऐसा सोचती थी, नहीं, मुझे वैसा ही देखो जैसा मैं हूं। शालिनी पांडे ने कहा कि समय बीतने के साथ उनका नजरिया भी बदलने लगा।

## तमिल फिल्म में भी कर चुकी हैं काम

शालिनी पांडे को महाराज फिल्म के लिए जाना जाता है। वे कई तमिल और तेलुगु फिल्मों के लिए काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने 2022 में रणवीर सिंह अभिनीत जयेशभाई जोरदार से हिंदी फिल्म में अपनी शुरुआत की। दो साल के ब्रेक के बाद, उन्होंने अपनी अगली हिंदी फिल्म महाराजा में काम किया।

# विक्रांत सिंह से प्रेम विवाह रचाकर पछताई मोनालिसा?

मोनालिसा और विक्रांत सिंह की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद है। इन्होंने प्रेम विवाह रचाया। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद कपल ने रियलिटी शो बिग बॉस में शादी रचाई। अब अचानक मोनालिसा लव मैरिज में पछताती नजर आ रही हैं। आप कुछ गलत समझें उससे पहले बता दें कि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। दरअसल, मोनालिसा का नया गाना रिलीज हुआ है। इसका टाइटल है, लव मैरिज में भारी नुकसान हो गैल।

## पति विक्रांत के साथ जमी जोड़ी

भोजपुरी सिनेमा की चर्चित स्टार मोनालिसा अपने डांस के लिए मशहूर हैं। आज बुधवार को उनका भोजपुरी गाना रिलीज हुआ है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें उनके पति विक्रांत सिंह भी नजर आए हैं। मोनालिसा और विक्रांत के फैंस के लिए यह किसी ट्रीट से कम नहीं। इस गाने में वे लव मैरिज के साइड इफैक्ट दिखाती नजर आई हैं। दोनों के बीच कमाल के केमिस्ट्री दिखाई दी है। गाने में मोनालिसा मजाकिया अंदाज में अपने पति को ताने देती दिख रही हैं।

## मोनालिसा ने साझा किया पोस्ट

यह गाना यूट्यूब पर टी-सीरीज हमार भोजपुरी चैनल पर जारी किया गया है। गाने को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों को गाना तो पसंद आ ही रहा है, मोनालिसा और विक्रांत को परदे पर साथ देखकर भी वे बेहद खुश हैं। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे नौ लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा कर इस गाने की रिलीज की जानकारी फैंस से साझा की है और इसे देखने की अपील की है। इस गाने को सिंगर प्रिया मलिक ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है। गीत के बोल पंकज नारायण ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक विक्की प्रसाद ने कम्पोज किया है। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर अपूर्व बजाज हैं।

## प्रेम लीला शो में आएंगी नजर

मोनालिसा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके हाथ नया शो प्रेम लीला लगा है। कल मंगलवार से उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू की है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी साझा की। इस शो में वे रुद्राक्षी के किरदार में नजर आएंगी।





# डिवोर्स की अफवाहों के बीच नीति बोली- मेरी चुप्पी मेरा जवाब है, सरनेम हटाने की वजह बताई

पिछले कुछ समय से टीवी अभिनेत्री नीति टेलर अपने निजी जीवन के कारण चर्चा में बनी हुई है। कहा जा रहा है कि उनका अपने पति परीक्षित बावा से अलगाव हो गया है। नीति ने भी इन अफवाहों का अब तक खंडन नहीं किया था। लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने तलाक की अफवाहों पर बात की है।

## चुप रहने की वजह बताई

हाल ही में नीति ने अपने तलाक से जुड़ी अफवाहों पर खुलकर बात की। वह कहती हैं, 'अगर हम चुप हैं या कोई सफाई नहीं दे रहे हैं तो यही हमारा जवाब है। मेरी चुप्पी ही मेरा जवाब है। जब ऐसा कुछ है ही नहीं, सबकुछ ठीक है तो कोई सफाई देने की जरूरत ही नहीं है। कुछ महीनों पहले भी उन्होंने इस बातों को बिल्कुल झूठा बताया था।

## शादी को हुए हैं कुछ ही साल

नीति की शादी साल 2020 में परीक्षित बावा से हुई थी, वह एक्टिंग वर्ल्ड से नहीं आते हैं। नीति के पति एक आर्मी ऑफिसर हैं। यह तलाक की अफवाह नीति के कारण ही सामने आई। दरअसल, उन्होंने अपने सोशल मीडिया पेज से परीक्षित का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया था।

## सरनेम हटाने का कारण बताया

नीति ने पति का सरनेम क्यों अपने नाम से हटाया है? इस बारे में भी वह बताती हैं। नीति कहती हैं, 'ऐसा ज्योतिष कारणों से मैंने किया है।' वह यह भी बताती हैं कि आज भी उनके सोशल मीडिया पेज पर पति के साथ उनकी सारी फोटो मौजूद हैं।

## 'बड़े अच्छे लगते हैं' सीरियल से हुई चर्चित

नीति टेलर ने बहुत कम उम्र में टीवी सीरियल्स में काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन नीति को पहचान सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के जरिए मिली। इस सीरियल के अलावा वह 'ये हैं यारियां' सीरियल में भी नजर आई थीं। इन दिनों वह अपनी पर्सनल लाइफ में काफी बिजी हैं।



# विवेक ओबेरॉय ने बताई फिल्म इंडस्ट्री की हकीकत

अभिनेता विवेक ओबेरॉय की फिल्मी यात्रा उतार-चढ़ावों से भरी रही है। कई शानदार फिल्मों में नजर आने के बाद अचानक वे इंडस्ट्री से गायब हो गए। फिल्मी परिवार से होकर भी उन्होंने ऐसा समय देखा, जब उनके पास कोई फिल्म नहीं रही। हाल ही में अभिनेता अपने करियर के संघर्ष और फिल्म इंडस्ट्री के मिजाज पर बात करते नजर आए। उन्होंने इंडस्ट्री को एक बेहद असुरक्षित जगह बताया है।

## हिट फिल्म देकर भी रहे बेरोजगार

विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के चैलेंजिंग पड़ाव पर बात की, जब वे करीब डेढ़ साल तक बेरोजगार रहे। करियर में हिट फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला देने के बाद भी उन्होंने ये दौर देखा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार तनाव और दबाव के चलते उन पर बहुत बुरा असर पड़ा। इसके चलते उन्हें थकान महसूस होने लगी।

## सामने रखी इंडस्ट्री की हकीकत

हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में विवेक ओबेरॉय ने फिल्म इंडस्ट्री को असुरक्षित जगह बताया उन्होंने कहा, मैंने 22 साल में करीब 67 प्रोजेक्ट किए हैं, लेकिन इंडस्ट्री बहुत असुरक्षित जगह है। आप बढ़िया काम कर सकते हैं, पुरस्कार जीत सकते हैं और एक अभिनेता के तौर पर अपना काम कर सकते हैं, लेकिन साथ ही यहां रहकर आपको दूसरी वजहों से बेरोजगारी का सामना भी करना पड़ सकता है।

## उम्मीदों पर फिर गया पानी

विवेक ओबेरॉय साल 2007 में आई शूटआउट एट लोखंडवाला की सफलता के बावजूद लगभग 15 महीनों तक बेरोजगार रहे। इस बारे में बताते हुए अभिनेता ने कहा, साल 2007 के बाद, जब मैंने शूटआउट एट लोखंडवाला की और गणपत गाना वायरल हो गया, मैंने पुरस्कार जीते तो मुझे उम्मीद थी अब कई सारे ऑफर मिलेंगे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ, बल्कि करीब डेढ़ साल तक घर बैठा रहा।

## आर्थिक स्वतंत्रता के लिए उठाया ये कदम

विवेक ओबेरॉय ने कहा कि साल 2009 में उन्होंने एक अहम फैसला लिया। उन्होंने इंडस्ट्री के भरोसे रहने की बजाय आर्थिक स्वतंत्रता पर फोकस किया। उन्होंने तय किया कि वे बाहरी ताकतों को अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। एक्टर ने बताया कि व्यवसाय में कदम रखने से उन्हें वह स्वतंत्रता मिली, इसकी उन्हें चाहत थी। विवेक के मुताबिक, सिनेमा हमेशा उनका जुनून रहेगा, लेकिन उन्होंने व्यवसाय को आजीविका के लिए प्लान बी के रूप में देखा। इस कदम ने उन्हें इंडस्ट्री की असुरक्षाओं आजादी दिलाने में मदद की। विवेक ओबेरॉय के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने मस्ती 4 सहित चार फिल्में साइन की हैं।



# कब आएगी चांदनी चौक टू अफ्रीका? निखिल आडवाणी ने दिया बड़ा अपडेट

साल 2009 में आई फिल्म चांदनी चौक टू चाइना भले ही व्यवसायिक रूप से सफल नहीं हो सकी, लेकिन यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी आज भी काफी ज्यादा लोकप्रिय है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म अपने एक्शन और कॉमेडी के लिए काफी पसंद की गई थी। अब फिल्म के निर्देशक निखिल आडवाणी ने इस फिल्म के सीक्वल चांदनी चौक टू अफ्रीका के बारे में अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अगर दर्शक चाहते हैं तो वह अक्षय कुमार से इस पर बात करेंगे और फिल्म पर चर्चा करेंगे। निखिल आडवाणी ने कहा कि उन्हें इस फिल्म के बारे में बहुत कुछ सुनने को मिल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म कब रिलीज होगी तो उन्होंने कहा, पता नहीं यार। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि चांदनी चौक टू चाइना का पहला आधा हिस्सा शानदार था, लेकिन वह अब भी यह समझने में असमर्थ हैं कि फिल्म को बड़े पर्दे पर इसे क्यों नहीं देखा गया।

## सीक्वल पर दिया अपडेट

जब होस्ट ने उनसे कहा कि आज भी लोग फिल्म के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं तो निखिल ने कहा कि वह इस बारे में अक्षय कुमार से जरूर बात करेंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अक्सर सुबह जल्दी उठकर अक्षय कुमार से चार-पांच बजे बातचीत करते हैं और हम साथ में काम करने की योजना बना रहे हैं।

## दूसरा पार्ट बनाने की नहीं थी योजना

निखिल ने यह भी बताया कि चांदनी चौक टू अफ्रीका की योजना कभी नहीं बनाई गई थी, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि अगर चांदनी चौक टू चाइना सफल होती है तो इसके दूसरे भाग पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार को दीपिका पादुकोण के साथ उनकी फिल्म बहुत पसंद आई थी, हालांकि फिल्म का दूसरे हाफ में कुछ समस्याएं थीं जिसके कारण यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई।

## इन फिल्मों में दिखेंगे अक्षय कुमार

निखिल आडवाणी ने यह भी कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह इस फिल्म के दूसरे हाफ को फिर से शूट करना चाहेंगे। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, रणवीर शौरी, रोजर युआन और चीनी अभिनेता गॉर्डन लियू जैसे सितारे भी थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार जल्द ही जॉली एलएलबी 3, हाउसफुल 5, वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और स्काई फोर्स जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# 'सिटाडेल 2' की शूटिंग प्रियंका ने की पूरी, शो को बताया 'रोलर कोस्टर राइड'

प्रियंका चोपड़ा ने अपने बहुप्रतीक्षित वेब शो सिटाडेल के सीक्वल की शूटिंग पूरी कर ली है। मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर शो की शूटिंग खत्म होने के बाद तस्वीरें साझा की। अभिनेत्री ने अपने इस सफर को 'रोलर कोस्टर राइड' बताया।

पहली तस्वीर में, प्रियंका अपने किरदार नादिया सिंह के लुक में और फूलों का गुलदस्ता लेकर मुस्कुराती नजर आईं। वहीं, अभिनेत्री ने कई सारे अन्य पल भी वीडियो और तस्वीर के माध्यम से साझा किए। प्रियंका ने कैप्शन में लिखा कि उनका यह साल काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, साथ ही उन्होंने शूटिंग पूरा होने पर कास्ट और क्रू का आभार जताया।



# कुल्लूपानी आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन नियमित नहीं, जिम्मेदार मौन






पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के तरेगांव परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्र कुल्लूपानी का संचालन नियमित रूप से नहीं किया जाता। शासन द्वारा केंद्र संचालन का समय सारणी जारी किया गया है लेकिन अमल नहीं हो पा रहा है। जिसका मुख्य जिम्मेदार आंगनवाड़ी केंद्र का कार्यकर्ता है साथ ही नियमित निरीक्षण करने वाले भी उससे कही ज्यादा दोषी है इन पर जांच करने के बजाए। सक्षम अधिकारी उन्हें संरक्षण दे रहे हैं और विशेष पिछड़ी जनजाति लोगो के बच्चो को शासन के गाइडलाइन के अनुरूप पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है जबकि पूरक पोषण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार लाना है। 6 महीने से 6 वर्ष की आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को वर्ष में 300 दिन पोषण सहायता दी जाती है। जो नहीं मिल पा रहा है।

## समय पर नहीं खुलता केंद्र

कुल्लूपानी वन ग्राम है जहां पर पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। बरसात के दिनों में नदी नाले पर बाढ़ होने से गांव का आवागमन बंद हो जाता है। सरकार वहां पर निवास करने वाले परिवार के बच्चो को शिक्षित करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला खोल दिए हैं लेकिन जिनके हाथों में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र संचालन की जिम्मेदारी है वो सही समय पर अपना केंद्र संचालन करने नहीं पहुंच पाते। ग्राम पंचायत बोदा का आश्रित ग्राम है कुल्लूपानी। कुल्लूपानी और बोदा की दूरी 5-6 किलोमीटर है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बोदा में निवास करती हैं। ऐसे स्थिति में पैदल चलकर सुबह 9:30 में पहुंचकर केंद्र नहीं खोल पाती। ग्रामीणों ने बताया कि सप्ताह में तीन चार दिन ही केंद्र खुलता है वो भी एक दो घंटे के लिए। एड स्थिति में बच्चों को स्कूल पूर्व की शिक्षा मिलना संभव ही नहीं है।

## जांच में आनाकानी

एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव का एरिया जंगल और पहाड़ों से घिरा हुआ है जिसके चलते विभाग वहां पर सेटअप के अनुसार पदों की पूर्ति नहीं कर पाता या फिर वहां पर कोई भी अधिकारी नहीं आना चाहते। जब से परियोजना कार्यालय की स्थापना किया गया है तब से प्रभारियों के भरोसे ही संचालित किया जा रहा है। वर्तमान जो परियोजना अधिकारी पदस्थ है उनका भी स्थानांतरण हो चुका है इसे स्थिति में उन्हें भी कोई रुचि नहीं है। सेक्टर पर्यवेक्षक भी सभी मैदानी क्षेत्र के रहवासी है उन लोग भी जंगल, पहाड़ों में स्थित केंद्रों में जाने से कतराते है। ऐसे स्थिति में तरेगांव परियोजना और वहां के आंगनवाड़ी भगवान भरोसे है। निरीक्षण करने जाने से पूर्व कार्यकर्ताओं को सूचित कर दिया जाता है। औचक निरीक्षण कभी भी नहीं किया जाता जिसके चलते सारी गतिविधियां फर्जी तरीके से संचालित किया जाता है। कुल्लूपानी आंगनवाड़ी केंद्र में पर्यवेक्षक के अलावा आजतक कोई बड़े अधिकारी दौरा पर नहीं गए है जिसका कारण है आवागमन की सुविधा। पर्यवेक्षक को भी जितना दिन जाना चाहिए नहीं जा पाती केवल कोरम पूर्ति के किए कभी कभार जाती होगी।

## जांच की आवश्यकता

आंगनवाड़ी केंद्र संचालन के लिए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार वहां पर संधारित पंजी आनलाइन, ऑफलाइन का जांच करने से तरह तरह की गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। जिसका मुख्य वजह है कि कार्यकर्ता का मुख्यालय पर निवास नहीं करना और उनके निवास स्थान से केंद्र की दूरी। कार्यकर्ता का संपूर्ण समय बोदा से कुल्लूपानी और कुल्लूपानी से बोदा का पैदल सफर में ही समाप्त हो जाता है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए प्री टेस्ट परीक्षा का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला बालक नवागढ़ में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा लक्ष्य टीम छत्तीसगढ़ के सानिध्य में शेरसिंह राजपूत प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला चकलाकुंडा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह हमारे नवागढ़ विकासखण्ड में प्रथम आयोजन था। इसमें नवागढ़ विकासखण्ड सहित दूसरे विकासखण्ड के बच्चे भी शामिल हुए। परीक्षा रविवार को 11:00 बजे से 1:00 बजे तक लिया गया। जिसमें 77 बच्चें शामिल हुए। आगामी पांच रविवार (15, 22, 29 दिसम्बर 2024 एवं 05,12 जनवरी 2025 को यह परीक्षा आयोजित होगी। इस टेस्ट परीक्षा में विशेष सहयोगी शिक्षक साथी के रूप में कुमार वर्मा, शिक्षिका रूपल साहू, सपना श्रीवास्तव, सुशीला बर्मन, अमीषा टंडन, सुमेंद साहू, शांतकुमार पटेल, सुखेन्द्र ठाकुर, चुरामन साहू उपस्थित थे। प्रधान पाठक शेरसिंह राजपूत, कुमार वर्मा सहायक शिक्षक के द्वारा सभी बच्चों और पालकों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनायें दिए। और आगे की पढ़ाई के साथ साथ उसकी तैयारी कैसे करें इसके बारे में विस्तार से बताया गया।

# 18 प्रकरण में 5,400 रूपये समन शुल्क एवं 43 प्रकरण न्यायालय में किया गया पेश

## बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करें



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com


पुलिस द्वारा 18 प्रकरण में 5,400 रूपये समन शुल्क एवं 43 प्रकरण न्यायालय किया गया पेश किया गया इसके साथ ही बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील किया है कि यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत थाना बेरला 07 चालान में 07 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 17 चालान में 17 व्यक्ति, थाना चंदनू 03 चालान में 03 व्यक्ति, पुलिस चौकी देवकर 08 चालान में 08 व्यक्ति, पुलिस चौकी कंडरका 07 चालान में 07 व्यक्ति, पुलिस चौकी खण्डसरा 02 चालान में 02 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 17 प्रकरण में 17 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 43 चालान न्यायालय पेश किया गया तथा यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 18 प्रकरण में कुल 5,400/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

### बेमेतरा पुलिस की अपील

बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ 02 प्रकरण में 03 व्यक्ति, चौकी मारो 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 04 प्रकरण में 05 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी क्रम में थाना साजा में आम जगह पर शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 02 प्रकरण में 02 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं।

# डीएसपी शर्मा ने ली रक्षित केन्द्र बेमेतरा में पुलिस जवानों का जनरल परेड

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा के द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधि./कर्म. के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। उप पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। जनरल परेड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कमल नारायण शर्मा के साथ ही साथ रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, निरीक्षक प्रमोद शर्मा, उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक छन्नूलाल ध्रुव, जहीर खान, जागेश्वर देशमुख, जितेन्द्र कुमार कश्यप एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में सरिक हुये।

# धान खरीदी केन्द्रों में ग्रामीणों को नशा मुक्ति साइबर फ्राड, फर्जी काल, ठगी, यातायात संबंध में किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान की शुरुआत किया गया है। जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कुल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से थाना साजा, पुलिस चौकी खण्डसरा, कंडरका एवं संबलपुर स्टाफ के द्वारा धान खरीदी केन्द्र अतरिया, परसबोड, मोहगांव, संबलपुर में ग्रामीण अंचल से आये जनमानस को नशा मुक्ति के खिलाफ, सायबर, फर्जी काल, ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। जनमानस को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आमजन को बेमेतरा पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से चौपाल लगाकर लगातार हॉट/बाजार एवं गांव-गांव, स्कुल, कालेजों में जाकर जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुरेश राजपूत, प्रधान आरक्षक खेमू वर्मा, थाना साजा से प्रधान आरक्षक विजय साहू, चौकी संबलपुर से संजय भगत व अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

# पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के द्वारा पुलिस कार्यालय बेमेतरा के सभा कक्ष में पीडित क्षतिपूर्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एवं पीडित क्षतिपूर्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं महिला/बच्चो संबंधी अपराधों की समीक्षा बैठक। जिसमें पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों एवं विवेचको के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं उप संचालक अभियोजन कंचन पाटिल भी उपस्थित रही। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा निधि शर्मा महोदया द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारीयों को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018 एवं 2011 के तहत् लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 एवं हिट एण्ड रन के संबंध में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार प्रसार कर उनको लाभ प्रदान किए जाने एवं अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत अपराध की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित व्यक्तियों को प्रथम सूचना रिपोर्ट उपलब्ध करा कर पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत पीड़ित/पीड़िता के माध्यम से कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत कराने में सहयोग दिये जाने के संबंध में जानकारी दिया गया। आगामी नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर न्यायालय में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों आपसी सुलह समझौते से शांति पूर्ण निपटारे के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने समस्त थाना एवं चौकी प्रभारीयों को यौन उत्पीडन/अन्य अपराधों से पीडित महिलाओं/उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले अपराधों धाराओं (इस योजना अंतर्गत शारीरिक क्षति के मामले में शामिल है) के कारित होने पर राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रकरण प्रस्तुत कर पीडिता को न्याय और पीडित को पीडित क्षतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सके।

# प्रदेश सरकार द्वारा किए गए धान खरीदी केंद्रों में चाक-चौबंध व्यवस्था से किसानों में खुशी की लहर


पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





राज्य शासन द्वारा किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उनके उपज का उचित दाम दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु राज्य में शुरू की गई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना अपने उद्देश्यों पर पूरी तरह से फलीभूत हो रहा है। राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत धान खरीदी के कार्य को सुगम एवं पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से धान खरीदी केन्द्रों में की गई चाक-चैबंद व्यवस्था से जिले के नगरीय एवं मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ जिले के सुदूर वनाचंल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों में भी बंपर धान की खरीदी हो रही है। राज्य शासन के प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से प्रति एकड 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय के फलस्वरूप इन क्षेत्रों में निवासरत समाज के सभी वर्गो के लोगों के अलावा आदिवासी समाज के कृषकों के द्वारा भी समर्थन मूल्य पर अपनी धान की बिक्री हेतु विशेष रूची दिखाई दे रही है। शासन के इस जन हितैषी निर्णय एवं धान खरीदी केन्द्रों में की गई बेहतर व्यवस्था का परिणाम है कि जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम कुंआगोंदी के धान खरीदी केन्द्र में 29 नवंबर तक 220 कृषकों के द्वारा कुल 9132.40 क्विंटल धान की बिक्री की जा चूकी है। इस तरह से धान खरीदी केन्द्र कुंआगोंदी में अब तक 02 करोड़ 11 लाख 20 हजार 288 रुपये की धान की खरीदी की जा चूकी है। धान खरीदी योजना के नई व्यवस्था के तहत धान बिक्री के 72 घण्टे की अवधि में किसानों के खाते में राशि जमा होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। इस तरह से अन्य क्षेत्रों की भाँति धान खरीदी योजना के तहत उनके मेहनत का शीघ्र मेहनताना मिलने से वनांचल के किसानों के घरों में भी खुशियाँ आ रही है। राज्य शासन की इस योजना की सराहना करते हुए धान खरीदी केन्द्र कुंआगोदी के अंतर्गत ग्राम जरहाटोला के कृषक सुखदेव ने बताया कि उन्होंने 19 नवंबर को धान खरीदी केन्द ग्राम कुंआगोंदी में पहुंचकर कुल 66 क्विंटल 80 किलो धान की बिक्री की थी। किसान सुखदेव ने बताया कि धान बिक्री के 72 घण्टे के भीतर उनके खाते में कुल 01 लाख 54 हजार 768 रुपये की राशि जमा हो गई। इसी तरह इस योजना की सराहना ग्राम कांड़े के कृषक शशिकांत ने भी किया है। उन्होंने बताया कि वे अपने परिवारजनों के साथ 19 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र कांड़े में पहुँचकर कुल 43 क्विंटल 60 किलो धान की बिक्री की है। उनके खाते में धान बिक्री के 72 घण्टे की अवधि में 01 लाख 01 हजार 552 रुपये की राशि जमा होने से उसमें सुरक्षाबोध एवं आत्मविश्वास का भाव जागृत हुआ है। जिससे वे उनके परिजन बहुत ही प्रसन्नचित है। इस योजना की सराहना करते हुए इन दोनों किसानों ने कहा कि इतने कम अवधि में इतनी बड़ी राशि जमा होने से उन्होंने एवं उनके परिवार वालों में खुशी का ठिकाना नही रहा। किसानों ने कहा कि राज्य शासन की इस योजना के फलस्वरूप समय पर अपने मेहनत का मेहनताना मिलने से मेरे अलावा हम सभी किसानों में हर्ष व्याप्त होने के साथ-साथ शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास भी बलवती हुई है। इनके अलावा वनांचल के किसान पूनाराम, सोमनाथ एवं सावित्री बाई सहित अन्य किसानों ने भी इस योजना की सराहना करते हुए इसके माध्यम से राज्य के किसानों को संबल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आशीष छाबड़ा ने की थी बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की पहल


छत्तीसगढ़ विधान सभा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की पहल पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने की थी यह जानकारी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है आगे बताया है कि केंद्र सरकार ने अब जाकर बेमेतरा जिले को केंद्रीय विद्यालय के सौगात प्रदान की है जिसके लिए आशीष छाबड़ा ने केंद्र सरकार को धन्यवाद प्रेषित किया है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही बेमेतरा जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए प्रयास रत रहे, जिसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार को न केवल पत्र के माध्यम से निवेदन किया था बल्कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में 5 मार्च 2021 को अशासकीय संकल्प प्रस्तुत कर जिला मुख्यालय बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग प्रस्तुत की थी। किंतु उस समय केंद्र सरकार के द्वारा केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा मे नहीं खोला जा सका। अब जाकर यह मांग पूरी हुई है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय में खोले जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह राजनीति का विषय नहीं है बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है और परिवार की भलाई के लिए जो हो सकता था मैंने अपने कार्यकाल में प्रयास किया किन्हीं कारणों से अगर प्रयास सफल नहीं हो पाया और वह फलीभूत हो रहा है तो भी मुझे संतोष है कम से कम आने वाली पीढियां को केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने का और अपना भविष्य गढने का मौका मिलेगा केंद्रीय विद्यालय का खोल जाना पूरे बेमेतरा जिले के लिए हर्ष का विषय है इससे बेमेतरा में शिक्षक की सुविधा बढ़ेंगी तथा बच्चों को सीबीएसई पाठ्यक्रम में पढ़ने का मौका मिलेगा जिसके लिए क्षेत्र के पालकों को अपनी कमाई का एक बहुत बड़ा हिस्सा निजी स्कूलों में गंवाना पड़ता था उससे राहत मिलेगी।

# बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम पर धोखाधड़ी मामले में एक वर्ष से फरार आरोपी तेजनाथ को बालोद पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम से एडवांस में 30 लाख 97 हजार रूपये के धोखाधड़ी मामले में एक वर्ष से फरार आरोपी तेजनाथ देवांगन को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देशन पर एसपी एसआर भगत के मार्गदर्शन में एएसपी अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर एवं थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में ठगी के अनसुलझे प्रकरण व पुराने प्रकरण के निकाल करने हेतु एक विशेष टीम तैयार कर जिला रायपुर-बिलासपुर-कोरबा को भेजा गया था। जो 2 प्रकरण के फरार आरोपी तेजनाथ देवागंन को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

### कोरबा जिले से आरोपी को किया गया गिरफ्तार

विवेचना के दौरान आरोपी तेजनाथ देवांगन की पतासाजी हेतु एक विशेष टीम बनाकर जिला रायपुर-बिलासपुर-कोरबा की ओर रवाना किया गया था। जो टीम के द्वारा डौंडीलोहारा के रामनगर निवासी आरोपी तेजनाथ देवांगन को कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत अपना नाम पता छुपा कर शराब भट्टी के पास चखना का दुकान लगाने की सूचना प्राप्त होने से टीम के द्वारा रेड कार्यावाही कर आरोपी तेजनाथ देवांगन को बालोद थाना लाकर उक्त दोनो प्रकरण में 5 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस धोखाधड़ी के अपराध को सुलझाने में निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि धरम भुआर्य प्रधान आरक्षक मनोज निर्मलकर, आरक्षक भोपसिंह साहू, मोहन कोकिला, सायबर सेल बालोद से आरक्षक संदीप यादव व मिथलेष यादव एवं पुलिस लाईन बालोद से जागेन्द्र बेलचंदन का सराहनीय योगदान रहा है।

### केस- 01

ग्राम खल्लारी निवासी डोमन लाल साहू पिता मदन लाल साहू (38 साल) के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 15 अक्टूबर 2022 से 14 जनवरी 2023 तक बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम पर एडवांस से नगदी रकम 13 लाख 97 हजार रुपये को लेकर प्रार्थी को लिये गये रकम के बदले बिल्डिंग मटेरियल नही देकर आरोपी तेजनाथ देवागंन पिता देवनाथ देवागंन धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 140/24 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

### केस-02

पाररास निवासी ईश्वर लाल साहू पिता रामरतन साहू (उम्र 37) के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 30 दिसंबर 2021 से 7 अप्रैल 2022 तक बिल्डिंग मटेरियल देने के नाम पर एडवांस से नगदी रकम 17 लाख रुपये को लेकर प्रार्थी को लिये गये रकम के बदले बिल्डिंग मटेरियल नही देकर आरोपी तेजनाथ देवागंन धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 141/24 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

# सत्ता बदलते ही सही नीतियों का क्रियान्वयन ना होने से राइस मिल संचालकों को हो रही परेशानियां

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में साल 2023 में सत्ता परिवर्तन होते ही भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने पूरे प्रदेश में सुशासन वाली सरकार के रूप में अपना कार्य प्रारंभ किया, किंतु सरकार के सत्तासीन होते ही चंद महीनों बाद ही सरकार ने कैबिनेट की बैठक आहूत कर नई कस्टम मिलिंग को हरी झंडी दी, तथा नई कस्टम मिलिंग के प्रदेश में लागू होते ही हजारों की संख्या में प्रदेश में स्थापित राइस मिले मिलो ने इस नई कस्टम मिलिंग पर अपनी असहमति जताते हुए इसे अनुचित बताया तथा इसमें संशोधन की मांग की, तथा संशोधन की मांग के साथ ही प्रदेश स्तर पर चावल उद्योग संघ ने राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर नए सत्र में धान का उठाव नहीं करने, अनुबंध नहीं करने,बारदाना नहीं देने तक की चेतावनी दे डाली, तथा नवंबर माह ने सरकार की धान खरीदी प्रारंभ हुई एवं धान खरीदी प्रारंभ होते ही जब राइस मिल संचालकों ने समितियो से धान उठाव नहीं किया, तो सरकार ने धान को संग्रहण केंद्र में रखने का निर्णय ले लिया, किंतु संग्रहण केंद्र में रखा हुआ धान भी कितने दिनों तक सरकार सुरक्षित रख पाएगी, इसे लेकर अधिकारियों में चिंता की लकीरें रही तथा अंततः राज्य सरकार ने एन केन प्रकारेण राइस मिल संचालकों एवं संघ पर अपना दबाव बनाना प्रारंभ किया तथा जिसके चलते अंततः राइस मिल संचालकों ने भी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की मध्यस्थता से उनके निवास में आयोजित एक बैठक में अपनी पूर्व में दी गई मांगों पर आने वाले दिनों में संशोधन किए जाने का आश्वासन मिलने पर चालू सत्र में धान खरीदी के कार्य में सहयोग करने की स्वीकृति दे दी, वहीं प्रदेश संगठन ने तो अपनी स्वीकृति दे दी, किंतु अनेकों जिलों में आज भी राइस मिल संचालक तकनीकी कमियों के चलते नाराज देखे जा रहे हैं एवं राइस मिल संचालकों का कहना है कि अनेको जिलों में राइस मिलर्स बिना भुगतान एवं पुरानी बैंक गारंटी वर्ष 2023- 24 की 1500/- रुपये की दर से रिलीज किए जाने से पहले नया कार्य करने की स्थिति में नहीं है, तथा शासन को तत्काल इस संबंध में पहले पहल करनी चाहिए तभी राइस मिल संचालक काम कर पाएंगे, प्रदेश के राइस मिल संचालकों का यह भी कहना है कि जब कस्टम मिलिंग की पुरानी नीति राज्य शासन के लिए भी उपयुक्त थी, तथा राइस मिलर्स भी इस नीति में अपना सहयोग दे रहे थे, तो फिर आखिरकार इस नीति में बदलाव की आवश्यकता क्यों पड़ी, आखिरकार कहीं ना कहीं शासन पूरे प्रदेश में राइस मिलों के लिए वर्षों से चले आ रहे एक स्वच्छ वातावरण को संशोधित कर नई परेशानियां खड़ी करना चाहती है, तथा राइस मिल संचालकों को सरकार परेशानियों में डालकर अपनी कौन सी मंशा पूरी करना चाहती है, यह तो समझ से परे है, किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में राइस मिल संचालकों के सहयोग के चलते राज्य सरकार की धान खरीदी का काम एवं प्रदेश के धान को व्यवस्थित ढंग से समितियो से उठाकर मिलिंग करना एवं मिलिंग के बाद उसे प्रोसेस के तहत प्रक्रिया में लाने के काम में राइस मिल संचालकों ने अपना जी जान एक कर दिया, तथा छत्तीसगढ़ की इस व्यवस्था की प्रशंसा पूरे देश के अनेकों राज्यों में होती है, किंतु इसके बावजूद सरकार राइस मिल संचालकों को और अच्छा वातावरण देने की बजाय कहीं ना कहीं उनके लिए नई परेशानियां खड़ी कर रही है।

# नगर पंचायत ने नगर के विकास कार्यों का भूमि पूजन नगर के वरिष्ठ नागरिकों से कराया



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

धार्मिक नगर शिवरीनारायण में नगरपंचायत द्वारा नगर की गरिमा और जनसाधारण की आवश्यकता के अनुरूप लगातार विकास कार्य किया जा रहा है और नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी के नेतृत्व में सुघ्घर शिवरीनारायण की संकल्पना को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, इसी तारतम्य में 8 दिसम्बर को प्रतीक्षा बस स्टैण्ड़ के पास भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतीमा स्थापना और नगर के अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन नगर के वरिष्ठ नागरिकों योगेश शर्मा संपादक ज्वालामुखी, उदय राम कैवर्त्य सेवानिवृत शिक्षक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राकेश साहू, उपयंत्री पूजा सारवां, नायब तहसीलदार संजय कुमार बरेठ, तहसील कार्यालय के कर्मचारी पंकज खुटे, सेवा निवृत प्राचार्य ड़ॉ. ए.आर. बंजारे, पार्षद मनोज तिवारी, पार्षद शिवशकंर सोनी, पार्षद रेवतीरमण केशरवानी भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सविता तिवारी भाजपा के नेता संतोष अग्रवाल, परमानंद कश्यप, ठेकेदार गौरव केशरवानी नगर पंचायत कर्मचारी उत्तम बंजारे, राजेन्द्र गांधी आदि उपस्थित थे।

# जिले को फिर मिला बड़ा तोहफा : जिले के अंतिम छोर हसौद में खुलेगा नया केंद्रीय विद्यालय

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला बनने के बाद सक्ति को एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा तोहफा मिला है, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नवगठित शक्ति जिले के अंतिम छोर हसौद में नया केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी है, तथा इस केंद्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से जहां पूरे जिले के बच्चों को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही केंद्रीय शिक्षा योजना का लाभ मिलेगा, तो वहीं केंद्रीय विद्यालय सीबीएसई पद्धति से संचालित होते हैं, एवं इन विद्यालयों में जहां पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है एवं बड़े महानगरों की तरह निजी विद्यालयों में संचालित शिक्षा की तरह ही केंद्रीय विद्यालय में भी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध रहती है, वहीं संपूर्ण सुविधा इन केंद्रीय विद्यालयों में रहती है, तथा वर्तमान में हसौद से लगकर कुछ ही दूरी पर केंद्र की सरकार का जवाहर नवोदय विद्यालय भी विगत लगभग 20 सालों से संचालित है, तथा एक बार फिर से जिले को शिक्षा का तोहफा मिला है।

# सरकारी अस्पताल में जीवनदीप समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने की सोच से स्थापित जीवनदीप समिति के उद्देश्यों को गति देने हेतु नवगठित जिला मुख्यालय शक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गठित जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता जीवनदीप समिति के अध्यक्ष एवं शक्ति के विधायक डॉ चरण दास महंत ने करी तथा इस बैठक में जहां शक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पार्किंग व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करने हेतु अंडरग्राउंड पार्किंग पर विचार करने, शक्ति के जे एलएनडी कॉलेज मैदान के बगल में खाली पड़ी भूमि पर अस्थाई रूप से पार्किंग व्यवस्था करने सहित विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया, तथा बैठक के दौरान जीवनदीप समिति के माध्यम से अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे हेतु एक टेक्नीशियन की नियुक्ति मानदेय पर करने का निर्णय लिया गया तो वहीं अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक बड़ा आकर्षक बोर्ड लगाने पर भी चर्चा हुई तथा सरकारी अस्पताल के मुख्य द्वार पर संचालित दुकानों को भी हटाने तथा आवागमन की व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करने का निर्णय लिया गया, वहीं अस्पताल में विगत दिनों विद्युत व्यवस्था को लेकर हुए व्यवधान पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बड़े अस्पताल एवं अन्य अस्पताल परिसर के भवनों में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्णय लेते हुए बैठक में उपस्थित विद्युत अधिकारियों से भी इस संबंध में चर्चा की गई, वहीं अस्पताल से प्रतिदिन निकलने वाले सामान्य कचरे के उठाव एवं निष्पादन पर नगर पालिका शक्ति के माध्यम से प्रतिदिन एक कचरा वाहन उपलब्ध करवाने का भी निर्णय लिया गया तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कचरा वाहन उपलब्ध करवाने की बात कही गई वहीं बैठक के दौरान पूरे अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने हेतु आवश्यक सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई, साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के जीवनदीप समिति के प्रभारी रामगोपाल थवाईत ने जीवनदीप समिति का आय व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बैठक के दौरान शासन द्वारा प्रतिवर्ष जीवनदीप समिति को दी जाने वाली राशि को बढ़ाये जाने हेतु भी आवश्यक चर्चा करते हुए प्रस्ताव भेजे जाने का निर्णय लिया गया, साथ ही बैठक के दौरान जीवनदीप समिति के अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलनी चाहिए, इसके लिए आप हम सब मिलकर प्रयास करें एवं हमारे इन प्रयासों को तभी गति मिलेगी जब हम सभी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े एवं विधायक महंत ने कहा कि अस्पताल में जिन-जिन चीजों की आवश्यकता है, इसका प्रस्ताव बनाएं तथा जो सामग्रियां विधायक मद से हो सकती हैं उसे मैं तत्काल स्वीकृति प्रदान करूंगा एवं जो सामग्री डीएमएफ एवं छत्तीसगढ़ शासन से प्रयास कर मिल सकती है, उसके लिए हम प्रयास करेंगे, वहीं बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के कर्मचारी एवं निशुल्क सेवाएं देने वाले स्वयंसेवकों ने भी जीवनदीप समिति के मध्य अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौपा, जिस पर जीवनदीप समिति ने इस पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# नपाध्यक्ष की कुर्सी को प्रभावित करेगा भाजपा का संगठन चुनाव

## चांपा शहर में बीते दस सालों से मजबूती के साथ विपक्ष की भूमिका निभा पाने में नाकाम रही है भाजपा

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले की चांपा नगरपालिका को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पिछले दो कार्यकाल से कांग्रेस का दबदबा रहा है तो वहीं इस बार प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के कारण चांपा नपा में अध्यक्ष के साथ पार्षदों की बहुमत हासिल करना भाजपा के लिए बेहद जरूरी हो गया है। वहीं कांग्रेस इस बार हैट्रिक लगाने के फिराक में है। इस बार नगरपालिका में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष विधि से होना है। वहीं इस बीच बीजेपी संगठन चुनाव भी होना है, जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। यहां भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनाव भी अध्यक्ष की कुर्सी को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है। चांपा शहर की बात करें तो यहां नगरपालिका में पिछले दो कार्यकाल से भाजपा विपक्ष में रही है तो वहीं अध्यक्ष सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार ही आसीन होते आए है। शहर में साफ सफाई, निर्माण कार्यों की




गुणवत्ता, तालाबों का कायाकल्प, अव्यस्थित बाजार, पानी, बिजली आदि ज्वलंत समस्याएं हैं, लेकिन भाजपा यहां विपक्ष की भूमिका सक्रिय ढंग से निभा पाने में नाकाम रही है। यही वजह है कि नगरपालिका में जनता की विभिन्न समस्याएं विद्यमान रही है और भाजपा मजबूती से विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय महज मुकदर्शक बनकर तमाशा देखते आई है। वर्तमान कार्यकाल की बात की जाए तो एकात को छोड़कर भाजपा कभी भी विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनता की समस्या को लेकर सड़क पर उतरते दिखाई नहीं दी। पिछले एक दशक से भाजपा पर यहां आरोप लगता रहा है कि पक्ष के खिलाफ मजबूती से खड़े होने के बजाय हम साथ-साथ है की भूमिका बखूबी निभाते रही है। इसके चलते इस बार भाजपा मंडल अध्यक्ष में ऐसे उम्मीदवार की दरकार की जा रही है जो सरकार बनाने की स्थिति में जनता के हित में सदैव काम करते रहे और चुनाव के बाद यदि फिर से विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ी तो इन गुजरे हुए दस सालों का इतिहास न दोहराया जाए। बहरहाल, भाजपा ने इस बार मंडल अध्यक्ष के लिए अधिकमतम 45 साल उम्र तय किया है। इससे कहा जा सकता है कि इस बार मंडल अध्यक्ष का दायित्व किसी युवा को मिलेगा। हालांकि युवाओं में जनहित के कार्यों को अंजाम देने का जुनून होता है, लेकिन समय ही बताएगा कि नए मंडल अध्यक्ष जनता की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतर पाते हैं।

**नगण्य रही विपक्ष की उपस्थिति** - चांपा शहर में समस्याओं का अंबार है। शहर के सभी तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं तो वहीं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तार-तार हो रही है। शहर में साफ सफाई का बुरा हाल रहा है। हसदेव नदी नाली के प्रदूषण से कराह रही है। नदी के विभिन्न घाटों का बुरा हाल है। पौनी पसारी योजना के तहत करोड़ों की काम्पलेक्स बनकर तैयार है, फिर सड़कों पर बाजार लग रहा है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विभिन्न वार्डो में लगे खंभों में लाइट महीनों से बंद है। इस तरह की कई समस्याएं विकराल हो गई है, लेकिन इन समस्याओं को लेकर विपक्ष की उपस्थिति पूरे पांच सालों तक नगण्य रही। एकात मामले को छोड़कर लोगों को याद नहीं है कि भाजपा कब जनहित की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतारी थी।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का हुआ भव्य समापन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर में आयोजित दसवां तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का समापन समारोह हुआ, प्रातःकाल से ही कबड्डी, खो-खो, टगऑवार, रिलेरेस, ऊँची कुद, लम्बी कुद दौड़ 50 मीटर 100 मीटर 200 मीटर 400 एवं 800 मीटर की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता रेड येलोग्रीन ब्लु चारों हाउस के विद्यार्थियों के बीच हुई सभी प्रतिभागियों ने अपने टीम अपने हाउस को जीतने के लिए बहुत ही अच्छे ढंग से व खिलाड़ी भावना से खेला। खेल प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्यार्थियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था विद्यालय की ओर से की गई थी, इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि रश्मि देवी अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, विद्यालय के संचालक मनोज अग्रवाल, किशोर अग्रवाल वंशिता अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों को तिलक अक्षत व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों के कर कमलो से विजयी खिलाड़ियों को पदक व स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकुद महोत्सव में ओवरआल चैंपियन येलो हाउस के छात्र-छात्राएँ में रहे स्पोर्टस चैंपियन रेड हाउस के छात्र-छात्राएं रहे एवं सीसीए चैंपियन ग्रीन हाउस के छात्र छात्राएं रहे। पुरस्कार वितरण समारोह के पश्चात विद्यालय के संचालक किशोर अग्रवाल के द्वारा खेल मैदान प्रज्वलित मशाल को दूध से शांति किया गया व सर्वोदय ध्वज को ध्वजोत्तोलन किया गया। तीनों ही दिवसों में अधिक संख्या में अभिभावक गण नागरिकगण देखने के लिए आए हुए थे वह सभी खेलों का आनंद ले रहे थे एवं विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस खेलकुद प्रतियोगिता की भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे थे व उनमें चर्चा परिचर्चा थी यही कारण है कि यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास पर बल दिया जाता है। इसलिए कई विद्यार्थीगण इण्डोर एवं आउटडोर गेम्स में जोन स्टेट एवं नेशनल स्तर के खिलाडियों में उनका चयन होता रहता है। प्राचार्य रामकृष्ण पंडा के द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद की सफ्लतापूर्वक संपन्न होने पर सभी छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया गया सभी शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया गया व इन सभी खेलों को संपन्न करने के लिए विद्यालय के खेल शिक्षक लोचन प्रकाश पटेल अजय अब्राहम एवं महेंद्र कृष्णा पब्लिक स्कूल डभरा इनका विशेष तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों में सभी विद्यार्थियों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं वह उनमें एक अलग ही आनंद उत्साह एवं उमंग देखा जाता है।

## मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

# दिवंगत ओमप्रकाश साय की स्मृति में बगिया में हुआ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दिवंगत ओमप्रकाश साय की पुण्य स्मृति में स्थानीय बगिया क्षेत्र में एक शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट दिवंगत ओमप्रकाश साय के योगदान और उनके समाज के प्रति सेवाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने ओमप्रकाश साय के कार्यों और उनके योगदान को याद करते हुए युवाओं को खेल और समाज सेवा की दिशा में प्रेरित किया।

**उद्घाटन मैच कांसाबेल ने तपकरा को 14 रनों से हराया-** टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में कांसाबेल और तपकरा की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर कांसाबेल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कांसाबेल के बल्लेबाजों ने निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 67 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी अमन रहे, जिन्होंने दो छक्कों और एक चौके की मदद से 18 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तपकरा की टीम, हालांकि शुरुआती दौर में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन समय के साथ दबाव बढ़ने के कारण वह निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 53 रन ही बना सकी। इस तरह कांसाबेल की टीम ने 14 रन से जीत दर्ज की और उद्घाटन मैच अपने नाम किया।

**प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें ले रही भाग-** इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जो बगिया क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आई हैं। प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार के रूप में 41,000 रुपये और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21,000 रुपये रखे गए हैं। यह पुरस्कार स्थानीय युवाओं को खेल में भागीदारी को बढ़ावा देने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रखा गया है।। इस अवसर पर बगिया पंचायत के सरपंच राजकुमारी साय, मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, महामंत्री रवि यादव, जमुना साय, रामबिलास राम तथा अयोजन समिति के देवप्रसाद विश्वकर्मा (अध्यक्ष), अवतार यादव (उपाध्यक्ष), यमन बेहरा (कोषाध्यक्ष), सत्यनारायण (सचिव) सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सभी ने खेल और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस आयोजन की सराहना की।

# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी के लिए निरीक्षण करने स्कूल पहुंचे तहसीलदार



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में नगरीय निकाय चुनाव होना है उसी के मद्देनजर पूर्व तैयारी के लिए जिला बलौदाबाजार के लवन तहसीलदार किशोर वर्मा, नगर पंचायत सीएमओ प्रणव प्रवेश प्रधान निरीक्षण के लिए खम्हरिया स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुँचकर स्थल जांच कर जायजा लेते हुए दिखे। निरीक्षक के दौरान तहसीलदार एवं सीएमओ विद्यार्थियों से रूबरू चर्चा कर पढ़ाई लिखाई के संबंध में बात किये, उक्त दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को देखकर विद्यालय के बच्चे गदगद दिखे। बच्चों से तहसीलदार ने प्रश्न पूछे जिसका जवाब बच्चों ने आसानी से दिये। उनके साथ तहसील कार्यालय के कर्मचारियों सहित नगर पंचायत के कर्मचारियों की उपस्थिति भी रहा। निर्वाचन प्रभारी वीरू लोधी सहित नीतीश कुमार राजपूत भी साथ में मौजूद रहे।

# देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र रायपुर के छात्रों को सिखा रहे जीने की कला

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार (उत्तराखण्ड) में अध्ययनरत छात्र सामाजिक परिवीक्षा इंटर्नशिप के लिये 29 नवम्बर से एक माह के लिये रायपुर आये हुए हैं। इस वे रायपुर जिले के विभिन्न ब्लॉकों के स्कूलों में जाकर स्कूली छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति व सभ्यतता व सफल होने के लिये व्यक्ति की दैनिक दिनचर्या कैसी होनी चाहीये जैसे विभिन्न विषयों के बारे में बता रहे हैं। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि दे.सं.वि.वि. हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से राजधानी रायपुर आये तीन छात्र चंद्र प्रकाश, सौरभ प्रजापति एवं राहुल सिंह राठौर ने अब तक रायपुर के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल लालपुर, अशादीप विद्यालय, शांतिनिकेतन विद्यालय, शासकीय हाईस्कूल चंगोराभाठा, दक्षिणमूर्ति विद्यापीठ, निखिलेश्वर विद्यालय आदि विद्यालयों में स्कूली छात्रों के बीच जाकर भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, तनाव प्रबंधन, नशा मुक्ति, आत्मबोध, तत्वबोध, यज्ञ का ज्ञान व विज्ञान, बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, पर्यावरण व वातावरण का शोधन आदि विषयों पर बताया है। उनके द्वारा छोटी-छोटी बिमारियों के उपचार हेतु वैकल्पिक चिकित्सा पद्धती ध्यान, योग, प्राणायाम, एक्यूपंचर, आयुर्वेद के बारे में बताते हुए इसे अपनाने के लिये भी जागरुक किया जा रहा है। इंटर्नशीप हेतु आए छात्रों ने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य राष्ट्र के युवाओं को निखार-संवार कर श्रेष्ठतम नागरिक, समर्पित स्वयंसेवक, प्रखर राष्ट्रभक्त एवं विषय-विशेषज्ञ बनाने के साथ-साथ महामानव और देव मानव बनाना है, जिससे मनुष्य में देवत्व उतरे और धरती पर स्वर्ग के अवतरण का स्वप्न साकार हो सके। उन्होने भारतीय संस्कृति के दिव्य सूत्रों को बताते हुए कहा कि केवल औपचारिक शिक्षा हासिल करना सच्चा ज्ञान नहीं है इससे अभिमान बढ़ता है, जो व्यक्तित्व विकास में बाधा है अतः शिक्षा के साथ-साथ विद्या को होना भी आवश्यक है। विद्या के बिना मनुष्य का सर्वांगिक विकास नहीं हो सकता है। शिक्षा सिर्फ भौतिक सुख प्रदान कर हमें बड़ा आदमी व धनवान बनाता है लेकिन विद्या हमें एक अच्छा इंसान बनाती है। विद्या हमें धर्म एवं अधर्म में फर्क बतलाती है एवं व्यक्ति को जागरूक और संवेदनशील बनाकर धर्मपथ की ओर अग्रसर कर एक सच्चा मानव बनाती है। शिक्षा व्यक्ति को स्वार्थी बनती हैं, जबकि विद्या व्यक्ति को परमार्थी बनती है। विद्या ही व्यक्ति को पशु से अलग करती। दे.सं.वि.वि. के तीनो छात्र द्वारा सभी स्कूल के प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं शिक्षको द्वारा दिये जा रहे सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया गया।

# बगीचा महाविद्यालय एवं जय हो द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के एनएसएस एवं जय हो के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत भीतघरा के ग्राम गोवासी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में साइबर सुरक्षा पर प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। यूनिसेफ द्वारा आयोजित जशपुर से ट्रेनिंग प्राप्त कर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं जय हो की टीम ने एक साथ मिलकर साइबर सुरक्षा की जानकारी ग्राम वासियों तक पहुंचाया. स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ के माध्यम से ग्राम वासियों को इससे होने वाले कई दुष्परिणाम से अवगत कराया तथा इससे बचने के उपाय बताएं वहीं दूसरी ओर टीम के दूसरे दल ने बाल विवाह जैसी कु प्रथा के प्रति आम जनता को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ का मंचन किया नुक्कड़ में बेटियों के बाल्यावस्था में ही शादी होने के गंभीर दुष्परिणाम को उजागर किया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए लगभग 200 लोग अलग-अलग गांव से इकट्ठा हुए थे नुक्कड़ का प्रदर्शन इतना आकर्षक एवं प्रेरणादायक था कि लोग इतनी ठंड में भी लंबे समय तक बैठे रहे इस कार्यक्रम में एन एस एस एवं जय हो की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बेमेतरा को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलने पर विधायक साहू ने पीएम मोदी का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला में नए केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलने पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद विजय बघेल का आभार व्यक्त किया हैं विधायक दीपेश साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नये केन्द्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से जिले के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा है कि केन्द्रीय विद्यालय अभिनव शिक्षण पद्धति और नवीनतम अधोसंरचना को लेकर लोकप्रिय है। केंद्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दी गई यह सौगात बेमेतरा जिला में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाई देगी । केंद्रीय विद्यालय अपनी अभिनव शिक्षण पद्धति और अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध हैं।साहू ने कहा की डबल इंजन की सरकार का लाभ अब दिखने लगा हैं । केंद्रीय विद्यालय प्रारम्भ होने से जिले के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा

# टीबी मुक्त भारत अभियानः भटगांव में रैली के माध्यम से जनजागरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ भटगांव
www.dailypioneer.com




बिलाईगढ़ विधानसभा के नगर पंचायत भटगांव में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में टीबी मुक्त अभियान के तहत 100 डे कैंपेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य टीबी (क्षय रोग) के प्रति लोगों को जागरूक करना और 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करना है। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला भटगांव से हुई, जहां से जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली मुख्य मार्गों बस स्टैंड और अन्य चौकों से गुजरी, जहां आम जनता को टीबी मुक्त भारत के लिए प्रेरित किया गया। रैली के दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कमजोर व्यक्तियों (वर्नरेबल ग्रुप) पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, मलेरिया, कुष्ठ रोग, टीबी, बीपी और शुगर जैसे स्वास्थ्य मुद्दों से ग्रस्त व्यक्तियों को चिन्हित करने और उनकी मदद करने का संदेश दिया गया। डोर टू डोर संपर्कः स्वास्थ्य मितानिनों ने घर-घर जाकर लोगों को टीबी और अन्य बीमारियों के बचाव के उपाय बताए। शिक्षा और स्वास्थ्य पर जानकारीः कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और मितानिनों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। जिला सीएचएमओ डॉ. एफ आर. निराला और नोडल अधिकारी डॉ. भूषण खूंटे के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के उपाय साझा किए। कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। जागरूकता अभियान में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस आयोजन में डॉ. लोकेश अजय, एसटीएस आकाश कुमार सिदार, आरएचओ घनश्याम जायसवाल, आरएचओ विजय सुपरवाइजर दिलहरण सिदार, गणेश राम साहू, और मितानिन जय सुर्या आईएमटी समेत कई अधिकारी-कर्मचारी और स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यह अभियान न केवल टीबी बल्कि अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लोगों की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता से हम टीबी मुक्त भारत का सपना साकार कर सकते हैं। इस कार्यक्रम ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इस तरह के कार्यक्रम क्षेत्र में स्वास्थ्य सुधार की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

# जिला चिकित्सालय में सुदृढ़ हो रही स्वास्थ्य सुविधाएं, एक ही दिन में 8 महिलाओं की हुई सफल नसबंदी

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में गरियाबंद जिले में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लगातार सुधार के साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में भी नई सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही जिला अस्पताल में भी सुविधाएं बढ़ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में सोनोग्राफी सुविधा के साथ ही ओटी को अपडेट कर एफआरयू सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। जिला चिकित्सालय के ओटी को भी नए उपकरणों और संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के दिशानिर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले स्वास्थ्य केंद्रों में लगातार सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला अस्पताल में पिछले कुछ समय से बंद नसबंदी सेवा पुनः प्रारंभ हो गई है। जनसंख्या नियंत्रण व परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय गरियाबंद में दूरबीन पद्धति से 8 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस दौरान जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जो स्वयं भी स्त्रीरोग विशेषज्ञ हैं वहां उपस्थित रही। गरियाबंद जिला चिकित्सालय में पदस्थ शल्य चिकित्सक डॉक्टर हरीश चौहान और डॉक्टर ए के हुमने द्वारा समय समय पर पुरुष नसबंदी ऑपरेशन कार्य किया जा रहा है। पिछले दिनों पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान छुरा में 13, गरियाबंद में 7 तथा राजिम मे 9 ऑपरेशन सहित कुल 29 पुरुषों का सफल एनएसवीटी ऑपरेशन दोनों डॉक्टरों के द्वारा किया गया है। पिछले कुछ समय से जिले की परिवार नियोजन हेतु इच्छुक महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के कारण नहीं हो पा रहा था। इस कारण जिले की महिलाओं को स्थाई रूप से परिवार नियोजन हेतु अधिक खर्चा में निजी अस्पतालो में अथवा अन्य जिलों या उड़ीसा राज्य में जाकर अपनी नसबंदी करानी पड़ती थी। मितानिनों ने भी जिले में महिला नसबंदी कराए जाने की मांग रखी थी। जिले में पुरुष नसबंदी की अपेक्षा महिला नसबंदी के प्रति अधिक रुझान देखने को मिलता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस बात को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पहल करते हुए जिला चिकित्सालय गरियाबंद में महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में पदस्थ गाइनेकोलॉजिस्ट एवं लेप्रोस्कोपिक विशेषज्ञ डॉक्टर शोमी चंद्राकर के द्वारा कुल 8 महिलाओं का दूरबीन पद्धति से सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया। महिला नसबंदी शिविर को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय के निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी, ओटी स्टाफ नर्स की टीम, राजिम के प्रभारी बीईटीओ योगेश पराना, सुपरवाइजर के के कृषाणु सहित मितानिन बहनों का सहयोग रहा।

# शारीरिक सुरक्षा के साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने स्कूली बच्चों ने किया आसन



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर में बेगलेश डे योग व्यायाम के साथ पिटी कराया गया। साथ ही योग रहे निरोग की थीम को लेकर स्काउटर गिरीश कुमार पाढ़ी द्वारा अपने स्कूल के बच्चों को योग कराया गया। जिसमे शारीरिक सुरक्षा के साथ साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने विभिन्न प्रकार के आसन जैसे ताड़ासन, गरुड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन हस्तपादासन के साथ सूर्य नमस्कार करने सिखाया गया। स्काउटिंग विधा के अंतर्गत बी पी सिक्स व्यायाम ड्रील मार्च पास्ट के साथ में पिटी कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक समारूलाल चौहान प्रभारी प्रधान पाठक, निलेश चौरसिया, चित्रा पटेल सहयोगी के रुप मे उपस्थित रहे। शाला के मीडिया प्रभारी शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी ने उक्त जानकारी दी।

## आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विघालय में भाषा उत्सव

**बेमेतरा ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में प्राचार्य कविता बाचपेयी के दिशा निर्देशन में भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को भारत की विभिन्न भाषाओं को सामान्य शब्दों एवं वार्तालाप के कुछ सरल वाक्यों के उदाहरण के द्वारा बताया गया। साथ ही छात्राओं को ऑनलाइन गीत, कविता, कहानी अलग अलग भाषाओं में सुनाया व दिखाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।जिसमें व्याख्याता रेखा सोनी, अराधना जोसेफ, सोमा घोष,राखी सोनी एवम अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए।ऐसे आयोजन से बच्चों में विभिन्न भाषाओं को जानने व समझने के प्रति रुचि जाग्रत होती है।इस अवसर पर संस्था के शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

# हाई स्कुल तेन्दुभांठ में पुलिस ने छात्रों को नशा, यातायात साइबर फ्राड के संबंध में दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री एवं अन्य स्टाफ के द्वारा शासकीय हाई स्कुल तेन्दुभांठ में छात्र-छात्राओं को शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो, साइबर फ्राड व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। बालिकाओं महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के संबंध में बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता पखवाड़ा का जेएलएन डिग्री कॉलेज में आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




स्थानीय जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती, में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सक्ती नगर के स्पर्श हास्पिटल में पदस्थ डॉ. यामिन अब्दुल्ला को मुख्य अतिथि व्याख्यान के लिए आर्मंत्रित किया गया, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने किया, महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत सम्मान प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा एवं अतिथि प्रदीप राठौर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। डॉ. यामिन अब्दुल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स एक गंभीर संक्रमित बीमारी है। इनका सिंडोम दिखने मे लगभग 6-10 साल लग जाते है। इनके प्रमुख लक्षण बुखार आना, सूजन, वजन कम होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने आकड़े बताते हुए कहा स्वास्थ्य मंत्रालय के आकड़ो के अनुसार पिछले कुछ वर्षो से मामले में कमी आई है। लेकिन अभी भी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। इसलिए युवाओं को सुरक्षित व्यवहार एवं नियमित परीक्षण के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए। यह एड्स से बचाव का एकमात्र उपाय जागरुकता है। द्वितीय दिवस मे महाविद्यालय के प्रागंण मे रंगोली प्रतियोगिता और मानव श्रृंखला बनाकर जागरुकता का संदेश दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता मे छात्र/छात्राओं ने अपनी कला को निखारा इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान बी.कॉम अंतिम के छात्रा मनीषा साहू एवं साथी ने प्रथम स्थान बी.ए. अंतिम कु. देव कुमारी साथी द्वितीय स्थान बी.ए. अंतिम की कु. किरण रात्रे एवं साथियो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय दिवस में पोस्टर प्रतियोगिता की आयोजन किया गया जिसमे छात्र/छात्राओं पोस्टर प्रतियोगिता में अपना भागीदारी निभाया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. ने लेखा चन्द्रा बी.एस.सी. अंतिम बायों द्वितीय स्थान कु खुशबू देवांगन बी.एस.सी. अंतिम बायों तृतीय स्थान योगेश कुमार बघेल एम.ए.प्रथम सेमेस्टर अर्थशास्त्र ने स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रेड रिबन कार्यक्रम पर नोडल अधिकारी प्रो. मेघनाथ जायसवाल ने कहा कि किसी भी कार्य दृढ इच्छा, संकल्प, उदेश्य, शक्ति के बिना संभव नही होता इसलिए अपने स्वास्थ्य एवं सामाजिक आर्थिक रुप से ध्यान देते हुए जागरुकता ही महत्वपूर्ण साधन है। प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि एवं साथी को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, प्रो. अजित जॉन, प्रो.अमित शर्मा, प्रो. निर्मला राठौर, प्रो. सीमा नामदेव, प्रो. दुर्गा यादव, प्रो.मनीष राठौर, प्रो. पूनम साहू, प्रो. मंजू चन्द्रा, प्रो निलेश्वरी यादव, प्रो. जयप्रकाश बरेठ, आदि उपस्थिति थे। अंत मे कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रो. मेघनाथ जायसवाल नोडल अधिकारी रेड रिबन क्लब द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। छात्र/छात्राओं ने अंतिम समय तक अपनी उपस्थिति दी।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद् बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

cmobalrampur123@gmail.com

क्रमांक/2410/लो.नि.शा. / न.पा.प./2024 बलरामपुर दिनांक 06/12/2024

## // मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मैनुअल पद्धति से स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा त्रिलिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः 16/12/2024 को सांय 05:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपन्न प्रदान करने की अंतिम तिथि - 20/12/2024 को सांय 05:00 बजे तक।
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 27/12/2024 को सांय 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 30/12/2024 को दोपहर 02:00 बजे ।

| क्र. | कार्य का नाम | तकनीकी स्वीकृत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क (डिमाण्ड ड्राफ्ट) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. लरंग साय चौक निर्माण कार्य | 12.83 | 10000.00 | 750.00 |

नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में अवलोकन किया जा सकता है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बलरामपुर
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

# चकाचौंध वाली लाइटें लगाने व यातायात नियमों के उल्लंघन पर 30 वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई








पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को अनाधिकृत चकाचौंध वाली लाइटें लगाने वाले, अत्यधिक रफ्तार से वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे ताकि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके। चकाचौंध वाली लाइटें, चाईनीज लाईटें लगाकर अत्यधिक रफ्तार से वाहन चलाना भी दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण में से एक है, क्योंकि ये लाइटें सामने से आने वाले वाहन चालकों की आंखों में सीधे पड़ती हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर शनिवार की रात्रि में चौकी खड़गवां पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई, जिसमें 30 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर अनाधिकृत लाईटें निकलवाई गई। चौकी खड़गवा पुलिस के द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए सभी स्टॉपरों की साफ-सफाई कराते हुए रेडियम पट्टी भी लगवाई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों और यातायात अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस अभियान को और सख्ती से जारी रखा जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके।

## नशीली दवा प्रदाय करने व परिवहन के मामले में थाना प्रतापपुर पुलिस ने 2 विधि विरूद्ध संषर्घरत् बालक सहित 3 को किया गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के कड़े निर्देश के बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की लगातार धरपकड़ का अभियान जारी है। यहीं नहीं नशे की सामग्री जप्ती के बाद उसके विक्रेता और क्रेता की भी गिरफ्तारी की जा रही है ताकि नशे की सप्लाई चैन को तोड़ा जा सके। थाना प्रतापपुर पुलिस के द्वारा नशीली दवाईयों के परिवहन की सूचना पर दबिश देकर मोटर सायकल सहित 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालकों को पकड़ा और पूछताछ के आधार पर नशीली दवाई सप्लायर एक व्यक्ति को भी धर दबोचा है। 06 दिसम्बर को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 डीई 0102 से अवैध नशीली दवाई लेकर जरही से प्रतापपुर की ओर आने वाले है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम केंवरा में घेराबंदी लगाया जहां उक्त मोटर सायकल में 2 व्यक्ति आते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर रोकते हुए मोटर सायकल सहित दो विधि विरूद्ध संघर्षरत बालकों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 30 नग नशीली कफ सिरप, 48 नग कैप्सूल एवं 60 नग टेबलेट जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 15 हजार रूपये है। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि नशीली दवाईयों को नमनाकला अम्बिकापुर निवासी निमिष गुप्ता से खरीदकर लाए है जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी निमिष गुप्ता पिता मोहनलाल गुप्ता, उम्र 44 वर्ष निवासी केशवगंज, थाना- सागर, जिला-सागर मध्यप्रदेश, वर्तमान निवासी नमनाकला थाना गांधीनगर, जिला सरगुजा (छ.ग.) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने नशीली दवाई की सप्लाई करना स्वीकार किया। मामले में नशीली दवाई व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# 14 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर ग्राम रेहटीखोल के पास सिंघोडा पुलिस द्वारा एक आरोपी के पास से 50 किलोग्राम गांजा जब्त किए जाने के लगभग 7 माह पूर्व के एक मामले में शोभना कोष्टा विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सरायपाली के द्वारा आरोपी को 14 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। मिली जानकारी अनुसार विगत 17 फरवरी 2024 को थाना सिंघोड़ा के द्वारा ग्राम रेहटीखोल के पास से एक जिप्सी वाहन क्रमांक आर जे 28 यूए 0760 से 50 किलोग्राम गांजा जब्त कर उसका परिवहन कर रहे आरोपी वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम पिलाना थाना कलानौर जिला रोहतक हरियाणा को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिवत् कार्यवाही करते हुए न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिस पर सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध पाए जाने पर न्यायाधीश कोष्टा के द्वारा गांजा परिवहन करने वाले आरोपी को 14 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। अभियोजन का संचालन देवेंद्र कुमार शर्मा विशेष लोक अभियोजक एनडीपीस के द्वारा किया गया था।




**सरायपाली।** नगर के पुराना सरकारी अस्पताल में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग जांच व परामर्श लिया गया। भीड़ की संख्या को देखते हुए आने वाले समय में पुनः शिविर आयोजित किया जाएगा।

# माओवादियों ने की निर्दोष ग्रामीण महिला की हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में एक सप्ताह में चार ग्रामीण की नक्सलियों हत्या कर दिये जिसमे दो पुरुष व दो महिलाएं शामिल है। वही आज ग्राम लोदेड़, पटेलपारा निवासी महिला यालम सुकरा पति यालम रामैया उम्र लगभग 40 वर्ष की दिनांक 07/12/2024 को माओवादियों के द्वारा अपहरण कर लोदेड़ से 03 किमी की दूरी पर बड़ें पहाड़ जंगल में ले जाकर गला घोंट कर हत्या की गई है।

घटना 07 दिसम्बर के प्रातः 09.30 बजे की है। मौके पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन मद्देड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है। जिसमें माओवादियों द्वारा उनके मूवमेंट की सूचना पुलिस को लगातार देने के कारण 18/11/2024 को ग्रेहाउण्ड से हुए Encounter में 07 माओवादियों के मारे जाने का जिक्र किया गया है। माओवादियों के द्वारा पर्चा में मृतिका पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करना लेख किया गया है। सूचना पर थाना मद्देड़ द्वारा शव कब्जे में लेकर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने सेलूद में किया लोकार्पण व भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com





ग्राम पंचायत सेलूद के द्वारा कराये गये विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह का आयोजन बाजार चौक सेलूद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। अध्यक्षता सरपंच खेमीन साहू व विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की जनता मंहगाई से त्रस्त है और सरकार अपने में मस्त है। किसान धान के टोकन के लिए परेशान हो रहे है समिति के कर्मचारी धान उठाव नहीं होने से परेशान है। टमाटर के सीजन में टमाटर सरकार के अदुरदर्शिता के चक्कर में जनता 40 से 50 रुपये में खरीद रहे है। क्योंकि हमारी सरकार में टमाटर सहित अन्य फसल लेने वाले उत्पादक किसानों को दस हजार की सब्सिडी मिलने से किसान उस खेत में टमाटर उगाते थे। लेकिन अब टमाटर सहित अन्य फसलों में सब्सिडी नहीं मिलने से किसान उन खेतों पर धान की फसल ले रहे है और टमाटर का रकबा कम होने से टमाटर का उत्पादन कम हो गया। जिससे टमाटर मंहगे हो गये है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को कम करने का कोई हल नहीं निकाल पा रही बल्कि जनता को महंगाई के दलदल में ले जा रही है। आत्मानंद स्कुल में गरीब परिवार के बच्चे निशुल्क पढते है जो कलेक्टर के अधीन था उसे शिक्षा विभाग के अधिन कर दिया गया। अब स्कुल आर्थिक रुप से कमजोर हो गया चाक डस्टर बिजली बिल व काम करने वाले सफाई कर्मचारी के लिए पैसे नहीं है। गाँव की महिलाओं को जो समुह के माध्यम से काम करती थी। उसे बंद कर उसे भी आर्थिक रुप से कमजोर कर दिया है। पाटन ब्लाक के सभी गांवों में हमारे कार्यकाल में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराये गये है।हमारी सरकार ने सुराजी गाँव के सपने को पुरा करने का पुरा प्रयास किया। पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने ग्राम सेलुद की जनता की ओर विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।वही ग्राम पंचायत सेलुद की सरपंच ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र साहू सचिव ने किया व प्रतिवेदन वाचन हुपेन्द्र साहू ने किया।

# प्रिज्म कॉलेज एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com




प्रिज्म कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी महकाखुर्द एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान से रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामकली यादव वरिष्ठ अधिवक्ता छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पूजा से हुआ।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर दस रघुवंशी एनएसएस समन्वयक छत्तीसगढ़ स्वामी टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई उपस्थित रहे। एचडीएफसी ब्रांच चरोदा की मैनेजर आलोक एवं उनकी टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रिज्म संस्थान के साथ अग्रसर होकर अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी रायपुर ब्रांच से देवेंद्र दुबे एवं उनकी टीम द्वारा समस्त जांच प्रक्रिया द्वारा रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस श्रृंखला में रक्त समूह रक्त शर्करा एवं रक्त ग्रुप का जांच भी किया गया। जिसमें प्रिज्म संस्थान के समस्त कर्मचारी गणों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया साथ ही रक्तचाप, हाइट वजन का भी मापन किया गया। जिसमें प्रिज्म कॉलेज के फार्मेसी विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने अपना सहयोग प्रदान किया जांच समूह में रुंगटा डेंटल कॉलेज द्वारा भी शिविर में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया जिसका मार्गदर्शन डॉक्टर कर्णिका डेंटिस्ट एवं उनकी टीम ने लोगों के दंत चिकित्सा से किया सेल्यूट हॉस्पिटल से डॉक्टर मानसिंह यादव जनरल फिजिशियन एवं मेकाहारा रायपुर से डॉक्टर मनीष यादव जनरल फिजिशियन ने भी अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शिविर में उपस्थित ग्राम महक खुर्द महक कल पंडोर भिलाई 3 उतई डुमरी एवं अन्य ग्रामीणों की निशुल्क चिकित्सा परामर्श कर अपना योगदान प्रस्तुत किया।

# खो-खो हमारे देश का पारंपरिक खेल है : ताम्रध्वज साहू



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम ऑलबरस में शहीद वीर नारायण खेल क्लब के नेतृत्व में राज्य स्तरीय खो - खो एवं मैराथन प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन से खेल प्रतिभा का विकास होता है। सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई दिया. आगे कहा की सभी खिलाडियों, क्रीडा अधिकारी, क्रीडा प्रभारी तथा कोच का स्वागत करते हुए कहा कि खो-खो हमारे देश के पारंपरिक खेलों में से एक है। यह केवल खेल नही बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। इससे खिलाडियों में कौशल, गति, रणनीति तथा टीम भावना विकसित होती है।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आरंभ में सभी अतिथियों ने विभिन्न स्थानों से पधारे खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, सरपंच आशा देशमुख, देवीसिंग देशमुख, शेषनारायण चन्द्रवंशी,रामशरण देशमुख, डाला देशमुख, संजय, राहुल, भारत यादव,राजा योगेंद्र भारती, सोनू, डोमेन्द्र, जय, भूपेंद्र, चोवा राम, ऋतिक सहित ग्रामीण जन, कोच,खिलाड़ी गण मौजूद थे।

## गायत्री दीप यज्ञ कर धर्मेन्द्र का मनाया जन्मदिन, बच्चों को लोवर, टी शर्ट वितरण



**सरायपाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर कन्या आश्रम के बच्चों व स्टाफके साथ गायत्री दीप यज्ञ आयोजन किया गया। विकास खंड के शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम बैदपाली में अध्यनरत पहली से पांचवी के बच्चों के साथ गायत्री दीप महायज्ञ कर कोसरिया के निज सहायक धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर का जन्मदिन मनाया गया साथ ही बच्चों को लोवर और टी शर्ट वितरण किया गया।इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है।

## उतई में होगा मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन

**उतई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का वार्षिक अधिवेशन उतई मे करने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन के लिए सभी सामाजिक लोगो द्वारा सर्वसम्मति से शासकीय दानवीर तुलाराम स्नाकोत्तर महाविद्यालय मैदान को चुना गया।

## 15 दिसंबर को पूर्णाहुति हवन और भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का होगा समापन

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



तहसीलपारा में रंग मंच के पास में श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई है। यह 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा रोजाना 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। शनिवार को 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई राम जानकी हनुमान मंदिर से कलश में गंगाजल ले जाया गया इसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। श्रीमद्भागवत कथा कथावाचक पंडित तोरण महाराज शर्मा कुरना कांकेर के द्वारा की जाएगी। 15 दिसंबर को पूर्णाहुति हवन और भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन किया जाएगा। इस 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक मिश्री लाल सीता साहू, लक्ष्मीनारायण निर्मला बाग, राकेश सुमन देवांगन, विजय पूर्णिमा श्रीवास वार्ड क्रमांक 04 तहसील पारा भानुप्रतापपुर है।

**श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम :** मार्गशीष शुक्ल पक्ष षष्ठी, 07 दिसम्बर, शनिवार शाम गोधुली बेला पर गौकर्ण पूजा, भागवत स्थापना, वेदी पूजा,मार्गशीष शुक्ल पक्ष सप्तमीं, 08 दिसम्बर, रविवार भागवत कथा प्रारंभ, परिक्षित जन्म, वराह अवतार, मार्गशीष शुक्ल पक्ष अष्टमीं/नवमीं, 09 दिसम्बर, सोमवार कपिल नारायण अवतार, सती चरित्र, मार्गशीष शुक्ल पक्ष दशमी, 10 दिसम्बर, मंगलवार ध्रुव - भरत चरित्र, नरसिंह अवतार,मार्गशीष शुक्ल पक्ष एकादशी, 11 दिसम्बर, बुधवार समुद्र मंथन, श्री कृष्ण अवतार, मार्गशीष शुक्ल पक्ष द्वादश, 12 दिसम्बर, गुरूवार बाल लीला, दही लूट, श्री कृष्ण - रूखमणी विवाह, मार्गशीष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, 13 दिसम्बर, शुक्रवार जरासंध वध, श्री कृष्ण - सुदामा प्रसंग,मार्गशीष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, 14 दिसम्बर, शनिवार परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा। मार्गशीष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, 15 दिसम्बर, रविवार गीतापाठ, हवन पूजा, सतधरा स्नान, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण होगा।

# कालागांव में ग्रामीणों ने विधायक से पुलिया निर्माण की रखी मांग, विधायक ने मौके का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



दुर्गुकोंदल के ग्राम कालागांव में तालाब किनारे नरेटी पारा पहुंच मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा पुलिया बनाने की मांग वर्षो से किया जा रहा है। नेरेटी पारा जाने वाली क्षतिग्रस्त पुलिया लोगों का सिरदर्द बन गई है। बारिश के मौसम में नाले के ओवरफ्लो होने से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार पहले वर्ष 2015,16 में पुलिया निर्माण के लिए टेंडर भी हो चुका था बावजूद इसके पुलिया का निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने कहा दुर्घटनाएं होती रहती है स्कूली बच्चे और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इसी रास्ते से होकर जाने को मजबूर है।

भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने मौके का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि नाला में लगे पाईप बहनें के कारण आने जाने में बेहद परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। बारिश के दिनो मे बच्चे स्कूल नही जा पाते है इस दौरान खतरा भी बना रहता है। उन्होनें बताया स्कूली बच्चे मजबूरी में इस रास्ते से आना जाना करते हैं। अधिक बारिश होने से कई दिनों तक उनकी पढ़ाई प्रभावित हो जाती है। उन्होंने विधायक से शीघ्र ही नाले का पुलिया निर्माण कराने की मांग की।

शोपसिंग आँचला ने बताया दुर्गुकोंदल के ग्राम कालागांव में तालाब के पास नरेटी पारा पहुंच मार्ग पर पुलिया बनाना बेहद जरूरी है। विधायक को अवगत कराया गया जिसके बाद वे मौके का निरीक्षण की है। पुलिया निर्माण की मांग करते हुए बताया की कालागांव से नरेटी पारा को यह रोड जोड़ता है। इसके बीच में नाला है जिसमें अस्थाई तौर पर पानी निकासी के लिए सीमेंट पाईप डाला गया था किंतु वह पानी में बह गया है। गांव के तथा अन्य क्षेत्र के ग्रामीणों को आने जाने के लिए यह सड़क एकमात्र साधन है इसका प्रयोग पुराने समय से करते आ रहे हैं। श्री आँचला ने बताया वर्ष 2015,16 में पुलिया निर्माण के लिए करीब 27 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी हुआ था उसके बाद भी अभी तक पुलिया नही बन पाया है।

# ठगी का ऐसा कारनामा, माइक्रो फाइनेंस से लोन राशि निकाल महिला को थमा दिया 10 प्रतिशत, बाकी हड़प ली राशि

## खरथुली के बाद नारागांव और किनारगोंदी की महिलाओं ने भी की शिकायत, अनुमान: करीबन 95 गावों की हजारों महिलाओं से 70 करोड़ से अधिक की ठगी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com





माइक्रो फाइनेंस कंपनीयों से महिलाओं महिलाओं के नाम पर लोन निकाल उन्हें सिर्फ 10 प्रतिशत भुगतान कर बाकी राशि की ठगी किये जाने की खबर से हड़कंप मच गया है। बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खरथुली में 38 महिला सदस्यों से बिजनेस लोन के नाम करोड़ो रूपये की ठगी का मामले सामने आने के बाद गुरुर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नारागांव और किनारगोंदी के 80 से अधिक महिलाओं ने लोन के नाम पर ठगी की घटना से हड़कम्प मच गया है। जिले में एक ही गिरोह व सिंडिकेट ने उक्त भी पीड़ित महिलाओं से इस करोड़ो की ठगी को अंजाम दिया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि गिरोह ने खरथुली, नारागांव व किनारगोंदी सहित आसपास के 92 से अधिक गांव में करीबन 70 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। जिसकी नामजद शिकायत महिलाओं ने गुरुर थाने में की है। जिसके बाद गुरुर पुलिस ने खोलबहरा कैतवर्य, सरिता करियाम सहित एक अन्य पुरूष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई हैं।

### जांच में होगा खुलासा, सिंडिकेट में है कितने मेम्बर

पीड़ित महिला दुर्गा मंडावी ने बताया कि उसने उसने 7 बैंक एक्सिस से 38 हजार, सूर्योदय से 40 हजार, इसाफबैंक से 40 हजार, एचडीएफसी बैंक से 50 हजार, द्वारा बैंक से 60 हजार रुपये निकाल सरिता करियाम को दिए है, जिसके बाद उन्होंने 10 प्रतिशत राशि दी, बाकी को किश्त पटाएँगे कहकर रख लिया, वही पुष्पा करियाम, दुर्गा बाई नेताम, अहिल्या तारम, मोनिका मण्डावी, सीता बाई ने बताया कि सरिता करियाम, खोलबाहरा कैवतर्य नामक व्यक्ति के द्वारा एजेंट बन बीएसएस माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड, एवीरल फाइनेंस, सूर्योदय स्माल फाइनेंस, सत्या माइक्रो कैपिटल, फुल्र्ट्रेन इंडिया, ग्राम शक्ति से 30 हजार से 2 लाख रुपये तक का लोन निकाला गया है और उन्हें 3 से 5 हजार थमाकर बाकी लोन के राशि को खोलबहरा के द्वारा किश्तों में बैंक को अदा करने की बात कहते हुए कुछ माह तक किश्त की राशि पटाने के बाद किश्त को बैंक में नही जमा किया गया। जिसके बाद अब सम्बंधित बैंक/फाइनेंस वाले महिलाओं को दबाव बना वसूली के लिए प्रताड़ित कर रहे है। बताया जा रहा है कि जो खोरबाहरा एक सिंडिकेट चलाता है, जिसमे महिला सरिता करियाम सहित और भी लोग शामिल है। जो भोले भाले महिलाओं को 4 से 5 हजार रुपये कमीशन का झांसा देकर उनके नाम से माइक्रो फाइनेंस बैंक से 30 हजार रूपये से लेकर 2 लाख रुपये तक लोन निकाल लिए, फिर सम्बंधित महिला को 3 से 5 हजार रुपये देकर किश्त पटाने की बात कहकर स्वंय बाकी के पैसो को रख लिए। अब यह पुलिस की जांच में खुलासा होगा, की इस सिंडिकेट में और कितने लोग शामिल है, और ये रैकेट कहा तक फैला हैं।

### 38 महिला सदस्य हुई धोखाधड़ी का शिकार

डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम खरथुली की महिलाओं ने 29 नवंबर को कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि 38 सदस्यों से बिजनेस लोन लेने के नाम पर सभी धोखाधड़ी की शिकार हुई हैं। महिला सदस्य डामिन बाई, हिरोन्दी बाई, गौरी बाई, दिनेश्वरी, अनुसुइया बाई, पूजा बाई, खेमिन बाई, ललिता बाई, बिन्दा बाई, फगनी बाई ने बताया कि वे विभिन्न बैंक एवं माइक्रो फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी, आईडीएफसी, एक्सिस, ग्रामशक्ति, अन्नपूर्णा, सूर्योदय, एवीरल सहित अन्य माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर खोलबहरा कैवतर्य को दिए है। खोलबहरा के द्वारा लोन की सभी किश्तों को अदा करने कहा गया था। किन्तु बीते माह से किश्त की राशि जमा नही हो रही है। जिसके बाद सभी महिलाओं इस खोलबहरा के निवास में जाकर मिलने की कोशिश की, लेकिन हमेशा घर से वह नदारद मिलता रहा। जिससे उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

### किराए के मकान में रह रहा, खरीदी कार

मिली जानकारी अनुसार खोलबहरा कैवतर्य पिता मंगलू राम कैवतर्य अपनी पत्नी निर्मला कैवतर्य करीबन 2-3 सालों से बालोद जिला मुख्यालय से लगे बायपास मार्ग पर ग्राम परेगुड़ा में प्रकाश साहू के मकान में किराए में रहता था। जो कि जांजगीर चाम्पा जिले में कटनई के हाऊस नम्बर 134 सिधादेव पहरिया पाट मन्दिर का रहने वाला हैं। अभी बीते दीपावली के आसपास घर खाली करके सामान साथ ले गया था। उसने मकान मालिक को बताया कि उसने बालोद में मकान बना लिया है, तो फिर आधे महीने के बीच में घर छोड़ दिया। वही गांव पर्रेगुड़ा के कुछ लोगों ने बताया की हमारे यहां के कुछ महिलाएं भी आधारकार्ड के माध्यम से खाता वगैरह खुलवाना व लोन संबंधी इसके झांसे में आए है। नारागांव की पीड़ित महिलाओं ने बताया कि खोलबहरा पहले उनके गांव बाइक से आता था, फिर कुछ माह बाद कार से आने लग गया। वही सरिता करियाम में झलमला-बालोद में 7 एकड़ जमीन भी खरीदी हैं।

गुरुर थाना में शिकायत आई है, जिसकी जांच की जा रही है, जनदर्शन में हुई ग्राम खरथुली के महिलाओं की शिकायत को भी दिखवा देते है, बैंक से लोन का मामला है, पूरी जांच कर ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।
**अशोक जोशी, एएसपी, बालोद**

माइक्रो फाइनेंस कंपनियों को लाइसेंस रिजर्व बैंक द्वारा प्रदान किया जाता है, इनकी यहां ब्रांच भी नही है, यहां सारा काम एजेंटों के जरिये होता है, स्मॉल बैंक/फाइनेंस की मॉनिटरिंग हमारे द्वारा की जाती है, कलेक्टर सर कहेंगे तो संचालित माइक्रो फाइनेंस संस्थानों की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।
**सौरभ जैन, लीड बैंक अधिकारी**

# बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 06 दिसम्बर दिन विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com









छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज द्वारा डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 06 दिसम्बर दिन विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सांस्कृतिक भवन पुराना बाज़ार से मोमबत्ती रैली पुराना बाज़ार शाहिद वीर नारायण सिंह चौंक दल्ली राजहरा पहुंची और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया समस्त बौद्ध समाज भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर वक्ताओं का वक्तव्य में बाबा साहेब के जीवन संघर्षो को याद करते हुए भारतीय संविधान पर विशेष चर्चा की गई बाबा साहेब जी के अनुयाइयों को अवगत कराया गया की नई शिक्षा नीति समाज के लिए अच्छी नहीं है निजी करण रोका जाए, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार पर प्रकाश डाला जाये। संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया जाये। भारत को भारत ही रहने दिया जाये सभी को समान हक अधिकार समता बंधुता न्याय मिले। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष रवि कुमार बारसागढ़े के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। जिसमें समाज के पदाधिकारियों समेत सभी सम्मानित बौद्ध उपासक एवं उपासिकाये उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता बारसागढ़े आई.एल. खोबरागड़े, बिसन कांडे, कुलदीप नोन्हारे और दिनदयाल रंगारी, कविता तिगोटे, आशा नोन्हारे, सोहन खड़से, भूपेश सहारे, प्रीतम त्रिपुरे, सत्यजीत पवार, मंजू बांबेश्वर, मंजू मेश्राम, मंजू उके, सुलोचना मेश्राम, कुसुम बोरकर, पविता चुनारकर, आंचल मेश्राम, मुस्कान बांबेश्वर, दिनेश उके, उत्तम उके एवं समस्त बौद्ध समाज का रवि कुमार बारसागढ़े ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ.बी.आर. अंबेडकर सिम्बल ऑफ नॉलेज, घटनापति, प्रज्ञासूर्य, नारियों के मुक्तिदाता, विश्वरत्न, भारत रत्न, शोषित पीड़ित के मसीहा, शिल्पकार, भारतीय संविधान निर्माता के यह समूचा समाज सदा सदा के लिए ऋणी रहेगा।

# फुलझर प्रीमियर लीग का आयोजन, 120 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



फुलझर क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पहली बार फुलझर प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम बैतारी के दीनाकाशी मैदान में किया जा रहा है। फुलझर क्रिकेट संघ और मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के सामूहिक प्रयास से यह टूर्नामेंट 4 से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जायेगा। आईपीएल की तर्ज पर होने वाले इस टूर्नामेंट में ड्यूज गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा, जो इसे और भी रोमांचक बनाएगा। इस टूर्नामेंट के प्रायोजक मित्र फिट क्लब होगा।

फुलझर क्षेत्र के खिलाड़ियों में इस टूर्नामेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सिर्फ दो दिनों में ही 120 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। पंजीकरण शुल्क के रूप में प्रत्येक खिलाड़ी से 1000 रुपये लिए गए हैं। खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के दौरान पहनने के लिए विशेष पोशाक भी प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों का विभाजन भी जल्द किया जाएगा। यह विभाजन खिलाड़ियों की भूमिकाओं जैसे बैट्समैन, विकेटकीपर, ऑलराउंडर और बॉलर के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए बैठकों का दौर जारी है। बैठक के लिए मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के सदस्य आशीष शनिकर, विकाश बेहरा, राजा साहू, मानस सेठ और उनके साथियों के द्वारा किस तरह से इस चयन प्रक्रिया को घर बैठे लाइव देखा जा सकता है, इस पर जोरो से तैयारी कर रहे हैं, जिससे दर्शकों को टूर्नामेंट की शुरुआत से ही जोड़े रखने का प्रयास किया गया है, आगामी टूर्नामेंट के रूपरेखा और सफल आयोजन के लिए भी मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के खिलाड़ी जोरो से तैयारी में लगे हुए हैं। अभी तक गिरजाशंकर स्वर्णकार (सिंघनपुर), उमाशंकर ध्रुव (दृश्यम), (बगाइजोर), नूराधन साहू (कलेंडा), रमेश चौधरी (सरायपाली), प्रदीप भोई (जंगलबेड़ा), धीरेन्द्र साहू (ताला बैतारी), सचिन शर्मा (दूधिपाली) तथा ओमप्रकाश मांझी (सरायपाली) द्वारा अपनी-अपनी टीमों को मैदान में उतारने के लिए तैयार हैं। फुलझर क्रिकेट संघ में पहले से पंजीकृत 50 से अधिक टीमों के खिलाड़ी और क्षेत्र के नागरिक इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों के लिए, बल्कि दर्शकों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव होगा। पिछले दिनों हुई बैठक में फुलझर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू ने पीसीएस के सदस्य सुनील साहू को एफपीएल का चेयरमैन नियुक्त किया, इस आयोजन में सुनील साहू का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। तथा इस आयोजन को पीसीएस परिवार के सभी सदस्य, खिलाड़ियों, ग्राम बैतारी के खिलाड़ियों और ग्राम वासियों के सहयोग से सफल बनाया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 21000 रुपये रहेगा। फुलझर क्रिकेट संघ के सचिव चूड़ामणि साहू ने बताया कि एफपीएल क्षेत्रीय क्रिकेट को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच प्रदान करेगा। फुलझर प्रीमियर लीग का उद्देश्य फुलझर प्रीमियर लीग का मुख्य उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें बड़े मंच के लिए तैयार करना है। ड्यूज गेंद के साथ खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट क्षेत्रीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# पत्रकार अपनी भारतीय संस्कृति संरक्षण का भी कार्य करें : आचार्य विहर्ष सागर



**धमतरी।** श्री दिगम्बर जैन शाश्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर में विराजमान आचार्य विहर्ष सागर महाराज ने 5 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे गायत्री नगर, महारानी फार्म जयपुर यात्रा संघ को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि सामुहिक रूप से यात्रा, स्वाध्याय, पूजा, विधान, भक्ति, आरती करने से असीम पुण्य का फल मिलता है। आचार्य ने कहा कि पत्रकार राष्ट्र के चौथे स्तंभ होते हैं। पत्रकारों को अपने अपने कार्य क्षेत्र के साथ साथ भारतीय संस्कृति संरक्षण का भी कार्य कराना चाहिए। सभी जैन पत्रकारों को संगठित होकर अपने तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण, संवर्धन, विकास में सहयोग करना चाहिए। जैन समाज, भामाशाहों को पत्रकारों का सम्मान व आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करना चाहिए। संघस्थ नीतू ने अवगत कराया कि आचार्य का संघ दिसम्बर के तृतीय सप्ताह में परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के आचार्य पट्टारोहण समारोह में शामिल होने हेतु इन्दौर की ओर विहार करेंगे। यात्रा संघ में प्रमुख रूप से अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, पुलक मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या, दिगम्बर जैन महासमिति टोंक रोड सम्भाग की अध्यक्ष मंजू सेवावाली, आदिनाथ रिलीफट्रस्ट के मंत्री अनिल टोंग्या, आदिनाथ महिला मंडल की धर्म मंत्री अनिता बड़जात्या, पुलक महिला जागृति मंच गायत्री नगर की महामंत्री रेखा झांझरी, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल गदिया, अनिल झांझरी, महावीर सेवा वाले आदि श्रेष्ठी उपस्थित थे।

# पोटियाडीह के युवक के आत्महत्या पर आक्रोश व्यक्त किया सनातन सेना ने



**धमतरी।** विगत दिवस धमतरी शहर के समीप स्थित ग्राम पोटियाडीह में एक युवक के धर्मांतरण के लिए दबाव में आने के पश्चात आत्महत्या करने के बाद धमतरी जिले के सनातन सेना ने इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए इसकी कड़ी निन्दा की। सनातन सेना की ओर से डाकेश्वर साहू ने बताया कि आज पूरे जिले में इस प्रकार का धर्मांतरण और प्रार्थना सभा का खेल खुलेआम चल रहा है। आज एक नौजवान युवक अपने परिवार और धर्म की रक्षा हेतु स्वयं के प्राणों की आहुति दे दिया गया। यह उसके परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सनातन सेना धमतरी ऐसे धर्मांतरण और प्रार्थना सभा के विरोध में एक सूत्रीय अभियान चलाएगी और प्रशासन से मांग करेगी कि ऐसे कार्य तुरंत बंद हो। सनातन सेना ने इस विषय पर गंभीरता से प्रशासन से चर्चा की और इस पर शीघ्रता से कार्यवाही की मांग की। साथ प्रशासन से ऐसे धर्मांतरण और प्रार्थना सभा पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्यवाही के लिए सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर सनातन सेना से दीपक सिंह ठाकुर, गौरव जैन, अभिषेक शर्मा, सत्यम सिन्हा, आशीष शर्मा, आयुष पात्रे, महेश सिन्हा, चित्रेश साहू, अमित सोना, नितेश साहू, आयुष कुमार, प्रतीक सुंदरानी, तुषार साहू आदि उपस्थित हुए।

# सम्मेद शिखर धार्मिक तीर्थ यात्रा सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




दिगम्बर जैन धार्मिक तीर्थ यात्रा संघ महारानी फार्म ने 28 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक पुलक मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या के नेतृत्व में सम्मेद शिखर, भुवनेश्वर उड़ीसा की धार्मिक यात्रा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यात्रा संघपति बीना टोंग्या के अनुसार यात्रा संघ में विशेष रूप से पुलक मंच परिवार के सदस्य संरक्षक अनिल जैन, पुलक मंच की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या, शाखा अध्यक्ष, अध्यक्षा महावीर मंजू, सेवा वाले शाखा महामंत्री अनिल रेखा झांझरी, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, अनिता बड़जात्या, समाजसेवी अनिल गदिया बयाना वाले आदि सभी ने सम्मेद शिखर, खण्ड गिरी, उदयगिरी, भुवनेश्वर, जगन्नाथपुरी, निमियाघाट आदि के दर्शन किये। यात्रा के दौरान मधुवन स्थित निर्माणाधीन गुणायतन का अवलोकन किया, विश्व प्रसिद्ध कोर्णाक सूर्य मंदिर के दर्शन किए। उक्त जानकारी बीना टोंग्या जयपुर राष्ट्रीय महामंत्री पुलक मंच द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# ब्लॉक स्तरीय खेल के आयोजन में पहुँचे विजय वर्मा

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



छुईखदान ब्लॉक के तहत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में ब्लाक स्तरीय शालेय खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। शुभारंभ के मौके पर जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, सरपंच ललित जंघेल, गेंदलाल जंघेल, मनहरण जंघेल, धनेश सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों ने मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर खेल का शुभारंभ किया। ततपश्चात विजय वर्मा ने विभिन्न संकुलों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक है। हर छात्र में किसी एक खेल का हुनर होता है। ऐसी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए स्पर्धा सबसे अच्छा मौका होता है। वर्मा ने खिलाड़ियों से कहा कि हारने पर निराश नही होना चाहिए बल्कि निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए। जिससे आने वाले समय में लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। मोतीलाल जंघेल ने खिलाड़ियों को जीत हार की चिंता न करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया।

# अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही मात्र दिखावा, बड़े माफियाओं खुली छूट

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com






रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) एवं अन्य संबंधित विभागों से कृषि योग्य भूमि को परिवर्तित किये जाने के बिना आदेश लिये वहां कालोनियों का निर्माण कोई नई बात नहीं है। पिछले लंबे समय से जमीन माफिया अवैध विकास कर शहर के स्वरूप को बिगाड़ने पर तुले हुए हैं। इसे लेकर समय समय पर मीडिया द्वारा शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया। लेकिन मिलीभगत के चलते ऐसी अवैध कालोनियां निर्माण कर दी गई। इन्हीं श्रृंखलाओं में पॉयनियर को मिली खबर के मुताबिक उसका समाचार प्रकाशित किया गया था जिसका असर यह रहा कि जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने बीते दिनों रूद्री स्थित पहनं 45 के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 298 में कालोनी बनाये जाने वाले पर कार्यवाही करते वहां सड़क के लिये बिछाये गये मुरूम को हटाया। इस कार्यवाही के बाद लोगों ने व्यंग्य कसना शुरू कर दिया कि जिला प्रशासन आखिर निम्न तबके के लोगों पर कार्यवाही करता है। लेकिन शहर में बाहु-बिल्डर, माफियाओं के द्वारा निर्मित कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास पर क्यों कार्यवाही नहीं करता है?

शहर एवं आसपास के अंचलों में यह कार्य मुस्तैदी के साथ चल रहा है। इन पर कार्यवाही नहीं होने को लेकर जागरूक लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि दिखावे के लिये जिला प्रशासन ऐसे निरीह व्यक्ति के ऊपर कार्यवाही करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करता है जबकि शहर एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों के आने-जाने वाले मार्ग पर धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग की जा रही है। ऐसा भी नहीं है कि इस अवैध प्लाटिंग को लेकर चलाई जा रही प्रक्रिया उनकी नजर में नहीं है। इसके बाद भी अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्यवाही नहीं होना अनेक संदेहों को जन्म देता है। जबकि कलेक्टोरेट के आसपास रूद्री मार्ग पर ऐसे अनेक स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के साथ साथ शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही है। उसके बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक की भांति ऐसे मामलों को नजरअंदाज करते हैं। या यूं कहना चाहिये कि इनके मिलीभगत के चलते ही ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हैं। गत दिनों इस खबर को पॉयनियर ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसे संज्ञान में लेते हुए विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने वहां जाकर निर्माणाधीन कार्य को रूकवाया और जमीन की पूर्व स्थिति पर लाकर खड़ा कर दिया। लेकिन इससे अवैध प्लाटिंग के बादशाह जैसे लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं होना भी आश्चर्यजनक विषय है। पिछले दिनों जिले के एक अधिकारी का स्थानांतरण हुआ। उनके स्थान पर नये अधिकारी का आगमन हुआ जिनके द्वारा अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास करने वालों से 10 रूपये स्क्वेयर फिट के हिसाब से भेंट पूजा की मांग की गई। यह मांग शहर के चौक चौराहों में चर्चित हुई जिसे लेकर भी जागरूक नागरिकों ने कहा कि जब अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास करने वालों से अधिकारी इस तरह सेटिंग कर रहे हैं तो यह निर्माण कार्य कहां से रूकेगा। इस अधिकारी के अधीन क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इसे लेकर जब उनसे पूछा गया कि इस पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है, तो उनका दो-टूक जवाब था कि मैं किसी भी तरह का ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं कर सकता। इन पर कार्यवाही करने का अधिकार नगर निगम को है। अधिकारी के इस बोल से यह बात साफ हो गई है कि उन्होंने वास्तव में अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं से सेटिंग कर ही अपने आप को इस कार्यवाही से पृथक रखा है जिससे यह बात भी साफ है कि शहर में अवैध प्लाटिंग करने वाले खुले रूप से निर्माण कार्य करते रहेंगे। इस कार्य से रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण का कानून का उल्लंघन होता है। दूसरी ओर ऐसे अवैध प्लाटिंग से शहर का स्वरूप बिगड़ गया है और यही कारण है कि वर्षा के दिनों में पानी की निकासी आसानी से हो जाया करती थी परंतु अब बेतरतीब अवैध निर्माण के चलते बारिश के पानी की निकासी न होकर वह राष्ट्रीय राजमार्ग में घंटों ठहर जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि रूद्री, करेठा, गंगरेल, विवेकानंद कालोनी, गोकुलपुर, रूद्री मार्ग, हरफतराई, कॉलेज रोड इत्यादि क्षेत्रों में लगातार अवैध प्लाटिंग की शिकायतें मिल रही हैं। इस बात की जानकारी संबंधित विभाग को होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती। बस दिखावे के लिये रूद्री पहनं 45 के अधीन की गई कार्यवाही से सारी औपचारिकताएं पूरी कर यह मान लिया जाता है कि अवैध प्लाटिंग का खेल खत्म हो गया। जबकि वास्तविकता यह है कि शहर का ऐसा कोई ईलाका अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण से सुरक्षित नहीं है। जिन पर कार्यवाही की मांग भी लंबे समय से चली आ रही है। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी की चुप्पी भी अनेक संदेहों को जन्म दे रही है। यदि ये चाहें तो शहर के क्षेत्रों में होने वाली अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास को तत्काल रोका जा सकता है। लेकिन उक्त अधिकारी के द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। यही कारण है कि उनके अधिनस्थ अधिकारी भी अब ऐसे भूमाफियाओं से 10 रूपये प्रति स्क्वेयर फिट के हिसाब से भेंट पूजा मांगकर यह प्रमाणित कर दिये हैं कि अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा। अनेक जागरूक लोगों ने राजस्व मंत्री से इस ओर ध्यान देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिछले माह धमतरी आगमन पर मंत्री, सांसद ने अवैध प्लाटिंग को लेकर कार्यवाही का निर्देश दिया था। लेकिन वे बोले और चले गये, उसके बाद उनकी बातों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है।

# अस्पतालों में बढ़ती जा रही हिंसा की दुखद घटनाएं सम्मान सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रही विडम्बनाएं

■ भाटापारा के निजी अस्पताल मे अस्पताल स्टाफ के साथ मारपीट की घटना

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जनमानस की सेवा एवं सुविधा के लिए बहुत सारे प्रकल्प स्थापित है तथा सबकी अपनी अहम महत्ता है, लेकिन चिकित्सीय सेवा एक ऐसा प्रकल्प है जिसे सर्वोच्च गरिमा एवं महत्ता प्राप्त है, जीवन रक्षा से जुड़े इस प्रकल्प को भगवान का दर्जा प्राप्त है, लेकिन कुछ वर्षो से इस अत्यंत महत्वपूर्ण संवेदनशील प्रकल्प में सम्मान एवं सुरक्षा की स्थिति दांव पर लगती हुई प्रतीत हो रही है, तथा चिकित्सकों की सुरक्षा एवं सम्मान पर सवालिया निशान खड़ा होने के साथ ही इस प्रकल्प में सुचिता को लेकर समाज में चिंता की लकीरें खींचती हुई प्रतीत हो रही है।

**हिंसा की निरंतर बढ़ती घटनाएं :** देश एवं दुनियां ने कोरोना का वह भयावह दौर भी देखा जब निकट से निकट संबंधी में पीड़ित के समीप आने में परहेज करने लग गये थे, ऐसे विकट हालात में स्वास्थ्य प्रकल्प एवं चिकित्सक ही थे जो मरीज की जान बचाने जी जान से जुटे हुए नजर आये, ताली एवं थाली के साथ उनका सम्मान उनके प्रति इसी कृतज्ञता का भाव था, लेकिन यह कृतज्ञता एवं सम्मान का भाव स्थायी रहने के बजाय अस्थायी रहता हुआ साबित हो रहा है और अस्पताल परिसर में घटती निरंतर हिंसा की घटनाएं यही बयां कर रही है कि क्षणिक भावना एवं आवेश में जनमानस अत्यंत प्रतिष्ठित प्रकल्प की अवमानना करने से भी गुरेज नहीं कर रहा है, इस परिस्थिति पर आज चिंता एवं चिंतन की नितांत आवश्यकता है क्योकि इसके चलते चिकित्सक गण अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए खुल कर कार्य करने में बाधा महसूस कर रहें है जिसका खामियाजा अन्तोगत्वा मरीजों के ही भुगतने की संभावना बढ़ रही है।

**भाटापारा अस्पताल में हिंसक घटना :** जानकारी मिली है कि दो दिन पहले शहर के एक निजी अस्पताल में जहर खुरानी के मरीज के साथ उनके परिजन एवं संबधित जन आये, मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए हास्पिटल स्टाफ ने जानकारी दी कि डाक्टर शहर से बाहर है, डाक्टर के अनुपस्थिति रहने की जानकारी ही विवाद का कारण बनी एवं जानकारी मिल रही है कि मरीज के परिजनों एवं दोस्तों द्वारा अस्पताल स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा मारपीट जैसी हिंसक घटना की जानकारी मिल रही है।

**चिकित्सक द्वारा शोसल मीडिया में दर्द बयां :** उपरोक्त घटना से जहां समूचा अस्पताल स्टाफ भयभीत महसूस कर रहा है वहीं इस घटना से आहत चिकित्सक द्वारा शोसल मीडिया में अपना दर्द बयां करते हुए उपरोक्त आचरण पर दुख एवं क्रोध व्यक्त करते हुए उनका यही कहना है कि कोरोनाकाल में सेवा एवं समर्पण भाव से हमारे द्वारा तब कार्य किया गया जब सभी ने अपने हाथ खड़े कर दिए, उपरोक्त कथन यही एहसास कराता है कि विपदा में चिकित्सकीय योगदान का अपमान के रुप में सिला मिल रहा है, वहीं ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा अब रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवा देने में भी असमर्थता की स्थिति होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, ऐसे हालात जहां शासन प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिम्मेंदारियों के अभाव को इंगित कर रही है, वहीं समाज की बिगड़ती मनोवृति जिसके चलते क्षणिक आवेश एवं अधीरता के चलते हिंसक आचरण की ओर भी इशारा कर रही है, कहा जाता है कि घटनाएं सबक देती है एवं सुधार एवं सीखने की ओर प्रेरित करती है, अब देखना यही है कि उपरोक्त घटना से शासन प्रशासन चिकित्सीय परिसर में सुरक्षा को लेकर कितना संजीदा होता हुआ नजर आता है, वही समाज मे बढ़ती हिंसक मनोवृति के मद्देनजर निराकरण के लिए किस तरह की पहल के दर्शन होते है।

## पॉवर कंपनीज बैडमिंटन स्पर्धा का फाइनल जीता रायपुर रीजन ने

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर रीजन विजेता रहा। टीम इवेंट में कोरबा वेस्ट की क्षेत्र उपविजेता रही। पुरस्कार वितरण समारोह कल 9 दिसंबर को कंचना स्थित निजी कोर्ट में होगा, जिसमें प्रबंध निदेशक गण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनीज की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान से आयोजित अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 10 टीम हिस्सा ले रही हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि टीम इवेंट के प्रतियोगिता में रायपुर रीजन एवं कोरबा वेस्ट के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। रायपुर की टीम ने 12 वर्षो की चैंपियन कोरबा वेस्ट की टीम 03-02 से पराजित किया। विजेता टीम के खिलाड़ी योहन नायक, राजेश ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर, के गिरीश व नवीन इक्का ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कोरबा वेस्ट के खिलाड़ी अविनेष पाठक, सीमांत मिंज, एम जोशी, नरेंद्र उइके एवं गौरव गुप्ता ने कांटे की टक्कर दी। सोमवार को महिला एकल में झरना लता साहू व संध्या रानी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। महिला युगल का फाइनल कोरबा पूर्व और रायपुर सेंट्रल के बीच होगा। पुरूष युगल का मुकाबला रायपुर सेंट्रल व बिलासपुर क्षेत्र की टीम के बीच कल खेला जाएगा।

## ढाबाडीह एवं सिद्धबाबा में लाखो के विकास कार्यो का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन



**भाटापारा।** भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम ढ़ाबाडीह एवं सिद्धबाबा में लाखो के विकास कार्यो का लोकार्पण- भूमिपूजन उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया। ढाबाडीह में लोकार्पण-नवनिर्मित सुघ्घर हटरी, रंगमंच, प्राथमिक शाला स्कूल सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक, भूमिपूजन- सी.सी.रोड निर्माण कार्य साथ ही सिद्धबाबा में लोकार्पण-सामुदायिक भवन, सुघ्घर हटरी, प्राथमिक शाला, स्कूल सौंदर्यीकरण, प्योर ब्लाक, भूमिपूजन- सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403